लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

लखनऊ
वर्षः 15 | अंकः 15
मूल्यः ₹ 3.00/-
पेज : 12+1 (वेब संस्करण)
मंगलवार | 24 अक्टूबर, 2023



**विजयादशमी** की हार्दिक शुभकामनाएं

## दिल्ली-नोएडा की हवा खतरनाक हुईः राजधानी का एक्यूआई 306 पहुंचा, मुंबई में स्मॉग, भोपाल सबसे बेहतर

# प्रदूषण अलर्ट!

## दिल्ली हो या नोएडा, एक्यूआई अभी से 300 पार... हवा में घुले जहर से जलने लगीं आंखें

**अस्थमा का अटैक होने के साथ-साथ ब्लड प्रेशर बढ़ने और हार्ट अटैक का भी है खतरा**

**डॉक्टरों की सलाह, इन दिनों सुबह-शाम सैर और खुले में व्यायाम कर दें बंद**

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

ठंड शुरू होने से पहले दिल्ली-नोएडा में हवा खतरनाक होने लगी है। सिस्टम ऑफ एयर क्वालिटी एंड वेदर फोरकास्टिंग एंड रिसर्च के मुताबिक, सोमवार सुबह दिल्ली में 306 एक्यूआई दर्ज की गई है। एयर क्वालिटी इंडेक्स में इसे इंसानों के लिए बहुत खराब माना जाता है। दिल्ली की हवा खराब से बहुत खराब की श्रेणी में पहुंच गई है। रविवार दोपहर को एक्यूआई 302 पर पहुंच गया, जो सोमवार सुबह 4 पाइंट बढ़कर 306 हो गया। शनिवार को यह 173 थी, जो रविवार सुबह को अचानक से बढ़कर 266 हो गई। सोमवार को दिल्ली यूनिवर्सिटी के आस-पास हवा की गुणवत्ता एक्यूआई 330 और इंडिया गेट पर एक्यूआई 266 दर्ज की गई। वहीं नोएडा में सोमवार सुबह आसमान में स्मॉग की मोटी परत जमा हो गई। यहां एक्यूआई 322 दर्ज की गई। इसके अलावा मुंबई में भी हवा मध्यम दर्जे पर पहुंच गई। यहां सुबह एक्यूआई 127 तक पहुंच गया था। भोपाल का एयर क्वालिटी इंडेक्स सोमवार को 33 रहा। यानी भोपाल की हवा सबसे बेहतर है।

### दीपावली, दशहरा और पराली का ध्यान रखना होगाः राय

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली में ठंड बढ़ने लगी है और हवा की गति कम हो गई है, इससे प्रदूषण में बढ़ोतरी हो सकती है। साथ ही आस-पास के राज्यों के पर्यावरण मंत्रियों ने आश्वासन दिया है कि पराली जलाने पर कार्रवाई की जाएगी। राय ने कहा कि दीपावली, दशहरा और पराली का ध्यान रखना होगा। अगले 10 से 15 दिन दिल्ली के लिए महत्वपूर्ण हैं।

### मुंबई में हवा मध्यम श्रेणी में बनी हुई

सोमवार को मुंबई की हवा को मध्यम श्रेणी में आंका। सोमवार सुबह शहर की हवा की गुणवत्ता 127 एक्यूआई दर्ज की गई, जबकि पिछले हफ्ते मंगलवार को 115 एक्यूआई दर्ज की गई थी। इस महीने की शुरुआत में शहर की हवा अच्छी श्रेणी में आंकी गई थी। एक्सपर्ट्स के मुताबिक हवा की क्वालिटी बिगड़ने का कारण शहर में बढ़ती गर्मी है। एक हफ्ते तक शहर का औसतन तापमान 32 से 34 डिग्री के बीच रहा, जिसके कारण हवा की क्वालिटी मध्यम श्रेणी में आ गई।

### मुंबई में लापरवाही बरतने वालों का काम बंद करने की चेतावनी

बीएमसी ने चेतावनी दी थी कि अगर धूल और प्रदूषण रोकने के उपाय नहीं किए गए तो वह उन कंस्ट्रक्शन साइट को बंद करवा देगी जो नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। एक ऑफिशियल नोटिस में नगर निगम आयुक्त इकबाल सिंह चहल के हवाले से कहा गया कि वर्तमान में शहर में 6 हजार साइटों पर निर्माण कार्य चल रहा है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों से पता चला है कि दिन के दौरान शहर में कई स्थानों पर वायु गुणवत्ता सूचकांक यानी एक्यूआई 200 (खराब) से ऊपर था। जिसके बाद नगर निगम आयुक्त ने कहा कि, सभी साइट पर मानकों का पालन हो। जो लापरवाही बरत रहे हैं उनका निर्माण रोक दिया जाएगा, चाहे वह निजी हो या सरकारी काम।

### ...तो 400 के पार पहुंच जाएगा एक्यूआई!

सोमवार सुबह से ही नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में धुंध की एक चादर देखने को मिली है। प्रदूषण विभाग के अधिकारियों के मुताबिक आने वाले तीन दिनों में वायु प्रदूषण से राहत मिलने की उम्मीद नहीं दिखाई दे रही है। एक्यूआई 400 के पार पहुंचाने की उम्मीद है।

### प्रदूषण से बचाव के तरीके

- सुबह शाम सैर न करें।
- घर में अगरबत्ती, धूपबत्ती, लकड़ी इत्यादि न जलाएं।
- घरों की खिड़कियां बंद रखें।
- घर से बाहर निकलने पर एन 95 व पी 100 मास्क का इस्तेमाल करें।
- मास्क के बगैर घर से बाहर न निकलें।
- ठंडी चीजें न खाएं।

“

जब एयर क्वालिटी इंडेक्स बेहद खराब श्रेणी में पहुंचने पर सांस के मरीजों के फेफड़े में सूजन हो जाती है। इस वजह से खांसी, बलगम बनना, सीने में दर्द व सांस फूलने के लक्षण बढ़ जाते हैं। पहले से स्वस्थ कुछ लोगों को भी सांस की परेशानी होने लगती है। इसलिए सांस मरीजों व बुजुर्गों को प्रदूषित वातावरण में बाहर नहीं निकलना चाहिए। बच्चों को भी बेवजह घर से बाहर निकलने से परहेज करना चाहिए।
-डॉ. बाडी भालोत्रा, चेस्ट मेडिसिन विशेषज्ञ, गंगाराम अस्पताल

दिल्ली में 13 प्रदूषण हॉट स्पॉट हैं। आज, शादीपुर, मंदिर मार्ग, पटपड़गंज, सोनिया विहार और मोती बाग सहित आठ अन्य बिंदुओं पर स्थानीय कारणों से एक्यूआइ स्तर 300 से पार देखा गया। प्रदूषण के स्रोतों की पहचान और निरीक्षण के लिए इन स्थानों पर विशेष टीमें तैनात की जाएंगी।
-गोपाल राय, दिल्ली के पर्यावरण मंत्री

### मुख्य बातें

- 13 हॉट स्पॉट के अलावा आठ और ऐसी जगहों की पहचान की गई है जहां एक्यूआइ ज्यादा रहता है। जैसे- शादीपुर, आइटीओ, सोनिया विहार, मंदिर मार्ग, मेजर ध्यानचंद स्टेडियम आदि।
- इन सभी जगहों पर स्पेशल टीम निगरानी करेगी। जो भी कारण हैं, उनकी पहचान कर उन्हें दूर करने का काम किया जाएगा।
- सभी डीसी को निर्देश दिया गया है कि 25 अक्टूबर को वे ग्राउंट पर विजिट करेंगे और प्रदूषण की रोकथाम के लिए किए जा रहे उपायों में तेजी लाएंगे।
- पानी के छिड़काव में धूल दबाने वाला पाउडर मिलाया जाएगा ताकि ज्यादा देर तक प्रदूषण थमा रहे।
- दिल्ली में चल रहे डीजी सेटस की भी निगरानी शुरू की जाएगी। जो नियमों का पालन नहीं कर रहे, उन पर कार्रवाई की जाएगी।
- यातायात जाम वाले -91 प्रमुख बिंदुओं को लेकर ट्रैफिक पुलिस को निर्देश दिया गया है कि यहां पर प्रदूषण कम करने के लिए प्रयास करे और डीपीसीसी को रिपोर्ट भी दे।
- मेट्रो की फ्रीक्वेंसी को बढ़ाया जाएगा। यानी मेट्रो के फेरे बढ़ाए जाएंगे। डीटीसी को भी अधिक बसें उतारने के लिए निर्देश दिया गया है।
- आज हमने सभी विभागों के सचिवों को बुलाया था, लेकिन कोई भी नहीं आया। मेरा उन सभी से निवेदन है कि मौजूदा समय में सक्रिय हो जाएं, क्योंकि उनकी सक्रियता के बगैर नीचे के स्तर पर काम नहीं हो पाएगा।
- दिल्लीवासियों को भी मोर्चा संभालना पड़ेगा। केवल सरकार के भरोसे ही प्रदूषण से जंग जीतना संभव नहीं है। इसके लिए सभी का सामूहिक सहयोग चाहिए।



## आतंकियों के मनसूबों पर पानी फेरेंगीं महिला कमांडोज

### जल्द ही उत्तर प्रदेश में देश की पहली महिला कमांडो बटालियन की तैनाती होने जा रही है

- यह महिला बटालियन स्पेशल कमांडोज का एक दस्ता होगा जो किसी भी तरह की चुनौती का सामने करने में सक्षम होगा
- महिला कमांडोज को यूपी पुलिस ट्रेनर के साथ बीएसएफ, सीआरपीएफ और एनएसजी के अधिकारी भी ट्रेनिंग दे रहे
- आतंकी घटनाओं से निपटने और देश की सुरक्षा के लिए देश की पहली महिला कमांडो बटालियन यूपी में बनाई जा रही है

जन एक्सप्रेस। डॉ.वैभव शर्मा



**लखनऊ।** महिलाओं को सशक्त बनाने और आतंकी गतिविधियों में बढ़ती महिलाओं की भागीदारी और उनके मंसूबों को नाकाम करने के लिए जल्द ही यूपी में देश की पहली महिला कमांडो बटालियन की तैनाती होने जा रही है। यह महिला बटालियन स्पेशल कमांडोज का एक दस्ता होगा जो किसी भी तरह की चुनौती का सामने करने में सक्षम होगा। महिला कमांडो को यूपी पुलिस ट्रेनर के साथ बीएसएफ, सीआरपीएफ और एनएसजी के अधिकारी भी ट्रेनिंग दे रहे हैं। आतंकी घटनाओं से निपटने और देश की सुरक्षा के लिए देश की पहली महिला कमांडो बटालियन उत्तर प्रदेश में बनाई जा रही है। उत्तर प्रदेश देश का पहला ऐसा राज्य होगा जहां, आतंकी गतिविधियों से निपटने के लिए महिला कमांडो की तैनाती हो सकती है। इन महिला कमांडो का इस्तेमाल आतंकी घटनाओं के साथ-साथ अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए भी किया जाएगा। इसीलिए इनको एनएसजी- एसपीजी के जैसे ट्रेनिंग दी जा रही है।

### चलाएंगी एमपी 5, एके -47 जैसे खतरनाक हथियार

यूपी एटीएस के स्पेशल पुलिस ऑपरेशन टीम के सेंटर पर 30 महिला कमांडो की एक टीम बनाई जा रही है। 6 महिला कमांडो को पुरुष कमांडो के हर बैच में लिया गया है। ऑपरेशन के दौरान गलॉक पिस्टल, एमपी 5, एके -47 जैसे खतरनाक हथियार चलाना हो या फिर किसी बंद कमरे में छिपे आतंकियों को दबोचने की चुनौती, ये महिला कमांडो हर कठिन परिस्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं।

### सिविल पुलिस और पीएसी से चयन

उम्मीदवारों को यूपी की महिला कमांडो में शामिल होने से पहले कठिन परीक्षा से गुजरना पड़ा। अधिकारियों की एक टीम ने सिविल और पीएसी में तैनात कुछ महिला कांस्टेबल को इस ट्रेनिंग के लिए चुना था। एनएसजी-एसपीजी की तरह ही यूपी एटीएस की महिला कमांडो टीम भी वीआईपी सुरक्षा में तैनात हो सकती हैं।



### अवकाश सूचना

आप सभी को बुराई पर अच्छाई की विजय के प्रतीक विजयादशमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं, इस अवसर पर जन एक्सप्रेस के प्रेस एवं कार्यालय में दिनांक 24.10.2023 को अवकाश रहेगा अतः अगला अंक 26.10.2023 को प्रकाशित होगा।
-संपादक

## समर्थकों ने गलत दिन पर दी अखिलेश यादव को जन्मदिन की बधाई, बताया देश का भावी पीएम

जन एक्सप्रेस । लखनऊ




अखिलेश यादव का जन्मदिन एक जुलाई को होता है। लेकिन उनके समर्थक ने सोमवार को उनको जन्मदिन की बधाई देने वाले पोस्टर सपा कार्यालय के बाहर लगवा दिया। यह पोस्टर शहर भर में सुखियां बटोर रहे हैं। इस बारे में जब सपा के नेताओं से बात की गई तो उन्होंने कहा कि आज अखिलेश का जन्मदिन नहीं है लेकिन समर्थक किसी भ्रम की वजह से उनका जन्मदिन मना रहे हैं। उन्होंने बताया कि अखिलेश यादव का जन्मदिन जो कि एक जुलाई को होता है वह कुछ ही महीने पहले गुजर चुका है। आज पार्टी की ओर से किसी प्रकार का संदेश नहीं दिया है। ना ही ऐसा कोई आयोजन किया जा रहा है। सपा कार्यालय के बाहर लगे इन पोस्टरों में अखिलेश यादव को भावी पीएम को रुप में भी दिखाया गया है। उन्हें भविष्य का पीएम कहकर संबोधित किया गया। इस बारे में भी पार्टी प्रवक्ता ने कुछ भी बोलने से मना कर दिया। सपा प्रवक्ता ने कहा कि यह समर्थकों का उत्साह है कि वह अपने नेता को किस रुप में देखें। हालांकि अखिलेश किसी तरह का जन्मदिन नहीं मना रहे हैं। वह हरिद्वार गए हुए हैं। सपा कार्यालय में लगे एक और पोस्टर में आगरा एक्सप्रेस को दिखाया गया है। इस पोस्टर में अखिलेश एक्सप्रेस की तरफ मुंह किए खड़े हैं। उसके पीछे जनता खड़ी हुई है। बदला है यूपी बदलेंगे देश थीम पर लगे इस पोस्टर की शहर में खूब चर्चाएं हो रही हैं।

## नहीं रहे पूर्व क्रिकेटर बिशन सिंह बेदी, प्रधानमंत्री मोदी ने जताया दुख

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान बिशन सिंह बेदी का सोमवार को निधन हो गया। उन्होंने 77 साल की उम्र में आखिरी सांस ली। भारत के लिजेंडरी लेफ्ट आर्म स्पिनर बेदी ने 1967 और 1979 के बीच भारत के लिए 67 टेस्ट खेले और 266 विकेट लिए। वहीं, 10 वनडे मैचों में सात विकेट भी हासिल किए। 70 के दशक में बेदी भारतीय टीम की फेमस स्पिन चौकड़ी का हिस्सा थे। इसमें इरापल्ली प्रसन्ना, बीएस चंद्रशेखर और एस वेंकटराघवन बेदी के साथ थे। बेदी सचिन तेंदुलकर को अपने बेटे की तरह मानते थे। बेदी की किताब सरदार ऑफ स्पिन में तेंदुलकर ने लिखा कि बेदी 1990 के समय जब भारतीय टीम के कोच थे तब वह



नेट्स पर सख्ती से पेश आते थे। नेट्स के बाहर वह मुझे अपने बेटे की तरह मानते हैं। सरदार ऑफ स्पिन किताब बिशन सिंह की बेटी नेहा बेदी ने लिखी थी।

### भारत के लिए 67 टेस्ट खेले

बेदी ने भारत के लिए 67 टेस्ट मैच खेले। इस दौरान उन्होंने 266 विकेट लिए। बेदी का जन्म 25 सितंबर 1946 को अमृतसर में हुआ। उन्होंने दिल्ली की ओर से 370 फर्स्ट क्लास क्रिकेट मैच खेले। बेदी ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 1560 विकेट लिए। 30 अगस्त 1979 को बेदी ने इंग्लैंड के खिलाफ अपना आखिरी इंटरनेशनल मैच खेला।

### बेदी आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेंगेः पीएम मोदी

पीएम नरेंद्र मोदी ने बेदी के निधन पर ट्वीट किया। मोदी ने लिखा कि, बिशन सिंह बेदी के निधन की खबर दुखद है। क्रिकेट के लिए उनका जुनून और भारतीय क्रिकेट में उनका योगदान अहम हैं। बेदी आने वाली आने वाली पीढ़ियों को भी लगातार प्रेरित करते रहेंगे।

### 22 टेस्ट मैचों में कप्तानी

बेदी ने 22 टेस्ट मैचों में भारत की कप्तानी की। इनमें टीम इंडिया को 6 में जीत और 11 में हार मिली। 5 टेस्ट ड्रॉ रहे थे। वनडे क्रिकेट में उन्होंने 4 मैचों में कप्तानी की। इसमें भारत को 1 में जीत मिली और 3 में हार झेलनी पड़ी।

### मशहूर स्पिनर चौकड़ी का थे हिस्सा

बेदी ने भारत के लिए 1966 से 1979 तक टेस्ट क्रिकेट खेला था। वह भारत की मशहूर स्पिन चौकड़ी का हिस्सा रहे हैं। उनके अलावा इसमें इरापल्ली प्रसन्ना, श्रीनिवास वेंकटराघवन और भागवत चंद्रशेखर थे। चारों ने मिलकर 231 टेस्ट खेले और 853 विकेट हासिल किए।

कानपुर एक्सप्रेस



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें

## सीएम योगी ने पांव पखार किया कन्या पूजन, बोले मातृशक्ति के प्रति सम्मान जरूरी

- 9 कन्याओं के पांव पखारे, चुनरी ओढ़ाई और अपने हाथों से परोसा भोजन

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर



गोरखपुर में सीएम योगी ने शारदीय नवरात्रि की महानवमी पर कन्या पूजन किया। योगी ने सबसे पहले गोरखनाथ मंदिर के अपने आवास के शक्तिपीठ में सुबह देवी दुर्गा के 9वें रूप मां सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना की। इसके बाद गोरक्षपीठ की परंपरा के तहत कन्या पूजन का अनुष्ठान शुरू हुआ। कन्याओं के पांव पखारे और उनका आशीर्वाद लिया। पीतल के थार में योगी ने देवी की 9 रूपी कन्याओं और बटुक भैरव के एक-एक कर पांव पखारे। दुर्गा सप्तशती के मंत्रोच्चार के बीच उनके माथे पर रोली, चंदन, दही, अक्षत और दूब (दुर्वा) का तिलक लगाया। माला पहनाकर, चुनरी ओढ़ाकर, उपहार और दक्षिणा देकर कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद इन कन्याओं को मंदिर की रसोई में पकाया गया ताजा भोजन प्रसाद योगी ने अपने हाथों से परोसा। इन नौ कन्याओं के अलावा बड़ी संख्या में पहुंची कन्याओं और बटुकों (कुंवारे लड़के) की भी योगी ने पूजा की। योगी हर साल नवरात्रि में 9 दिन का व्रत रखते हैं। साथ ही चैत्र और शारदीय नवरात्रि में गोरखनाथ मंदिर में विशेष पूजा भी करते हैं। वहीं, आज यानी मंगलवार को विजयादशमी की शाम परंपरा के अनुसार गोरखनाथ मंदिर से गोरक्षपीठाधीश्वर की शोभायात्रा धूमधाम से निकाली जाएगी। पीठाधीश्वर गुरु गोरक्षनाथ का आशीर्वाद लेकर अपने वाहन पर योगी सवार होंगे। तुरही, नगाड़े और बैंड बाजे की धुन के बीच गोरक्षपीठाधीश्वर की शोभायात्रा मानसरोवर मंदिर पहुंचेगी। गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ गोरक्षपीठ से जुड़े मानसरोवर मंदिर पर देवाधिदेव महादेव की पूजा करेंगे। इसके बाद उनकी शोभायात्रा मानसरोवर रामलीला मैदान पहुंचेगी। यहां चल रही रामलीला में वह प्रभु श्रीराम का राजतिलक करेंगे। इसके साथ ही प्रभु श्रीराम, माता जानकी, लक्ष्मण और हनुमानजी का पूजन कर आरती भी उतारी जाएगी। यही नहीं, विजयादशमी के दिन गोरखनाथ मंदिर में होने वाले पारंपरिक तिलकोत्सव कार्यक्रम में गोरक्षपीठाधीश्वर योगी श्रद्धालुओं को आशीर्वाद भी देंगे। शाम को गोरखनाथ मंदिर में परंपरागत भोज का भी आयोजन होगा, जिसमें अमीर-गरीब और जाति-मजहब के विभेद से परे बड़ी संख्या में सर्वसमाज के लोग शामिल होते हैं।

### लगेगी संतों की अदालत, दंडाधिकारी होंगे गोरक्षपीठाधीश्वर योगी

गोरक्षपीठ में विजयादशमी का दिन एक और मायने में भी खास होता है। इस दिन यानी मंगलवार को यहां संतों की अदालत लगेगी। दंडाधिकारी की भूमिका में होंगे गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ। नाथपंथ की परंपरा के अनुसार हर साल विजयादशमी पर गोरखनाथ मंदिर में पीठाधीश्वर द्वारा संतों के विवादों का निस्तारण किया जाता है। मुख्यमंत्री और गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ नाथपंथ की शीर्ष संस्था अखिल भारतवर्षीय अवधूत भेष बारह पंथ योगी महासभा के अध्यक्ष भी हैं। इसी पद पर वह दंडाधिकारी की भूमिका में होते हैं। गोरखनाथ मंदिर में विजयादशमी को पात्र पूजा का कार्यक्रम होता है। इसमें गोरक्षपीठाधीश्वर यानी योगी आदित्यनाथ संतों के आपसी विवाद को सुलझाते हैं। विवादों के निस्तारण से पहले संतगण पात्र देव के रूप में योगी आदित्यनाथ का पूजन करते हैं। पात्र देवता के सामने सुनवाई में कोई भी झूठ नहीं बोलता है। पात्र पूजा संत समाज में अनुशासन के लिए भी जानी जाती है।



# नवमी को पूरे दिन चले कन्या भोज व भण्डारे के आयोजन

जन एक्सप्रेस | फतेहपुर

नवरात्र के नवमी के दिन दुर्गा पाण्डालो मे पूरे दिन कन्या भेज व भण्डारे का आयोजन चलता रहा है। वही कल दसमी मे दुर्गा प्रतिमाओ का विर्सजन होगा। पाण्डालो मे कन्याओ को भेजन करके याथा शक्ति विभिन्न प्रकार के उपहार दिया गया। देवी भक्त कन्याओ के साथ ही भण्डारे का आयोजन भी किया गया। राहगीरो को आग्रह पूर्वक भण्डारे के प्रसाद ग्रहण करने व धर्म लाभ उठाने का निवेदन करते देखने को मिले।



पाण्डालो मे आज सुबह से ही अन्य दिनो की अपेक्षा आज कुछ ज्यादा ही भीड-भाड देखने को मिली। सभी देवी पाण्डालो मे कन्या भोज के साथ ही भण्डारे का आयोजन किया गया था। देवी भक्त पाण्डालो मे पहुँचकर प्रसाद ग्रहण करने के लिए लम्बी-लम्बी कतारो मे देखे गये। वही सुरक्षा के लिए स्थानीय पुलिस की टीमे पाण्डालो के चक्कर लगाती रही और लोगो से शान्ति व सौहार्द के साथ पर्व मनाने का आग्रह करते रहे। वही भीड-भाड वाले पाण्डालो मे प्रसाद ग्रहण करके आगे बढने का निवेदन भी किया। जिससे सुरक्षा व्यवस्था बनी रहे। वही गंगा घाट पर देवी प्रतिमाओ के विर्सजन के लिए एक विशाल गड्ढा बनाया गया है और आयोजको को बताया कि जल विर्सजन न करके गंगा किनारे बनाये गड्ढे मे भूविर्सजन करे। जिससे गंगा को दूषित होने से बचाया जा सके।

# चोरी की मोटरसाईकिल के साथ चोर गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक मऊ राजेश कुमार द्विवेदी ने बताया कि थाना मऊ पुलिस ने एक चोर को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया।

उल्लेखनीय है कि वादी राजाराम पुत्र नत्थु निवासी मटियारा मजरा खोंपा ने थाना मऊ में सूचना दी कि उनकी मोटरसाइकिल चोरी हो गयी है। इस सूचना पर थाना मऊ में अभियोग पंजीकृत किया गया। मऊ थाना प्रभारी निरीक्षक ने मोटसाइकिल की बरामदगी एवं आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए उप निरीक्षक कृपानन्दन शर्मा को निर्देशित किया। उप निरीक्षक तथा आरक्षी सचिन कुमार द्वारा देवीदीन पुत्र श्रीकेशन निवासी जमुना रोड थाना मऊ को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया।

चोरी की मोटरसाइकिल बरामदगी के आधार पर मुकदमे में बढ़ोत्तरी की गयी।

# कुश्ती कला से स्वस्थ रहता है मानव का तन और मन

जन एक्सप्रेस | पहाड़ी/चित्रकूट



बालकेश्वरी माता मंदिर परिसर लोहदा में सोमवार को रामनवमी के अवसर पर परंपरागत तरीके से आयोजित होने वाला विशाल दंगल का आयोजन किया गया। प्रभारी मंत्री देवेश कोरी व भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने पहलवान मऊ टिटिहरा के उदय व पन्ना के राकेश का हाथ मिलवाकर कुश्ती की शुरुआत की।

नगर पंचायत अध्यक्ष राजापुर संजीव मिश्रा व पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय ने सरधुवा के रामबाबू एवं सागर के मुकेश पहलवानों का हाथ मिलाया। जिसमें रामबाबू सरधुआ विजयी हुए। प्रभारी मंत्री देवेश कोरी ने कहा कि कुश्ती हमारे देश की जान व शान है। कुश्ती हमारी पहचान है।

हमारे देश से यह लुप्त होती जा रही है। इस को बचाने की जरूरत है। दंगल के माध्यम से इस को बचाया जा सकता है। समाजसेवी व दंगल आयोजक भाजपा नेता जगदीश प्रसाद गौतम ने कहा कि कुश्ती कला के क्षेत्र में स्थानी पहलवानों को आगे बढ़ाने के मकसद से वह हर वर्ष इस दंगल का आयोजन कराते हैं। इस पिछड़े हुए इलाके के पहलवानों को मौका मिलने पर कुश्ती कला में वह आगे बढ़ते हैं। कुश्ती करने वाले पहलवान अपने शरीर से हष्ट-पुष्ट व मानसिक रूप से निरोगी रहते हैं।

दंगल मे राजेश दरसेडा ने सन्तराम जालौन को, मलखान महोबा ने धर्मवीर गोरखपुर को, सहादेव मूंगुस ने मुकेश घाटमपुर को, राजेन्द्र कमासिन ने मेघराज हमीरपुर को, हरनाम सिंह भिन्ड ने दिनेश महोबा को पराजित किया।

महिला कुश्ती खुशी पाल कानपुर और अन्नू हरियाणा के बीच हुई।

जिसे महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष दिव्या त्रिपाठी, विनीता द्विवेदी, माया प्रजापति ने हाथ मिलवाया। दोनों महिला पहलवानों ने अपना दमखम दिखाया, लेकिन कुश्ती बराबरी पर छूटी।

दंगल का विशेष आकर्षण महिला पहलवान रजनी बहराइच व रिंकी गोरखपुर रही, जिसमें रिंकी पराजित हुई। वही आधा दर्जन महिला पहलवानों ने अपनी कुश्तियों में अपने प्रतिद्वंद्वी को पराजित किया। निर्णायक के रूप में अमृतलाल, नवल किशोर व ननकाई, कमलाकांत, लेखापटल का कार्य लाल मणि शुक्ला एवं ललित किशोर, पुरुस्कार वितरण देवकुमार और श्यामसुंदर सहित दंगल में एक सैकड़ा कुश्तिया हुई।

सुरक्षा व्यवस्था में थानाध्यक्ष पहाड़ी श्याम प्रताप पटेल, उपनिरीक्षक तिलोकी नाथ मित्रा, शिवशरन तिवारी अपनी टीम के साथ मौजूद रहे।

दंगल का संचालन रामभरोसे ने किया। इस मौके पर गायत्री शक्तिपीठ के व्यवस्थापक डॉ. रामनारायण त्रिपाठी, जिला संयोजक सोशल मीडिया अदित्य रघुवंशी, मण्डल अध्यक्ष विनोद पाण्डेय, कैलाश मिश्रा, जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा हीरो मिश्रा, दशरथ प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# तांत्रिक के हत्यारों को नहीं खोज पा रही पुलिस की चार टीमें

जन एक्सप्रेस | फतेहपुर

खागा कोतवाली क्षेत्र के पुरइन गांव के जंगल से एक 75 वर्षीय बुजुर्ग तांत्रिक का शव पुलिस ने बरामद किया। वृद्ध के शरीर पर चोंट के निशान मिले हैं। जिससे बुजुर्ग की हत्या कर जंगल मे फेंके जाने की आशंका जताई जा रही है। घटना की सूचना पर स्थानीय पुलिस के साथ पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के अलावा फारेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल से साक्ष्य जुटाएं हैं। एसपी ने चार टीमों का गठन कर खुलासे के लिए लगाया है।

जानकारी के अनुसार सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के सेमौरी गांव निवासी 75 वर्षीय दुलारे पाल सन्यासी थे। वह आसपास क्षेत्र में घूम-घूम कर तांत्रिक का काम करते थे। बताया जा रहा है कि शनिवार शाम को खागा कोतवाली क्षेत्र के पुरइन गांव के लोगों ने उन्हें गांव के बाहर एक चाय-नाश्ते के दुकान पर देखा था। सुबह गांव के लोग जंगल की ओर नित्यक्रिया के लिए गये थे। इस दौरान ग्रामीणों ने जंगल की झाड़ियों के बीच तांत्रिक दुलारे का शव पड़ा देखा तो हड़कंप



मच गया। बुजुर्ग के शरीर में गहरे चोटों के निशान थे। जिससे ग्रामीणों में हत्या कर तांत्रिक का शव जंगल में फेके जाने की चर्चा रही। ग्रामीणों द्वारा जंगल में शव पड़े होने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने इसकी जानकारी आला अधिकारियों को दिया। इस पर पुलिस अधीक्षक के साथ फॉरेंसिक टीम भी पहुंची और घटनास्थल का मौका मुआयना कर नमूने एकत्र किया। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसपी उदय शंकर सिंह ने बताया कि बुजुर्ग तांत्रिक का हत्यायुक्त शव पुरइन के जंगल से बरामद किया गया है। साक्ष्य एकत्र करके घटना के खुलासे के लिए चार टीमों का गठन किया गया है।

जल्द ही हत्याभियुक्तों को गिरफ्तार करके जेल की सलाखों के पीछे भेजा जायेगा।

# तीन के विरुद्ध गुण्डा एक्ट की कार्यवाही

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराध की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सरधुवा थाना प्रभारी निरीक्षक दीपेन्द्र सिंह द्वारा जनता में भय आतंक फैलाकर गुण्डा-गर्दी करने वाले बऊवा उर्फ प्रभाकर पुत्र दिनेश गौतम, शैलेन्द्र सिंह पुत्र वीरेन्द्र सिंह निवासीगण भदेदू व भोंदू पुत्र सुदर केवट निवासी बड़हर का पुरवा मजरा सुरवल के विरुद्ध गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की गयी।

# कलाकारों के शानदार नाट्य मंचन से भाव विभोर हुए दर्शक

जन एक्सप्रेस | मानिकपुर/चित्रकूट

मानिकपुर ब्लाक के ऐंचवारा गांव में चल रहे रामलीला मंचन में बीते रविवार को राम वनगमन का मंचन हुआ। रात्रि में सीता हरण, बालि वध व लंका दहन का कलाकारों ने मंचन किया। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने राम-लक्ष्मण व मां सीता की आरती कर लीला का शुभारंभ किया। रामलीला में मर्यादा पुरूषोत्तम राम ने राक्षसों का वध किया। जिसमें भ्रात प्रेम की अनूठी मिशाल देखने को मिली।

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रामशरण गर्ग के स्थापित रामलीला कमेटी की अगुवाई में नवरात्रि प्रतिपदा से रामलीला का मंचन चल रहा है। जिसमें राम, लक्ष्मण व मां जानकी के साथ राम वन गमन का मंचन हुआ। जिसमें भगवान राम अयोध्या से वन के लिए रवाना हुए। इसके बाद जिलाधिकारी ने राम-लक्ष्मण व मां जानकी की आरती कर लीला का मंचन शुरू कराया। ग्राम प्रधान ऐचवारा सुनील शुक्ला ने डीएम को राम दरबार का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि रामलीला का मंचन हर व्यक्ति को देखकर भगवान राम के आचरणों का पालन करना चाहिए। रामलीला के मंचन में पितृ सेवा व भ्रात प्रेम को अपने जीवन में उतारना चाहिए। भगवान श्रीराम साढे 12 वर्ष इसी धर्मनगरी में वनवास काल व्यतीत किया। यह सभी के लिए गौरव का विषय है। धर्मनगरी में पर्यटन क्षेत्र में कई विकास कार्य चल रहे है। हर व्यक्ति को पर्यावरण व स्वच्छता का विशेष ध्यान देना चाहिए। रामलीला के मंचन में बालि-सुग्रीव संवाद, हनुमान-रावण संवाद आकर्षण का केन्द्र रहा। मंचन में अखिलेश शुक्ला ने रावण, पंकज मां जानकी, संस्कार राम, अंशू लक्ष्मण, गौरेन्द्र बालि, शुभम सुग्रीव, दिलीप ने हनुमान का अभिनय किया। लंका दहन की मनोरम झांकी रमाशंकर गर्ग, हरिशंकर दुबे ने तैयार की।

संचालन वेदप्रकाश शुक्ला ने किया।लंका दहन की मनोरम झांकी रमाशंकर गर्ग, हरिशंकर दुबे ने तैयार की। संचालन वेदप्रकाश शुक्ला ने किया।

इस मौके पर पूर्व प्रधान त्रिवेणी प्रसाद शुक्ला, गुलजारी गर्ग, श्रीनिवास शुक्ला, भोला प्रसाद, सुनील तिवारी, भैयाराम गौतम, आदित्य उपाध्याय, शंकर सिंह आदि मौजूद रहे।

# छापेमारी में 180 लीटर अवैध कच्ची शराब, 11 कुन्तल लहन के साथ उपकरण बरामद

जन एक्सप्रेस | फतेहपुर

जिले में अवैध देशी व अपमिश्रित शराब के निष्कर्षण व अवैध शराब की बिक्री व परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण लगाये जाने के उद्देश्य से चलाये जा रहे अभियान के तहत बकेवर थाना पुलिस व आबकारी की संयुक्त टीम ने ग्राम कंजरनडेरा मजरे बेंता में दबिश देकर पांच स्थानों से जहां 180 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया। वहीं मौके पर मिले 11 कुंतल लहन को नष्ट कराया गया। इस मामले में पांच लोगों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही किया गया है।

जानकारी के अनुसार बकेवर थाना प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र कुमार त्रिपाठी व आबकारी निरीक्षक राजीव कुमार माथुर की अगुवाई में टीम ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम कंजरनडेरा मजरे बेता गांव में दबिश दिया।



टीम के गांव पहुंचते ही अवैध शराब कारोबारियों के बीच हड़कंप मच गया। सभी गांव छोड़कर भाग निकले। टीम ने पांच स्थानों पर छापेमारी करके जहां 180 लीटर अवैध शराब बरामद किया।

मौके पर उपकरण के अलावा 11 कुंतल लहन भी मिला। लहन को मौके पर ही नष्ट करा दिया।

टीम ने मंगल सिंह पुत्र राजाराम, राजकुमार पुत्र स्व. सुंदर, केशकली उर्फ केशरी पत्नी स्व. नत्थू, कंजू सिंह पुत्र मिश्रीलाल व शिवम पुत्र मोहर सिंह उर्फ माना निवासीगण कंजरनडेरा मजरे बेंता के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही किया गया है। बरामदगी करने वाली टीम में बकेवर थाने के उपनिरीक्षक प्रभुनाथ यादव, श्रीकांत सचान, गुलाबचंद्र मौर्या, संतोष कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल आलोक पाल, कैलाश चंद्र, कांस्टेबल मनोज कुमार मिश्रा, सतेंद्र सिंह के अलावा आबकारी के हेड कांस्टेबल संजय प्रकाश, सूर्यभान मौर्या व कांस्टेबल समरजीत यादव भी शामिल रहे।

## नवरात्रि में जिला जेल में बड़ी संख्या में बंदियों ने व्रत रखकर की माता की भक्ति

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** जिला कारागार में शारदीय नवरात्रि में बड़ी संख्या में बंदियों ने व्रत रखा। नवरात्रि के प्रथम दिन और नवमी के दिन कुल 1048 बंदियों में से 550 पुरुष और 15 महिला बंदियों कुल 565 लोगों ने व्रत रखा। वहीं नवरात्रि में नौ दिन व्रत रहने वाले बंदियों की संख्या में भी 250 पुरुष और 8 महिला बंदियों कुल 258 बंदियों ने व्रत रखा। इन नौ दिनों में कारागार का माहौल भक्तिमय रहा। श्रद्धालु बंदियों ने कलश स्थापना कर सुबह शाम पूजा और आराधना किया। जेल अधीक्षक शशांक पाण्डेय ने बताया कि जेल प्रशासन ने नवरात्रि में बंदियों के लिए फलाहार आलू, दूध, चीनी, केला आदि की व्यवस्था जेल मैन्यूअल के प्रावधानों के अनुसार किया। ज्यादातर बंदियों ने जेल अधिकारियों को बताया की वह इस नवरात्रि पर्व पर अपने परिजनों और बच्चों के लिए व्रत रख रहे और माँ से प्रार्थना कर रहे की वह जल्द कारागार से छूटकर अपने परिवार के पास जा सकें और अपने अच्छे आचरण से सुखमय पारिवारिक जीवन व्यतीत कर सकें।

# एसपी ने किया मूर्ति विसर्जन स्थल का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने सोमवार को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दृष्टिगत थाना कोतवाली कर्वी क्षेत्र के विसर्जन स्थल सोनेपुर स्थित राणन तालाब, विसर्जन तालाब बनकट व रावण पूतला दहन स्थल घुस मैदान का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी नगर हर्ष पाण्डेय, कोतवाली कर्वी प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार पाण्डेय, पीआरओ गुलाब त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।



# थाना पुलिस मुकदमा दर्ज करके कर्तव्य की मान रही इति श्री, बेटी का पिता लगा रहा चक्कर

जन एक्सप्रेस | खागा, फतेहपुर

थाना सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र से अधेड़ व्यक्ति नाबालिग बच्ची को लेकर फरार है। नामजद मुकदमा के बाद भी थाना पुलिस नाबालिग को नही खोज पा रही। जब कि पीड़ित पिता का आरोप है कि मुकदमा दर्ज करने से लेकर आज भी पुलिस मनमानी कर रही है। तहरीर के अनुसार मुकदमा नही दर्ज किया और साजिश कर्ताओ का ही बचाव कर रही है।

बताते चलें कि थाना क्षेत्र के खजुरियापुर गॉव से एक 13 वर्षीय नाबालिक लड़की को लेकर अधेड़ फरार हो गया है। जिसके चलते पिता ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बेटी को खोजने की मांग किया था। वहीं एक सप्ताह से भी अधिक समय बीत जाने के बाद भी बेटी नही बरामद हो पायी।

पीड़ित पिता को आशंका है कि आरोपी संजय बेटी को कहीं बेच दिया है। इसके पहले भी आरोपी अपनी पत्नी की हत्या कर चुका है। आरोपी संजय जरायम पेशा व्यक्ति है। जरायम पेसे मे उसका पिता व भाई भी शामिल हैं। दोनों साजिशकर्ता घर पर ही आराम से रह रहे हैं। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर मांग किया है कि बेटी को जल्दी बरामद करायें। अन्यथा की स्थित में आरोपी नाबालिग बेटी को कही वेश्यावृत्ति जैसे जघन्य पेसे मे न धकेल दे कि नाबालिक का जीवन नर्क बन जाय। वही थाना पुलिस मुकदमा दर्ज करके अपने कर्तब्य की इति श्री मान रही है। आरोपी सहित साजिस कर्ताओ का बचाव करने मे लगी है।

## दो किलो गांजा के साथ गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में भरतकूप थानाध्यक्ष सूबेदार बिन्द ने बताया कि वरिष्ठ उप निरीक्षक यदुवीर सिंह तथा आरक्षी विजय बहादुर सिंह, शैलेन्द्र सिंह द्वारा सत्येन्द्र उर्फ हीरालाल उर्फ ललकूराम पुत्र रामस्वरुप यादव निवासी दुर्जन का पुरवा मजरा मऊब को दो किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना मऊ में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

## तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराध के रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मानिकपुर थाना प्रभारी निरीक्षक रीता सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक अरविंद कुमार पाण्डेय तथा आरक्षी शाकिर अली द्वारा विक्रम नामदेव पुत्र रामविशाल नामदेव निवासी जवाहर नगर को तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना मानिकपुर में आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं और बालिकाओं को किया गया जागरूक

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

मुख्यमंत्री की महत्वकांक्षी योजना मिशन शक्ति अभियान-4 के क्रम में पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर कर्वी शहर के शंकर बाजार में रेडक्रॉस सोसाइटी के तत्वाधान में डाबर इंडिया का रियल जूस भेंट कर महिलाओं, बालिकाओं को जागरूक किया गया। नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान-4 के तहत शहर के शंकर बाजार तिराहे स्थिति मंदिर के समीप नोडल अधिकारी मिशन शक्ति, क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय के पर्वेक्षण में कोतवाली कर्वी प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार पाण्डेय, प्रभारी निरीक्षक यातायात मनोज चैधरी, महिला थानाध्यक्ष शालिनी भदौरिया एवं रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव केशव शिवहरे की उपस्थिति में न्यूट्रिशियन सपोर्ट के दृष्टिगत डाबर इंडिया का रियल जूस वितरण कर महिलाओं, बालिकाओं को जागरूक किया गया। इस दौरान महिलाओं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा के प्रति आश्वस्त करते हुये मिशन शक्ति के उद्देश्यों के प्रति जागरुक किया गया। साथ ही महिला सुरक्षा, सहायता के लिए चलाये जा रहे शासन के विभिन्न हेल्पलाइन लाइन नम्बरों की जानकरी देकर पम्पलेट्स वितरित किये गये। रेड क्रॉस सोसायटी सचिव केशव शिवहरे ने बताया कि पुलिस विभाग के साथ मिलकर महिलाओं, बालिकाओं को जागरूक करने के लिए समय पर ऐसे कार्यक्रम आगे भी आयोजित किये जाएंगे।

## परिवारिक विवाद समाप्त करा परिवार टूटने से बचाया

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

एसपी वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर सामाजिक रिश्तों को बचाने के लिए किये जा रहे प्रयासों के क्रम में पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र पुलिस टीम द्वारा आपसी परिवारिक झगडे को समाप्त कराकर एक परिवार में सुलह कराते हुए परिवार को टूटने से बचाया। आवेदिका तबस्सुम परवीन पुत्री जमील सौदागर निवासी डरियन टोला तरौंहा ने अपने पति युसुफ पुत्र मो सहरुद्दीन निवासी मोहल्ला कटरा पहाड़ी द्वारा मारपीट करने के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक के समक्ष प्रार्थना पत्र दिया। एसपी ने प्रार्थना पत्र के निस्तारण के लिए परिवार परामर्श केन्द्र को निर्देशित किया।

आज़ादी का अमृत महोत्सव
उत्तर रेलवे
निविदा नोटिस सं. ईपीएस/56/2023-2024
ईमेल पता- dycmmcb15@gmail.com
इलेक्ट्रोनिक निविदा ई-प्रणाली के अन्तर्गत मद की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण
भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, चारबाग, लखनऊ-226005 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मद के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 56235881 | BOGIE FRAME COMPLETE MACHINED FOR TRAIN18, EMU/US & MEMU/US COACHES TO DRG No. 72703001/COL.I, ALT 'd' Spec: To PL No 31000289. | 03 Nos | 20.11.23 |

निविदा शर्तें- 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। 3315/2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कानपुर नगर एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | लखनऊ | मंगलवार | 24 अक्टूबर 2023




**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार हैं दिनाँक 16-20 सितम्बर, 2023 के मध्य तेज हवाओं एवं मेघ गर्जना के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम बारिश की कोई संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 30.8 (-2.6)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 15.0 (-2.1)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 81 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 42 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 1.6 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# एयरबस में हम भारत के एयरोस्पेस पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध हैं: रेमी माइलार्ड

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**




आईआईटी प्रौद्योगिकी-आधारित क्षेत्रों में नवाचार, अनुसंधान और उद्यमशीलता गतिविधियों का समर्थन करने के अपने दृष्टिकोण को लगातार आगे बढ़ा रहा है, और एयरोस्पेस इस प्रयास में प्रमुख क्षेत्रों में से एक है। एयरबस ग्रुप के साथ यह सहयोग वास्तव में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह जानकारी बीते दिन सोमवार को आईआईटी कानपुर के कार्यवाहक निदेशकप्रो. एस. गणेश द्वारा दी गई है। आगे जानकारी देते हुए बताया कि यह सहयोग संस्थान में एयरोस्पेस इंजीनियरिंग छात्रों के उद्योग अनुभव को बढ़ाने के लिए निश्चित तौर पर मददगार साबित होगा, इस सहयोग के साथ हम हमारे एयरोस्पेस विभाग के क्षेत्र में अनुसंधान और विकास की एक विस्तृत श्रृंखला को कवर करने के साथ पारस्परिक रूप से पूर्ण जुड़ाव की आशा करते हैं।

उन्होंने बताया कि एमओयू पर 1 सितंबर 2023 को आईआईटी कानपुर के पूर्व निदेशक प्रोफेसर अभय करंदीकर और एयरबस इंडिया और दक्षिण एशिया के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक रेमी माइलार्ड के बीच हस्ताक्षर किए गए। इस सहयोग के तहत, दोनों संस्थाएं उन्नत प्रौद्योगिकियों में अनुसंधान को बढ़ावा देंगी और भारत में एयरोस्पेस छात्रों के लिए तकनीकी क्षमताओं को बढ़ाने के लिए कार्यक्रम और गतिविधियां विकसित करेंगी। दोनों संगठन वैश्विक संस्थानों के साथ सहयोग के अवसर भी तलाशेंगे जहां छात्रों को एयरोस्पेस क्षेत्र से संबंधित परियोजनाओं पर काम करने का मौका मिलेगा। इस साझेदारी का उद्देश्य एक सहयोगी संस्कृति का निर्माण करना है जो आईआई टी कानपुर के छात्रों को मार्गदर्शन, अनुभव और अमूल्य अनुभव प्रदान करेगा । इन क्रॉस-स्किलिंग अवसरों के माध्यम से बनाए गए तालमेल से देश में एयरोस्पेस उद्योग के विकास को बढ़ावा मिलेगा। एयरबस इंडिया और दक्षिण एशिया के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक रेमी माइलार्ड ने कहा, ÷एयरबस में हम भारत में एयरोस्पेस पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध हैं। हम शिक्षा और कौशल विकास में निवेश करना जारी रखेंगे जिससे देश में सक्षम कार्यबल के निर्माण में मदद मिलेगी। यह समझौता आने वाली पीढ़ी के प्रौद्योगिकी लीडरों को विकसित करने के लिए शिक्षा, अनुसंधान और प्रशिक्षण में एयरबस की विशेषज्ञता और आईआईटी कानपुर की क्षमताओं का उपयोग करेगा और देश में तेजी से विकसित हो रहे एयरोस्पेस परिदृश्य की क्षमता को मजबूत करेगा। आईआईटी कानपुर में एयरोस्पेस इंजीनियरिंग विभाग के प्रमुख प्रोफेसर जी. एम. कामथ ने कहा कि,आईआईटी का एयरोस्पेस इंजीनियरिंग विभाग ऐतिहासिक रूप से मजबूत उद्योग अकादमिक कनेक्शन बनाने और हमारे छात्रों को प्रशिक्षित करने के लिए और उद्योग जगत की मांग को पूरा करने में हमारे शोध का लाभ उठाने के मामले में सबसे आगे रहा है।

# नारियों की सुरक्षा एवं सम्मान के लिए सभी को आना होगा आगे: आर. के. स्वर्णकार

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**




सोमवार को मिशन शक्ति फेस-04 के तहत हनुमंत विहार थाने पर परिवार दिवस का शुभारंभ करने के लिए पुलिस कमिशनर डॉ.आर. के. स्वर्णकार पहुंचें थे इस दौरान उन्होंने कहा कि नवरात्रि में नारी शक्ति की पूजा सभी घरों में हो रही है ठीक उसी तरह प्रत्येक घर में नारियों की सुरक्षा एवं सम्मान के लिए सभी को आगे आना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि सभी थानों में महिला हेल्प डेस्क पर सप्ताह में पीड़ित महिलाओं, बालिकाओं की विधिक एवं मनोवैज्ञानिक विशेषज्ञ काउंसलिंग करेंगे। जिससे समाज में महिलाओं के साथ हो रही घटनाओं को रोकने में अच्छी सफलता मिले। इस दौरान कमिश्नर ने कानपुर जनपद के सभी पुलिस अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को महिलाओं एवं बेटियों के संबंध में गंभीरता से काम करने के लिए निर्देश दिया है। उन्होंने अपील किया है कि बेटियों एवं महिलाओं की सुरक्षा बहुत जरूरी है। परिवार दिवस के शुरू होने से बेटियों एवं बहनों को आत्महत्या जैसी घटनाओं से रोकने में भी कामयाबी मिल सके। इस मौके पर इस दौरान पुलिस उपायुक्त कानून व्यवस्था, सहायक पुलिस उपायुक्त, सहायक पुलिस आयुक्त।

# तीस अक्टूबर को मोतीझील में दो लाख लोग छकेंगे गुरु का लंगर

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

शहर में उत्तर प्रदेश सिख फाउंडेशन की एक बैठक सांझा हाल में हुई जिसमें सिख समाज के लगभग सौ प्रतिनिधियों ने भाग लिया।बैठक में 30 अक्टूबर दिन सोमवार को मोतीझील मैदान में गुरु रामदास जी महाराज जी का प्रकाश पर्व मनाए जाने पर सिख जत्था बंदियों को सेवा की जिम्मेवारिया सौपी गई। संत नगर यूथ कल्चरल सोसाइटी को लंगर बनाने की सेवा सोपी गई। सिंह सोल्जर को लंगर बांटने की सेवा सौंपी गई । वही मीरी पीरी सेवा दल को गुरु ग्रंथ साहिब के प्रकाश करने की सेवा यंग मैन सिख एसोसियसंन को जोड़े की सेवा। वहां मीरी पीरी बाल सभा को बच्चों को गुरु रामदास जी के बारे में प्रश्न उत्तरों का एग्जाम लेने की जिम्मेदारी दी गई व गुरु नानक फुलवारी के जत्था को बच्चों को ड्राइंग कंपटीशन करवाने की जिम्मेवारी सौपी गई। सिख उत्तर प्रदेश सिख फाउंडेशन के के अध्यक्ष रमिंदर सिंह रिंकू ,चेयरमैन सरदार अमरजीत सिंह पम्मी, सरदार गुरजिंदर सिंह बब्बू ने बताया 30 अक्टूबर को मोतीझील में दो लाख संगत के लिए लंगर तैयार किया जाएगा। मुख्य सेवादार सरदार अजीत सिंह छाबड़ा ने बताया सिख पंथ के प्रमुख कीर्तन करने वाले भाई चमन लाल सिंह जी कीर्तन कर संगत को निहाल करेंगे जिसमें सिख समाज के ही नहीं सिंधी समाज और पंजाबी समाज के भी लाखों लोग मोती झील में होंगे। कानपुर ही नहीं आसपास के जिलों से भी संगत हाजिरी भरेगी। बैठक में प्रदीप भाटिया, गगन ढींगरा ,रिंकू गंभीर, जसवीर सिंह, अनमीत कौर, अनु त्रिलोचन सिंह मौजूद थे।

# कोरथा गांव में आवास बनकर तैयार, बस सीएम का है इंतजार

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

बीते साल साढ़ में ट्रैक्टर ट्राली पलटने से कोरथा गांव के 26 लोगों की मौत हो गई थी। सरकार ने पीड़ित परिवारों को आवास मुहैया कराने का आश्वासन दिया था। जिसके बाद गांव में आवास बनकर लगभग तैयार हो चुके है। कोरथा गांव पहुंची टीम ने आवास का सर्वे किया है। आगामी 28 तारीख को कानपुर में मुख्यमंत्री मृतक के परिजनों को आवास की चाभी सौंपेंगे। आवास के साथ खेल के मैदान भी बनाए गए है। बीते वर्ष एक अक्टूबर साढ़ के कोरथा गांव के 19 परिवारों के 26 महिलाओं व बच्चों ने अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर ट्रॉली सड़क किनारे खंती में पलटने से अपनी जान गवां दी थी। जिसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं कोरथा गांव पहुंचे थे, और मृतक के परिजनो से मुलाकात कर उन्हें सरकार के द्वारा हर संभव मदद के साथ पक्का मकान देने का वादा किया था। कुछ दिन पहले ही यहां पर निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। आवासों की रंगाई पुताई का काम लगभग पूरा हो चुका है, जिसके बाद रविवार को यहां पर पहुंची टीम ने मृतक के परिवारीजनों को दिए जाने वाले आवासो का सर्वे किया है। यहां पर पहुंची टीम ने आवासों का सर्वे ड्रोन कैमरे के जरिए किया है। ड्रोन कैमरे के जरिए अधिकारियों ने आवासों का नक्शा तैयार किया है। ग्रामीणों ने अधिकारियों से पूछा की ड्रोन को उड़ाने से क्या होगा। जिसपर अधिकारियों ने ग्रामीणों को बताया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं ड्रोन कैमरे द्वारा तैयार किए गए आवासों के नक्शे का अवलोकन करेंगे। जिसके बाद सभी को अवासो की चाभी देंगे। मौके पर सीडीओ सुधीर कुमार, डीपीआरओ कमल किशोर सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। मृतक के परिजनो को रहने के लिए सरकार पक्का मकान सौंप रही है। यहां पर 19 परिवारों के रहने के लिए आवास योजना के तहत आवास तैयार किए गए है। आवास के साथ बच्चों को खेलने के लिए मैदान, मवेशी रखने के लिए कैटल शेड बनवाने के साथ रोशनी के लिए एलईडी लाइट लगाई गई है। आगामी 28 तारीख को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मृतक के परिजनो को कानपुर में आवास की चाभी सौंपेंगे।

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मजदूर की मौत



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

**कानपुर नगर।** पनकी थाना क्षेत्र के अंतर्गत मौरंग से लदे ट्रक में हाईटेंशन लाइन के चपेट में आने से मजदूर की मौत हो गई। मजदूरों ने घटना देख पुलिस को सूचना दी, जानकारी मिलने पर पनकी थाने का फोर्स घटनास्थल पर पहुंचा और मजदूर के परिजनों को जानकारी दी। रो रहे परिजनों को पुलिस ने समझाकर शांत कराया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ।सचेंडी थाना क्षेत्र के ईश्वरीगंज निवासी राजेश कुमार (45) सिद्ध लक्ष्मी ट्रांसपोर्ट में मजदूरी करता था परिवार में मां राजकुमारी पत्नी शालिनी छह बेटी गौरी,पलक शिवांशी, शिवन्या, काजल, देवासी हैं परिजनों ने बताया कि सोमवार की सुबह राजेश घर से काम करने के लिए सिद्ध लक्ष्मी ट्रांसपोर्ट गया था मौरंग से भरे ट्रक पर नाप लेने के ट्रक पर चढ़ा और सरिया से नाप लेने लगा अचानक से सरिया ट्रक ऊपर जा रही हाईटेंशन लाइन में छू गया जिससे उसे जोरदार करंट लग गया और वह गिर गया जब लोगों ने यह घटना देखी तो उन्होंने उठाया परंतु उसकी मौके पर ही मौत हो चुकी थी सूचना पर पहुंचे परिजनों ने रो कर बुरा हाल हुआ इस दौरान मौके पर पनकी थाने का फोर्स घटनास्थल पर पहुंच शव की जांच पड़ताल कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।पनकी थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंच परिजनों को समझाकर शांत कराया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।



# काली जी के मंदिर में भव्य भंडारे का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

नवरात्रि के पावन पर्व पर दुर्गानवमी में सोमवार को दुर्गा देवी रोड पी रोड स्थित काली जी के मंदिर में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया! कार्यक्रम के मुख्य रूप से आयोजक सचिवेंद्र सिंह सेंगर एड. ने किया। भक्तो ने माता रानी का प्रसाद ग्रहण किया! कार्यक्रम में अरुण पाठक सलिल बिश्नोई सुरेश अवस्थी कमलेंद्र सिंह सेंगर,रोहित शुक्ला गौरांग त्रिवेदी आशु त्रिवेदी प्रशान्त तोमर वीरेंद्र सिंह वीरे शिवम कश्यप हूबलाल विश्वकर्मा स्पर्श कटियार, सौरभ तिवारी,ऋतुराज मिश्रा,अंकित मिश्रा, अभय तांबे, सर्वज्ञ, निशाल वर्मा, अंकुर शर्मा, ज्योति श्रीवास्तव, सहित कई प्रमुख लोग मौजूद रहे।

## कोतवाली में तैनात दो सिपाहियों को किया गया लाइन हाजिर

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

काकादेव इंस्पेक्टर और दो सिपाहियों के निलंबन के बाद भी पुलिसकर्मियों का रुतबा कम होने का नाम नहीं ले रहा है। बीते दिन अधिकारियों को सूचना दिए बिना थाना हरबंश मोहाल के प्रिया होटल में मुखबिर अतुल पांडेय के साथ कोतवाली के सिपाही अनुराग और प्रशांत चेकिंग करने पहुंचे और हंगामा किया। जब मामले की जानकारी उच्च अधिकारियों को लगी तो दोनों सिपाही भाग निकले मुखबिर का शांतिभंग में चालान किया गया है। एडीसीपी पूर्वी आकाश पटेल ने दोनों सिपाहियों के खिलाफ लाइन हाजिर कर जांच की संस्तुति की है। संयुक्त पुलिस आयुक्त आनंद प्रकाश तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया है कि मामले की गम्भीरता को देखते हुए दोनों सिपाहियों को लाइन हाजिर किया गया है अन्य व्यक्ति था उसे जेल भेजा गया है साथ ही साथ एडीसीपी वेस्ट लखन सिंह यादव को संपूर्ण मामले की जांच सौंप गई है।

## भगवान राम का विलाप देख भाव विभोर हुए दर्शक

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर**



बिल्हौर कस्बा स्थित छोटी बाजार की ऐतिहासिक रामलीला मैदान में श्री रामलीला समिति के तत्वाधान आयोजित हो रही रामलीला में सोमवार को विभीषण शरणागत श्री रामेश्वरम की स्थापना , लक्ष्मण शक्ति और कुंभकरण व मेघनाथ वध की लीला दिखाई गई । पं चंद्र शंकर मिश्रा वरिष्ठ अधिवक्ता की अध्यक्षता में संपन्न हो रही रामलीला में लंका पति रावण के भाई विभीषण का अच्छाई और बुराई की लड़ाई में सत्य का साथ देने के लिए भगवान राम की शरण में आने और भगवान राम के द्वारा उन्हें प्रेम सहित अपनाने , भगवान राम के द्वारा समुद्र तट पर श्री रामेश्वरम की स्थापना करने , मेघनाथ और लक्ष्मण के बीच हुए युद्ध में लक्ष्मण को शक्ति लगने और मूर्छित हुए लक्ष्मण को देखकर भगवान राम का करुण विलाप देख कर लीला देख रहे दर्शक भी भाव विभोर हो गए। इसके उपरांत कलाकारों के द्वारा हनुमान के द्वारा संजीवनी बूटी लाने और लक्ष्मण की मूर्छा दूर होने के बाद युद्ध में लक्ष्मण के द्वारा मेघनाथ और भगवान राम के द्वारा कुंभकरण का वध किए जाने की लीला का मंचन किया गया। कुंभकरण और मेघनाथ का वध होते ही पंडाल में जय श्री राम की जयकारे गूंज उठे। मौके पर मौजूद समित के लोगों के साथ-साथ सैकड़ो भक्त भगवान की लीला का आनंद लेते रहे। कार्यक्रम में विशेष सहयोग वरिष्ठ अधिवक्ता विक्रम मिश्रा पोरस मिश्रा योगेंद्र शुक्ला विशाल सैनी आदि।


**सूचना**

मैने अपना नाम साहिफा नाज खान से बदलकर साहिफा तंजील रख लिया है। भविष्य में मुझे साहिफा तंजील नाम से जाना व पहचाना जाए।

**सूचनाकत्री**
साहिफा तंजील पत्नी मोहम्मद तंजील
पता- ई टी 502, एल्डिको गार्डेन इस्टेट 86/245 रायपुरवा अनवरगंज कानपुर नगर


## अपहरण के आरोपी को दबोचा भेजा जेल

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

साढ़ थाने की पुलिस टीम द्वारा किशोरी को बहला फुसला कर भाग ले जाने के मामले में दर्ज मुकदमें के आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। कानपुर पुलिस द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया गया है कि नीरज पुत्र रामपाल निवासी भेलसा उम्र करीब 24 वर्ष को समय करीब 10.10 बजे भीतरगाँव से खदरी जाने वा रोड से हिरासत पुलिस में लिया गया। नीरज के विरूद्ध थाने पर पर मु0अ0सं0 221/ 23 धारा 363/366 आईपीसी पंजीकृत है । गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक सतीश राठौर थाना साढ, उ0नि0 सुरेन्द्र सिंह यादव आदि शामिल रहे।

# अपनी मां को मुखाग्नि देने नहीं पहुंच सका फरार भाजपा नेता आशू दिवाकर

**✻ परिजनों का दावा किसान बाबू सिंह मांगने आया था मदद**

**जन एक्सप्रेस फॉलो अप**

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



शहर के चकेरी थाना क्षेत्र में चर्चित किसान बाबू सिंह यादव की आत्म हत्या मामले में नया मोड़ आ गया है। फरार चल रहे आरोपी भाजपा नेता आशू दिवाकर के परिजनों ने दावा किया है कि आशू को फंसाया गया है वह निर्दोष है उससे खुद बाबू सिंह मदद मांगने आया था। लेकीन कुछ लोगों ने उसे षडयंत्र रचकर फंसा दिया है। आपको बताते चलें कि कुछ दिनों पूर्व थाना चकेरी क्षेत्र में उसे समय हड़कंप मच गया था जब एक बाबू सिंह यादव नाम के किसान ने आत्महत्या कर ली थी और उसकी जेब में मिले सुसाइड नोट में लिखा था कि उसकी मौत का जिम्मेदार भाजपा नेता आशू दिवाकर और अन्य हैं जिनके द्वारा उसकी जमीन के संबंध में धोखाधड़ी कर ली गई है इसलिए उसके द्वारा आत्महत्या की जा रही है। मामला राजधानी तक पहुंच जाने के बाद थाना चकेरी में भाजपा नेता समेत अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। भाजपा नेता आशू और एक अन्य आरोपी जितेंद्र यादव अभी भी फरार है जिन पर एक लाख का इनाम भी घोषित किया गया है। बीते दिन रविवार को कानपुर पुलिस फरार आरोपी आशू के घर पर 82 का नोटिस चस्पा करने का ऐलान कर चुकी थी लेकिन उसी दिन भाजपा नेता की मां का हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया जिसके बाद पुलिस ने कार्यवाही टाल दी थी। कहीं दूसरी और भाजपा नेता के घर वालों ने मृतक मां का दाह संस्कार करने से इनकार कर दिया था और उनका आरोप था कि पुलिस एक तरफा कार्रवाई कर रही है। सोमवार को भाजपा नेता की मां का अंतिम संस्कार कर दिया गया। विश्व रंजन द्वारा मुखाग्नि दी गई। इस दौरान भाजपा नेता के पिता और भाई समेत सैकड़ो समर्थक भी मौजूद रहे। लेकिन आशू दिवाकर अपनी मां को अंतिम विदाई देने नहीं पहुंच सका। इस दौरान भाजपा नेता के परिजनों ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि मृतक किसान बाबू सिंह यादव खुद आशू दिवाकर से मदद मांगने आया था उसकी जमीन पर कब्जा नरेंद्र सिंह यादव का था। किसान पढ़ा नहीं था। फिर उसकी जेब में निकला सुसाइड नोट लिखा किसने है। पारिवारिक जनों का यह भी दावा था कि जो सुसाइड नोट में हैंडराइटिंग है और रजिस्ट्री ऑफिस में हैंडराइटिंग है उसका मिलान करवा लिया जाए सब कुछ साफ हो जाएगा।



**फरार भाजपा नेता की मां का हृदय गति रुकने से हुआ निधन, 82 की कार्रवाई टली**

जन एक्सप्रेस । भरत पाण्डे

कानपुर नगर। चकेरी थाना क्षेत्र में घटित हुए किसान बाबू सिंह यादव आत्महत्या मामले के आरोपी भाजपा नेता आशू दिवाकर रंजन की मां उर्मिला का हृदय गति रुकने से देहांत हो गया है , वहीं आरोपी आशू दिवाकर रंजन के इंतजार में परिजनों ने शव को दाह संस्कार ना कर आशू दिवाकर रंजन को न्याय दिलाने की मांग की है। आशू दिवाकर रंजन की भाभी का कहना है कि ,पुलिस की कार्यवाही से बिल्कुल संतुष्ट नहीं हैं ,क्योंकि पुलिस ने किसान बाबू सिंह की हत्या में एक तरफा कार्यवाही की है ,जबकि किसान बाबू सिंह ने उसकी जमीन पर सपा नेता द्वारा कब्जा किए जाने से परेशान होकर आशू दिवाकर रंजन से मदद की गुहार लगाई थी और किसी भी प्रकार से आशू दिवाकर रंजन ने वह जमीन नहीं खरीदी है और ना ही उस जमीन का किसी प्रकार का कोई भुगतान हुआ है, आरोपी भाजपा नेता की भाभी का यह भी कहना था कि आशू दिवाकर ने बीजेपी के लिए दिन रात एक कर दिया, लेकिन उनकी मदद के लिए अभी तक बीजेपी पार्टी के किसी नेता ने भी हाथ नहीं बढ़ाया है ,जब तक आशू दिवाकर को न्याय नहीं मिलेगा तब तक मां उर्मिला का शव इसी तरह घर पर रखे रहेंगे। बताते चलें कि बीते 42 दिनों से फरार चल रहे भाजपा नेता आशू दिवाकर की मां का रविवार को निधन हो गया, चकेरी स्थित आवास पर पुलिस को धारा 82 के तहत फरार होने की मुनादी करानी थी, मां के देहांत की सूचना के बाद पुलिस ने मुनादी की कार्यवाही को टाल दिया। मां के निधन की सूचना पर आरोपी आशू के लिए, पुलिस ने चारों तरफ अपना जाल फैला दिया और कई टीमें सिविल ड्रेस में लगाई।

**बाबू सिंह की पत्नी का दावा, अस्पताल संचालक है रिश्तेदार**

वहीं मामले में किसान बाबू सिंह की पत्नी बीटान देवी ने दावा किया है कि दो अस्पताल जिनके नाम सामने आए हैं उनमें से एक अस्पताल संचालक आशू दिवाकर के रिश्तेदार है। किसान बाबू सिंह की पत्नी ने दोनों अस्पताल संचालकों के ऊपर जांच एवं कार्यवाही की मांग करी है।

**पुलिस जॉच में इलाज की बात निकली झूठी**

फरार भाजपा नेता आरोपी आशू दिवाकर की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। जानकारी के मुताबिक आरोपी ने अग्रिम जमानत के लिए कोर्ट में जो शपथ पत्र दाखिल किया था ,उसमें यह जानकारी दी गई थी ,कि वह बीमार है और अस्पतालों में इलाज करा रहा है, पुलिस की जांच में वह गलत पाया गया शपथ पत्र के साथ आरोपित ने अस्पताल के दस्तावेज भी दाखिल नहीं किये,जब पुलिस टीम ने रीजेंसी और फॉर्चून में पता किया तो आशू दिवाकर के भर्ती होने की पुष्टि नहीं हुई। पुलिस इस मामले में दोनों अस्पतालों से लिखित तथ्य लेगी। ज्वाइंट सीपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश दिए हैं।

**किसान की बेटियों ने चिपकाए पोस्टर, मांग रहीं न्याय**

किसान बाबू सिंह यादव की बेटियां रूबी और काजल पिता को न्याय दिलाने के लिए ,न्याय संघर्ष समिति के अभिमन्यु गुप्ता के साथ क्षेत्र में नंगे पैर निकल पड़ी हैं। उनके हाथों में फरार आरोपी आशू दिवाकर, शिवम सिंह चौहान ,जितेंद्र व बबलू यादव के पोस्टर थे, इनाम वाले पोस्टर कई घरों पर लगाए गए।

# नवरात्रि के अंतिम दिन माता सिद्धिदात्री का पूजन कर मांगा, यश, वैभव, कीर्ति का वरदान

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

शारदीय नवरात्रि के अंतिम दिन मां के भक्तों ने सोमवार को मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना कर कन्याओं का पूजा अर्चना करके उन्हें भोजन कराया। ऐसी मान्यता है कि मां के इस स्वरूप की पूजा अर्चना करने से सभी सिद्धियां प्राप्त होती है। नवरात्रि के नौवें दिन मां दुर्गा की 9वीं शक्ति माता सिद्धिदात्री की पूरे विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना की जाती है। माता दुर्गा का यह स्वरूप सिद्ध और मोक्ष देने वाला है इसलिए माता को मां सिद्धिदात्री कहा जाता है। इनकी पूजा अर्चना करने से सभी कार्य सिद्ध होते हैं और मोक्ष की प्राप्ति होती है। मां दुर्गा के इस स्वरूप की पूजा देव, दानव, ऋषि-मुनि, यक्ष, साधक, किन्नर और गृहस्थ आश्रम में जीवनयापन करने वाले भक्त मां सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना करते हैं। इनकी पूजा अर्चना करने से धन, यश और बल की प्राप्ति होती है।

### शंकर भगवान को मां से मिली थीं सिद्धियां

धार्मिक ग्रंथों में ऐसा उल्लेख मिलता है कि मां सभी प्रकार की सिद्धियों को देने वाली हैं। देवी पुराण के मुताबिक



भगवान शिव ने इनकी कृपा से ही सिद्धियों को प्राप्त किया था। इन्ही देवी की कृपा से भगवान शिव का आधा शरीर देवी का हुआ था। यह देवी मां लक्ष्मी के समान कमल के आसन पर विराजमान है। माता के हाथों में कमल, गदा, सुदर्शन चक्र, शंख धारण किए हुए है। नौवें दिन सिद्धिदात्री की पूजा करने के लिए नवाहन का प्रसाद और नवरस युक्त भोजन और नौ प्रकार के फल फूल आदि का अर्पण करके नवरात्रि का समापन करना चाहिए। सिद्धिदात्री देवी सरस्वती का भी स्वरूप हैं। नवरात्रि की नवमी तिथि पर कन्या पूजन करने का विधान है। कन्या पूजन में कन्याओं की संख्या 9 होनी चाहिए अन्यथा दो कन्याओं के साथ भी पूजा कर सकते हैं। कन्याओं के साथ एक लांगुर (बटुक भैरव) भी होना चाहिए। कन्याओं को घर पर आदर सत्कार के साथ बुलाकर उनके पैरों को जल या दूध से धुलकर कुमकुम व सिंदूर का टीका लगाएं और आशीर्वाद लें। फिर भोजन के लिए कन्या और लंगूर को हलवा-चना, पूड़ी-सब्जी, फल आदि चीजें दें। भोजन कराने के बाद लाल चुनरी ओढ़ा और सामर्थ्य के अनुसार दान दक्षिणा दें। इसके बाद पूरे परिवार के साथ सभी कन्या और लागूंरा के चरण स्पर्श करें और माता के जयकारे लगाते हुए कन्या और लंगूर को विदा करें। कन्या पूजन करने से माता की विशेष कृपा प्राप्त होती है और घर के सभी सदस्यों की उन्नति होती है। ।

शारदीय नवरात्रि के अंतिम दिन मां के भक्तों ने सोमवार को मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना कर कन्याओं का पूजा अर्चना करके उन्हें भोजन कराया। ऐसी मान्यता है कि मां के इस स्वरूप की पूजा अर्चना करने से सभी सिद्धियां प्राप्त होती है। नवरात्रि के नौवें दिन मां दुर्गा की 9वीं शक्ति माता सिद्धिदात्री की पूरे विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना की जाती है। माता दुर्गा का यह स्वरूप सिद्ध और मोक्ष देने वाला है इसलिए माता को मां सिद्धिदात्री कहा जाता है। इनकी पूजा अर्चना करने से सभी कार्य सिद्ध होते हैं और मोक्ष की प्राप्ति होती है। मां दुर्गा के इस स्वरूप की पूजा देव, दानव, ऋषि-मुनि, यक्ष, साधक, किन्नर और गृहस्थ आश्रम में जीवनयापन करने वाले भक्त मां सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना करते हैं। इनकी पूजा अर्चना करने से धन, यश और बल की प्राप्ति होती है।

**क्या है माता सिद्धिदात्री का भोग?**

नौवें दिन माता सिद्धिदात्री को हलवा, पूड़ी, काले चने, मौसमी फल, खीर और नारियल का भोग लगाया जाता है। माता की पूजा करते समय बैंगनी या जामुनी रंग पहनना शुभ रहता है। यह रंग अध्यात्म का प्रतीक होता है।

# नवमी पर घर-घर पूजी गईं कन्या, कराया गया भोज



जन एक्सप्रेस । राजेश पाल

✲ उपवास रखने वाले देवी भक्तों ने व्रत का किया पारायण

✲ अंतिम दिन देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब

बाजार शुक्ल/अमेठी। शारदीय नवरात्र के नौवें दिन घर-घर में कन्याओं का पूजन किया गया। उन्हें भोज कराने के बाद उपवास रखने वाले देवी भक्तों ने व्रत का परायण किया। देवी मंदिरों में नवरात्र के अंतिम दिन मातारानी के दर्शनों को श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ा। भोर से ही शुरू हुआ मां की आराधना और उपासना का सिलसिला देर शाम तक चलता रहा। घरों व मंदिरों में हवन-पूजन कर पूर्णाहुति दी गई। मां दुर्गा की नौवें स्वरूप माता सिद्धिदात्री की आराधना की गई। सुबह जल्दी उठकर देवी भक्तों व व्रतियों ने माता सिद्धिदात्री का आह्वान किया और विधिवत हवन-पूजन किया गया। नौ दिन तक व्रत रखने वाले देवी भक्तों ने अपने घरों पर आमंत्रित कन्याओं का स्वागत और पूजन कर भोज कराया। श्रद्धानुसार कन्याओं को दक्षिणा व उपहार भी भेंट किए। नवरात्र पर कन्याओं की पूजा का महत्व होने के चलते उनको पहले भोज कराने की होड़ लगी रही। देवी मंदिरों पर भी हवन-पूजन के बाद कन्या भोज कराया गया। मंदिर पर आने वाले श्रद्धालुओं ने कन्याओं को फल,दही-जलेबी,पूड़ी-सब्जी खिलाई और दक्षिणा देकर उनका आशीर्वाद लिया। मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। श्रद्धालुओं की ओर से नवमी पर मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना कराई गई। श्रद्धालुओं द्वारा आहुति डालकर सुख, शांति व समृद्धि की कामना की।

# अंश सिंह को आर्म रेसलिंग के ओपन वर्ग में मिला प्रदेश में तृतीय स्थान



जन एक्सप्रेस । सुलतानपुर

अवध पुलर क्लब तथा हिंद आर्म रेसलिंग क्लब लखनऊ द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित अवध अंडर 18 आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता का आयोजन जयप्रकाश नगर, आलमबाग, लखनऊ में हुआ। इस रेसलिंग प्रतियोगिता में प्रदेश के 350 से अधिक प्रतियोगियों ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता की ओपन वर्ग एबव 80 किलोग्राम में जनपद सुल्तानपुर के अंश सिंह पुत्र अरविंद कुमार सिंह निवासी पयागीपुर सुल्तानपुर ने प्रदेश में तृतीय स्थान प्राप्त करके जनपद वासियों का मान बढ़ाया। अंश सिंह की इस सफलता पर डॉ पंकज सिंह, डॉ अजय सिंह, अंजना सिंह, अरविंद कुमार, गिरीश नारायण मिश्र सभासद, डॉ अम्बरीष, भूपेंद्र कुमार आदि शुभचिंतकों ने खुशी व्यक्त किया।

# दुर्गा पूजा महोत्सव के दौरान चंद्रयान-3 के स्वरूप में चंद्रयान-3 पंडाल बना आकर्षण का केंद्र

✲ लोगों को धर्म के साथ साथ राष्ट्रहित के लिए कर रहे जागरूक

जन एक्सप्रेस । अमेठी




जनपद के विकास खंड जामों के ग्राम सभा कटारी में पिछले लगभग चालीस वर्षों से बड़े धूमधाम से दुर्गा पूजा महोत्सव मनाया जाता है।हर वर्ष दुर्गा पूजा महोत्सव को एक भव्य तरीके से मनाने के लिए सभी समितियों के आयोजक अपने अपने पंडालों को एक आकर्षक रूप देते हैं।इस बार ग्राम सभा कटारी में एक दर्जन से अधिक देवी मां के पंडाल स्थापित किए गए हैं।जो कि अष्टमी के दिन से मां की प्रतिमा का नेत्र पूजन किया जाता है।उसके बाद दशहरे का मेला शुरू होता है।कटारी गांव का दुर्गा पूजा देखने के लिए दूर दराज से भक्त पहुंचते हैं।और देवी का दर्शन करते हैं।इस बार कटारी गांव में जगत जननी मां विंध्यवासिनी गुफा समिति द्वारा चंद्रयान-3 के स्वरूप में चंद्रयान-3 पंडाल को स्थापित किया गया है।वहीं तीन पंडाल और ऐसे बन रहे हैं।जो आकर्षक का केंद्र बना हुआ है।गांव के लोग अलग अलग तरीके से मां का पंडाल सजाते हैं।शिवसहाय कौशल ने बताया की इस बार हम लोग स्थानीय लोगों के सहयोग से अलग तरीके से पंडाल बनाए हैं।जोकि जिले में कहीं इस तरीके से पंडाल नहीं बना है।जिस तरीके से हमारे देश के वैज्ञानिकों ने चंद्रायान-3 का लांच किया और वह सफल हुआ।आज गगन यान को लांच किया है। यह हम देश वासियों के लिए गर्व का दिन है।हम लोग इस तरीके से पंडाल बनाकर राष्ट्र हित के प्रति लोगों को जागरूक करने का प्रयास कर रहे हैं।

# कल होगा अमेठी का ऐतिहासिक भरत मिलाप

✲ भारत मिलाप की शुरू हो गई तैयारी, धार्मिक ग्रंथों पर आधारित चौकियां मोहेंगी लोगों का मन

जन एक्सप्रेस । अमेठी



अमेठी कस्बे में पिछले करीब साठ सालों से चला आ रहा ऐतिहासिक भरत मिलाप एक बार फिर अपनी छटा बिखेरने को तैयार है।दशहरा के अगले दिन होने वाले इस उत्सव में रंग बिरंगी और धार्मिक कलात्मक चौकियां लोगों का मन मोहेंगी।एक बार फिर सबकी निगाहें अमर ज्योति मंडल पर रहेंगी।

जो पिछले करीब चालीस सालों से अपने प्रदर्शन को लेकर लोगों के बीच चर्चा का विषय बना रहता है। दरअसल दशहरा के अगले दिन होने वाला अमेठी का ऐतिहासिक भरत मिलाप अपना जलवा बिखेरने के लिए तैयार हो चुका है। बुधवार को होने वाले इस आयोजन को देखने अमेठी समेत आसपास के जिलों के बड़ी संख्या में लोग आते हैं।सुरक्षा को पीएसी के अलावा आसपास के कई थानों की फोर्स के अलावा पुलिस और प्रसाशन के बड़े अधिकारी मौजूद रहते हैं।

ऐतिहासिक भरत मिलाप में दर्जनों चौकियां धार्मिक ग्रंथों पर आधारित दृश्यों का मंचन करती हैं।इसमें सबसे ज्यादा लोकप्रिय अमर ज्योति मंडल रहता है।अमर ज्योति मंडल अपनी धार्मिक प्रस्तुति को लेकर हर साल चर्चा का विषय बना रहता है। और अधिकतर अवसरों पर इसे प्रथम पुरस्कार प्राप्त होता है।

### गांधी चौक पर होता है समापन

कार्यक्रम के अगले दिन इस उत्सव का समापन अमेठी के गांधी चौक पर होता है। सबसे अच्छी झांकियां और मंडल पुरस्कृत किए जाते हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ संजय सिंह तथा स्थानीय विधायक समेत कई जन प्रतिनिधि शामिल होते हैं।

# लक्ष्मण शक्ति लगने से राम की सेना में मचा हाहाकार

जन एक्सप्रेस । सुलतानपुर

बल्दीराय तहसील क्षेत्र के कस्बा इसौली में चल रही ऐतिहासिक रामलीला के आखिरी दिन अंगद रावण संवाद, लक्ष्मण शक्ति व कुम्भकर्ण बध लीला का सुंदर मंचन स्थानीय कलाकारों द्वारा किया गया।

लीला में निशाचरों के लगातार मारे जाने पर लंकाधिपति रावण चिंतित हो जाता है और वह अपने पुत्र इन्द्रजीत मेघनाद को रणभूमि में जाने के लिए कहता है। मेघनाद अपने पिता से आज्ञा लेकर रणभूमि में पहुंचता है जहां शेषावतार लक्ष्मण से उसका भयंकर युद्ध होता है। मेघनाद ब्रह्मा द्वारा दी गई शक्ति का आह्वान कर उसे प्राप्त करने के बाद शक्ति का प्रहार लक्ष्मण पर करता है, जिससे वह मूर्छित हो समर भूमि में गिर जाते हैं। मेघनाद उनको मृत समझकर उनके शरीर को लंका ले जाना चाहता है किन्तु वह तमाम कोशिशें करने के बावजूद मूर्छित पड़े लक्ष्मण को वह हिला भी नहीं पाता है। वह वही पर छोड़ लंका पहुंच जाता है। लक्ष्मण के मृत्यु का समाचार वह रावण को सुनाता है। यह खबर सुनकर लंकावासी खुशियां मनाते है। इधर लक्ष्मण के मूर्छित होने की खबर मिलते ही राम दल में शोक छा जाता है, परंतु पवन पुत्र हनुमान संजीवनी बूटी लाकर लक्ष्मण के प्राण बचा लेते है। इस मौके पर जितेंद्र श्रीवास्तव, राधेश्याम अग्रहरि, अतुल श्रीवास्तव, धर्मेन्द्र यादव, सन्तोष निषाद, प्रशान्त मिश्र, विष्णु कुमार, आशीष मिश्र, डॉ राकेश, एड आलोक, राजू जोशी, रिंकू, प्रहलाद, संदीप सहित आदि मौजूद रहे।

# सड़क की दोनो पटरियों पर उगी घासें और पटरी पर हुए गड्ढों में गिरकर राहगीर हो रहे चोटिल

जन एक्सप्रेस । बल्दीराय/सुल्तानपुर



कई वर्षों से पूरी तरह क्षतिग्रस्त रह चुकी इसौली-देवरा मार्ग जो कि बल्दीराय होते हुए बहुरावां से देवरा तक जाकर चिलबिली में जाकर मिलती है। उक्त सड़क का अभी कुछ माह पहले नवीनीकरण हुआ है। नवीनीकरण सरकार के उपक्रम पी डब्ल्यू डी ने आर0 के0 कंस्ट्रक्शन से 3 करोड़ 9 लाख की लागत से इसी बर्ष मार्च में करवाया था। उक्त फर्म ने सड़क के निर्माण में इतनी घटिया गुणवत्ता की सामग्री का प्रयोग किया कि उक्त सड़क 3 महीने में ही पहली बरसात में ही सैकड़ो गड्ढों में बदल गयी। क्षेत्र वासियों के कई बार शिकायत करने पर उक्त फर्म ने जैसे तैसे गढ्ढो को भरकर खाना पूर्ति करके इतिश्री कर ली। जबकि विभाग को उक्त फर्म को नियमानुसार ब्लैक लिस्टेड करना चाहिये।

आर के कंस्ट्रक्शन को उक्त घटिया निर्माण के लिये दंडित करते हुए अनुशासनात्मक कार्यवाही करना चाहिये।

रोड की पटरी के निर्माण कार्य न होने के कारण रोड के किनारे पटरी की मिट्टी बह जाने के करण बड़े बड़े गढ्ढे हो गए हैं और पटरी पर बड़ी बड़ी घास और सरपत हो जाने के कारण उनके बीच के गढ्ढो को न देख पाने के कारण आये दिन दुर्घटना का शिकार लोग हो रहे हैं और चोटहिल हो रहे हैं सोमवार सुबह करीब 10 बजे उक्त मार्ग पर एक बैटरी ई रिक्शा अनियंत्रित होकर पलटा। चालक मेवालाल वर्मा निवासी चकशिवपुर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा। डायल 108 को स्थानीय लोगों ने दी सूचना।

मुसाफिरखाना पारा रोड स्थित इसौली गांव के पास की घटना। पीडब्ल्यूडी निर्माण खण्ड 3 के अधिशासी अभियंता को तत्काल रोड के किनारे की पटरी की सफाई और गढ्ढो को भरवाकर बड़ी दुर्घटना होने से लोगों को बचाने का जनहित में प्रयास करना होगा।क्षेत्र के इसराईल, गुलरेज, तुफैल बीडीसी, मुख़्तार, केशवराम, अशफ़ाक़, विजय कुमार, जीशान ने जिलाधिकारी से उक्त सड़क और पटरी की मरम्मत की मांग की है।

# सुभासपा ने सतीश पर जताया भरोसा, अमेठी जिले की सौंपी जिम्मेदारी

जन एक्सप्रेस । अमेठी



अपने कार्यों से पार्टी में स्थायित्व बनाने वाले सतीश मिश्रा को अमेठी जिले का अध्यक्ष बनाया गया हैं। श्री मिश्र ने बताया कि सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राजभर ने जो मुझपर भरोसा जताया है, उस पर शत-प्रतिशत खरा ऊतरने का प्रयास करूगा। उन्होनें कहाकि पार्टी की रीति-नीति को जन-जन तक पहुंचाने और ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ताओं को पार्टी से जोड़ने का काम करूगा। अमेठी जिलाध्यक्ष सतीश मिश्र ने कहाकि मैं सुभासपा का एक सिपाही हूं। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का हर आदेश-निर्देश का पालन मेरा ही नही सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं का कर्तव्य है। आगामी लोकसभा चुनाव सन्निकट है, हम लोग पूरी लगन से मेहनत कर रहे है। राष्ट्रीय अध्यक्ष का का संदेश लोगों तक लेकर पहुंच रहें है। बहुत जल्द तहसील व ब्लाक स्तर पर संगठन खड़ा हो जाएगा। हम गांव व शहरी क्षेत्रों में संगठन खड़ा करने के लिए कार्यकर्ताओं के साथ आमलोगों के बीच पहुंच रहें है। जिलाध्यक्ष श्री मिश्र ने बताया कि अतिशीघ्र संगठन वजूद में आएगा। उन्होने बताया की हम छोटी-छोटी कमेटियां भी गठित कर रहें है। जो बताएगें कि क्षेत्र में किन समस्याओं से आम जनता परेशान है, उसका हम स्थानीय स्तर पर निदान करेगें। श्री मिश्र ने पार्टी की राष्ट्रीय सचिव अलका पाण्डेय व प्रदेश सचिव संजय दूबे का भी आभार जताया।

# अटेवा ने कार्यकारिणी विस्तार कर वोट फॉर ओपीएस का किया आवाह्न

जन एक्सप्रेस । रायबरेली



सोमवार को अटेवा पेंशन बचाओ मंच, रायबरेली की एक महत्त्वपूर्ण बैठक सुपर 30 क्लासेज निकट रिलायंस ट्रेंड्स डिग्री कॉलेज चैराहा में आयोजित की गई। जिसमें जिला एवं ब्लॉक पदाधिकिरियों की उपस्थिति में ब्लॉक एवं जिला के विभिन्न पदों पर पेंशन विहीन साथयों को मनोनीत किया। जिला कार्यकारिणी से संयोजक इरफान अहमद, महामंत्री राजकुमार गुप्ता, संरक्षक राजेश यादव, कोषाध्यक्ष अंजनी मौर्य, मीडिया प्रभारी मोहम्मद नसीम, प्रवक्ता मयंक वर्मा ने कहा पेंशन विहीन साथियों की अटेवा संघर्ष में निरन्तर सक्रियता को देखते हुए सन्दीप सिंह जिला मन्त्री, सतीश चैरसिया को अमावां ब्लॉक अध्यक्ष, रामेन्द्र यादव को ब्लॉक महामन्त्री, गणेश को ब्लॉक कोषाध्यक्ष, प्रवेश यादव को ब्लॉक मीडिया प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है। पुरानी पेंशन बहाली आन्दोलन को इस कार्यकारिणी विस्तार से निश्चित ही एक नई ऊर्जा एवं मजबूती मिलेगी। 01 अक्टूबर को दिल्ली की पेंशन शंखनाद महारैली ने शिक्षक कर्मचारियों में यह विश्वास सुदृण कर दिया है कि पुरानी पेंशन को बहाल किए बिना कोई भी पार्टी सत्ता तक नहीं पहुँच सकेगी।

सलोन संयोजक योगेन्द्र यादव, सलोन महामन्त्री सर्वेश पटेल, सतांव संयोजक अविनाश यादव, अब्दुल मन्नान, अश्वनी कनौजिया ने कहा पुरानी पेंशन बहाली एवं निजीकरण की समाप्ति आज पूरे देश में शिक्षक कर्मचारियों का सबसे बड़ा मुद्दा बन चुका है।

आगामी विधानसभा एवं लोकसभा चुनावों में शिक्षक कर्मचारी पुरानी पेंशन बहाली के लिए वोट फॉर ओपीएस अभियान चलाकर अपने आन्दोलन को आगे बढ़ाएँगे। आज की मीटिंग में चद्रकान्त त्रिपाठी, घनश्याम, महेन्द्र कुमार, नरेन्द्र सिंह, आशुतोष, तुलसीराम आदि पेंशन विहीन साथियों ने भी प्रतिभाग किया।

# मां जगदम्बे सभी जनपदवासियों की सुख, समृद्धि व अच्छे स्वास्थ्य को बनाये रखें: पूनम सिंह

जन एक्सप्रेस । रायबरेली



शारदीय नवरात्रि में श्री दुर्गा अष्टमी की संध्या पर शहर के विभिन्न स्थानों पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों में कमला फाउंडेशन की अध्यक्ष पूनम सिंह बतौर मुख्य अतिथि पहुंची। कार्यक्रमों की कड़ी में सबसे पहले पूनम सिंह इंदिरा नगर के महाराणा प्रताप एल ब्लॉक पार्क में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव में पहुंची। हनुमानगढ़ी सरकार, अयोध्या से पधारे रसिकाचार्य श्री हित बृजराम जी ने अपने कथावाचनों से माहौल भक्तिमय बना दिया। कथा का रसपान करने के पश्चात पूनम सिंह ने श्री हित बृजराम जी से आशीर्वाद ग्रहण किया। कार्यक्रम का आयोजन वार्ड के सभासद एसपी सिंह व श्री हनुमान जी महाराज एवं समस्त भक्तगण के द्वारा आयोजित किया गया था। इसके उपरांत शिवाजी नगर में बनाये गए मां जगदम्बे के पंडाल में माताओं बहनों के साथ मिलकर श्री दुर्गा जी की आरती की। अंत में श्री श्री मां भगवती भाव पूजन समारोह समिति द्वारा श्री गुरु तेग बहादुर मार्केट (सुपरमार्केट) में आयोजित की जा रही मां भगवती के भव्य पूजन समारोह में मां भगवती के भक्तों के साथ मिलकर आरती की। यहां सचिन शुक्ला व उनकी धर्मपत्नी मुख्य यजमान रहे। आरती में शहर के अनेक गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर पूनम सिंह ने कहा कि नवरात्रि के पावन अवसर पर मां जगदंबे के भक्तों के साथ आरती कार्यक्रम में सम्मिलित होकर मुझे बड़ा ही मुझे हर्ष हो रहा है। मां जगदम्बे सभी जनपदवासियों की सुख, समृद्धि व अच्छे स्वास्थ्य बनाये रखे यही मेरी कामना है। कार्यक्रम के दौरान भारी संख्या में माता के भक्त भी उपस्थित रहे।

# दलित महिला के साथ सामूहिक बलात्कार न्यायालय नं दिया मुकदमा दर्ज करने का आदेश

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

जनपद के ऊंचाहार थाना क्षेत्र के एक गांव की निवासिनी एक दलित महिला का आरोप है कि वह 24.08.2023 लगभग शाम 7:00 बजे ऊंचाहार से घर लौट रही थी तभी उसे दो जानने पहचानने वाले व्यक्ति हरिनारायण त्रिपाठी उर्फ सागर त्रिपाठी और बृजेश पांडेय मिले और कहा आओ हम भी चल रहे हैं तुमको लिए चलें आओ मेरी गाड़ी में बैठ जाओ, महिला उनकी गाड़ी में बैठ गयी सुनसान जगह देखकर उन लोगों नें महिला के साथ अश्लील हरकत करना शुरू कर दिया और महिला का ब्लाउज फाड़ डाला एक व्यक्ति ने सिर पर तमंचा लगा दिया दूसरे व्यक्ति ने जमीन पर गिरा दिया और हाथ पकड़ कर दोनों लोगों ने बारी-बारी से उसके साथ बलात्कार किया। बलात्कार करने के बाद कहा कि किसी को बताओगी तो जान से मार दूंगा ऐसा कहते हुए दोनों वहां से भाग निकले घटना की सूचना महिला नें स्थानीय थाने पर दी किन्तु कोई कार्यवाही नहीं हुई। फिर महिला नें पुलिस अधीक्षक से भी न्याय की गुहार लगायी लेकिन वहां से भी कोई न्याय नहीं मिला, तब महिला नें अदालत का दरवाजा खटखटाया अदालत नें पूरे प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए ऊंचाहार कोतवाल को विपक्षियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर सक्षम पुलिस अधिकारी से पूरे मामले की विवेचना कराने और एक सप्ताह के अंदर चिक एफ. आई. आर. प्रस्तुत करने का आदेश दिया है।

# दलित गौरव संवाद कार्यक्रम का किया गया आयोजन

जन एक्सप्रेस । रायबरेली



जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा जनपद में विभिन्न स्थानों पर ''दलित गौरव संवाद'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कांग्रेस प्रवक्ता महताब आलम ने बताया कि रोहनिया ब्लाक के सद्दूपुर, अमावां के कोरिन का अड्डा पहाड़पुर, हरचन्दपुर के मोहम्मदपुर डिघौरा और शहरी क्षेत्र के सैय्यद राजन, किला बाजार, में चैपाल लगाकर दलित समाज के साथ संवाद स्थापित किया गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने चौपाल को सम्बोधित करते हुए कहा कि आजादी के बाद बने भारत के संविधान में दलित हितों के संरक्षण के लिए कांग्रेस सरकार ने कई व्यवस्थायें की जिसका लाभ इस समाज को मिला भी नौकरी, शिक्षा, जमीन, सत्ता जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में दलित समाज की भागेदारी सुनिश्चित हुई। शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव ने कहा कि अब समय आ गया है कि दलित समाज पुनः कांग्रेस के प्रति विश्वास जतायें क्योंकि कांग्रेस की नीतियों से ही हर समाज हर तबके का विकास सम्भव है।

# पेट्रोल डालकर युवक को जिंदा जलाने का मामला आया सामने, इलाज के दौरान हुई मौत

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

नगर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत राजकीय कालोनी में उस समय हड़कंप कच गया जब सोमवार की सुबह एक युवक को जिंदा जलाने का मामला सामने आया। आरोप है कि पड़ोस की रहने वाली रीमा पांडे ने आग से जलाकर मार डालने का प्रयास किया। युवक को गंभीर हालत में जिला अस्पताल ले जाया गया जहां पर उसकी हालत गंभीर होने पर उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया, जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार आग लगने से झुलसे युवक अनिल पांडे ने बताया कि हमारे पड़ोस में रहने वाली रीमा पांडे जोकि दीवानी न्यायालय में बाबू के पद पर कार्यरत हैं। अनिल पांडे ने बताया कि मेरी पत्नी तीन दिनों से गायब किए हुए हैं। आज सुबह जब मैं अपनी पत्नी के बारे में पूछने के लिए उनके घर गया तो रीमा पांडे ने पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी। जब युवक रीमा पांडे के घर के दरवाजे जलने लगा तो आस पास के लोगों ने पानी डालकर उसकी आग बुझाई और उसको जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां युवक की हालत गंभीर होने पर उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया जहां पर इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। जिला अस्पताल के ईएमओ डॉ. अनुराग शुक्ला ने बताया कि गंभीर अवस्था में जला हुआ एक युवक इमरजेंसी में आया हुआ था।

janexpressnews janexpresslive janexpresslive

# लखनऊ एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | लखनऊ | मंगलवार | 24 अक्टूबर 2023



**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 39°C | 28°C |
| कानपुर | 40°C | 30°C |
| देहरादून | 28°C | 23°C |
| नई दिल्ली | 40°C | 30°C |

# मदरसों में वोकेशनल और कंप्यूटर एजुकेशन, विदेशी फंडिंग पर रोक!

## अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की ओर से 2022 में 12 पॉइंट पर कराई गई थी जांच

## मदरसों की जांच में विदेशी फंडिंग का मामला आया था सामने, जांच करा रही सरकार

## मदरसा संस्थानों की फंडिंग की जांच और बदलावों के जरिए सूरत बदलने की कोशिश

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

उत्तर प्रदेश में मदरसा सुधार की योजना पर सरकार के स्तर पर काम शुरू किया गया है। मदरसा संस्थानों के लिए टाइम टेबल का निर्धारण, शिक्षकों और स्टूडेंट्स की उपस्थिति, सरकार से मान्यता, आधुनिक शिक्षा पर जोर दिया जा रहा है। इसके अलावा मदरसों को प्रभावित करने वाले कारकों को बीच से खत्म करने की भी तैयारी की गई है। यूपी सरकार की ओर से मदरसा शिक्षण संस्थानों के जरिए बच्चों के दिमाग के साथ खिलवाड़ करने वालों को चिह्नित करने की योजना बनाई गई। वर्ष 2022 में मदरसों की 12 पॉइंट पर जांच कराई गई। इसके तहत जो रिजल्ट सामने आए हैं। उसके आधार पर सुधार कार्यक्रमों को लागू किया गया है। मदरसा फंडिंग की एसआईटी जांच कराने का निर्णय लिया गया है। योगी सरकार की ओर से इसके लिए निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इसके बाद मदरसा एजुकेशन के मसले पर योगी सरकार की ओर से किए जा रहे कार्यों को लेकर कई संगठनों की ओर से सकारात्मक बयान सामने आने लगे हैं। दरअसल, मदरसों में पैसे कहां से आ रहे हैं और किन माध्यमों से किन कार्यों के लिए पैसे पहुंचाए जा रहे हैं, इन पर सरकार को कोई जानकारी नहीं मिल पाई थी। योगी सरकार के वर्तमान समय में उठाए जाने वाले कदमों की सराहना भी हो रही है।



### नेपाल सीमा से सटे मदरसों में गड़बड़ी

नेपाल सीमा से सटे प्रदेश के मदरसों में गड़बड़ी की आशंका जताई गई है। दरअसल, इन जिलों के कई मदरसों में आय के स्रोत पर संचालकों की ओर से सटीक जवाब नहीं दिया गया। दरअसल, योगी सरकार की ओर से प्रदेश के मदरसा सर्वे में पता चला है कि सर्वे में सामने आया था कि राज्य में 16,513 मान्यता प्राप्त मदरसे संचालित किए जा रहे हैं। 8500 मदरसे ऐसे हैं, जिनको मान्यता नहीं मिली हुई है। सर्वे में बलरामपुर, श्रावस्ती, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, बहराइच और लखीमपुर खीरी जिले के मदरसों में आय के स्रोत पर ठोस जवाब नहीं मिला। सर्वे के दौरान दावा किया गया कि उनकी आय का स्रोत कोलकाता, चेन्नई, मुंबई, दिल्ली और हैदराबाद जैसे शहरों से आने वाली जकात और विदेशी फंडिंग है। अब इसकी जांच का जिम्मा एडीजी एटीएस की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय स्ढ्ढञ्ज को दिया गया है। एडीजी एटीएस मोहित अग्रवाल, एसपी साइबर क्राइम डॉक्टर त्रिवेणी सिंह और अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के निदेशक की टीम इस पूरे मामले की जांच कर अपनी रिपोर्ट देगी।

### मदरसा संस्थानों की इन बिंदुओं पर हुई थी जांच

यूपी के अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने मान्यता प्राप्त और गैर मान्यता प्राप्त मदरसों का 12 बिंदुओं पर सर्वे करवाया। वर्ष 2022 में कराए गए सर्वे में संस्थान के बारे में विस्तार से जानकारी ली गई। इसमें मदरसों के नाम, मदरसे का संचालन करने वाली संस्था का नाम और मदरसा को शुरू किए जाने के वर्ष के बारे में जानकारी ली गई। इसके अलावा यह भी पता लगाया गया है कि मदरसों का संचालन कहां हो रहा है। इसमें देखा गया कि बड़ी संख्या में मदरसे निजी घरों में संचालित किए जा रहे हैं। वहीं, कुछ मदरसों को किराए के मकान में चलाया जा रहा है। साथ ही, यह भी जानकारी ली गई है कि मदरसों को संचालित किए जाने वाले भवन स्टूडेंट्स के लिए उपयुक्त हैं या नहीं। मदरसा भवनों में पेयजल, फर्नीचर, बिजली की व्यवस्था, शौचालय आदि सुविधाओं के बारे में जानकारी ली गई है। सरकार की ओर से कराए गए सर्वे में मदरसा संस्थानों में पढ़ाई करने वाले कुछ स्टूडेंट्स की संख्या के बारे में भी जानकारी हासिल की गई है। वहीं, मदरसा में पढ़ाने वाले शिक्षकों का भी विवरण लिया गया है। सरकार की ओर से मदरसे में लागू सिलेबस की जानकारी भी मांगी गई। इसमें बड़ी संख्या में गड़बड़ी सामने आई। राज्य सरकार की ओर से निर्धारित बोर्ड से भी मदरसा संस्थानों को संबद्धता नहीं लिए जाने का मामला सामने आया। कई मदरसा संस्थान पाठ्यक्रमों के बारे में उचित जानकारी नहीं दे पाए। सरकार ने जांच के क्रम में एक पॉइंट मदरसे की आय का रखा था। सवाल किया गया था कि मदरसे की आय का स्रोत क्या है? इसमें यह बताना था कि मदरसा को संचालित करने के लिए दान या जकात मिल रही है तो वह कहां से आ रही है। इसी में मदरसा संचालक फंस गए हैं। वे फंडिंग का स्रोत बताने में विफल रहे हैं। सीमावर्ती क्षेत्रों के मदरसों में विदेशी फंडिंग का मामला इसी बिंदु पर हुई जांच में सामने आया है। इसके अलावा सरकार ने मदरसों में पढ़ रहे छात्र-छात्राएं किसी और शिक्षण संस्थान स्कूल में नामांकित हैं या नहीं, इस संबंध में भी सवाल किया था। मतलब, छात्रों के अन्य संस्थानों में भी एडमिशन लिए जाने के बारे में जानकारी ली गई है। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के सर्वे में मदरसों के गैर सरकारी संस्था या समूह से संबद्धता की जानकारी ली गई है। इस संबंध में विवरण मंगाया गया है।

### नियमावली में भी संशोधन की तैयारी

योगी सरकार मदरसा शिक्षा को आधुनिक रूप देने के लिए कई योजनाओं पर काम कर रही है। मदरसा संस्थानों में टाइम टेबल लागू किया जा रहा है। कंप्यूटर और गणित की पढ़ाई शुरू कराने और बोर्ड से संबद्धता पर जोर दिया जा रहा है। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश अशासकीय अरबी-फारसी मदरसा मान्यता, प्रशासन और सेवा विनियमावली- 2016 में भी संशोधन की तैयारी है। अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री का कहना है कि मदरसा छात्र-छात्राओं को दीनियात की तालीम के साथ ही आधुनिक एवं विज्ञान की शिक्षा देकर मुख्यधारा से जोड़ा जाएगा। इसके लिए अधिकारियों को नियमावली में जरूरी संशोधन करने के निर्देश दिए गए हैं। मंत्री धर्मपाल सिंह विभागीय समीक्षा में कहा कि मदरसों में व्यावसायिक शिक्षा व कंप्यूटर की शिक्षा प्रभावी ढंग से लागू की जाए।

# इटौंजा दशहरा मेला में राम भगवान की निकली बारात, नगरवासी रहे मौजूद





जन एक्सप्रेस | पीयूष द्विवेदी

**इटौंजा, लखनऊ।** लखनऊ जिले के इटौंजा नगर पंचायत में पिछले कई सालों से होने वाला दशहरा मेला शुरू हो चुका है। बता दें कि इटौंजा दशहरा मेला में रामलीला हो रही हैं वहीं इटौंजा राम लीला मैदान से राम बारात निकाली गई,राम बारात पाण्डेय टोला से होकर धोबी टोला, पुरानी बाजार, बारी तोला, अवस्थी टोला होकर राजा बाग होते हुए मार्केट से रत्नेश्वर महादेव मंदिर के पास समापन किया गया। इस बारात में सैकड़ों की संख्या में नगरवासी एवं मेरा समिति की अध्यक्ष व सदस्य मौजूद रहे।

## फूड पेंशनर्स फोरम का सम्मेलन 22 नवम्बर को

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

खाद्य एवं रसद विभाग की सेवा से सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों, कर्मचारियों के फोरम %यूपी फूड पेंशनर्स फोरम% का प्रांतीय सम्मेलन,मिलन समारोह आगामी 22 नवम्बर को स्थानीय गोमतीनगर स्थित कम्फर्ट इन होटल के हाल मे आयोजित किया गया है जिसमे प्रदेश भर के विभागीय पेंशनर भाग लेंगे। यह निर्णय आज विभाग के पूर्व मुख्य विपणन अधिकारी, अपर आयुक्त विपणन बसंतलाल सिंह की अध्यक्षता मे सम्पन्न आयोजन समिति की बैठक मे लिया गया। बैठक मे पूर्व अपर आयुक्त अरुण कुमार सिंह, पूर्व आरएफसी बीके सिंह,डीसी दुबे, एलके मिश्रा, डा वीके त्रिपाठी, बीआर चतुर्वेदी, बीएल कुशवाहा आदि सदस्यों ने भाग लिया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में बुजुर्ग की मौत, घर में मचा कोहराम

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



लखनऊ कमिश्नरेट इटौंजा थाना क्षेत्र उसरना गांव के बुजुर्ग जयराम रावत की खेत में संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। बता दें कि थाना इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक के सर्वेश कुमार शुक्ला ने बताया कि बीती रात उसरना के जयराम रावत 65 वर्ष की खेत में संदिग्ध अवस्था में मृत्यु हो गई। मृतक रविवार को शाम 4 बजे घर से खेत में मटर बोने के लिए निकला था गांव के बाहर शराब की दुकान से शराब की बोतल खरीदी शराब के नशे में मृतक इतना धुत था कि उसकी संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। वहीं जब मृतक घर वापस नहीं लौटा तो उसके पुत्र हरीश और विशाल ने उसकी तलाश की और खेत में मृत पाया। इसकी सूचना ग्राम प्रधान ने पुलिस को दी पुलिस ने मृतक की लाश को पोस्टमार्टम के लिए लखनऊ भेज दिया। वहीं पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने पर इस मामले का खुलासा हो सकेगा।

# स्मैक खरीदोगे या गांजा चरस? मवैया आलमबाग

- नशे की थोक बाजार है मवैया आलमबाग
- मादक पदार्थ के विक्रेताओं को नहीं है आलमबाग पुलिस का डर

जन एक्सप्रेस/आशीष कुमार सिंह







**लखनऊ।** नशे के कारोबारियों का यूं तो पूरे लखनऊ में जाल बिछा हुआ है लेकिन थाना आलमबाग के मवैया में गांजा चरस का थोक बाजार है जहां पर बड़े आसानी से ही आपको मादक पदार्थ मिल जाएगा, थाना आलमबाग क्षेत्र में मवैया, गढी कनौरा, फतेहली, क्षेत्र में जब चाहो जिस वक्त चाहे नशे का सामान बड़ी आसानी से खुले आम बेचा जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक इस नशे के व्यापार को महिलाएं व बच्चे घर-घर में पुड़िया बनाकर ?100 से ?200 के बीच प्रतिदिन खुले आम सड़कों पर खड़े होकर बेच रहे हैं जिसकी सूचना थाना प्रभारी आलमबाग को है उसके बावजूद भी इन लोगों पर लगाम लगाने में नाकामयाब है आलमबाग पुलिस बड़े हैरानी की बात है कि जहां पर मंडला आयुक्त रोशन जैकब ने खुले आम में पान मसाला बेचने पर भी बैन लगा दिया है वहीं पर मादक पदार्थ बेचने पर आलमबाग पुलिस क्यों नहीं ध्यान दे रही है। जिससे बच्चे वह युवा पीढ़ी नशे की भेट चढ रहे हैं जिसके कारण लड़कों के साथ लड़कियां भी नशे की आदी हो रही हैं इसी कारण युवा वर्ग में अपराध की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है तथा छोटे-छोटे बच्चे नशे के आदी हो रहे हैं समाज में नशे के कारण महिला संबंधी अपराधों के जैसे की छेड़खानी और बलात्कारों की बढ़ोतरी हो रही है राजधानी लखनऊ में नशे का कारोबार माननीय मुख्यमंत्री के आदेशों की अवहेलना करते हुए पुलिस की मिली भगत के कारण फल फूल रहा है क्योंकि थाना चौकी का यह नशे का कारोबार कमाई का क्षेत्र है आलमबाग के मवैया क्षेत्र में यह कारोबार घर-घर में फल फूल रहा है स्थानीय लोग इस कारोबार के कारण अपने बच्चों के भविष्य के लिए चिंतित हैं इस संदर्भ में जब-जब थाना आलमबाग प्रभारी को अवगत कराया जाता है, किंतु उनके द्वारा कार्यवाही ना करके अपने कारखास सिपाहियो व दरोगाओं के द्वारा वसूली कर ली जाती है वर्तमान में आलमबाग क्षेत्र में यह कारोबार चरम सीमा पर है कारोबार के कुछ वीडियो थाना प्रभारी को दिए गए किंतु उन्होंने उन पर कार्यवाही करने के बजाय उनसे वसूली कर ली प्रभारी महोदय का कहना है कि इस कार्य में नेताओं तक का हाथ है मैं कुछ नहीं कर सकता इससे पूर्व भी एक प्रभारी ऐसे ही आए थे जिन्होंने नशे के कारोबार का अपने कार्यकाल में चरम सीमा पर पहुंचाया था क्योंकि वह स्वयं नशे के आदि थे आपको बताते चले सूत्रों के मुताबिक फतेहली चौकी के नाक के नीचे रेलवे कॉलोनी में सुबह से लेकर देर रात तक नशेड़ियों का जमावड़ा लगा रहता है और पुलिस आंख बंद कर के बैठी रहती है मंडला आयुक्त के आदेशों का खुले आम उल्लंघन करने में आलमबाग पुलिस को प्रथम स्थान का दर्जा प्राप्त है मवैया क्षेत्र की हर गली में जब चाहे बड़े आसानी से नशे का सामान मिल जाता हैं। विस्तृत सूत्रों से पता चला की इन नशे के कारोबारियो के तार नेपाल, नानपारा, व उड़ीसा तक जुड़े हैं।

## मंत्रियों ने प्रदेशवासियों को दीं विजयादशमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

प्रदेश के प्राविधिक शिक्षा मंत्री एवं उपभोक्ता मामले आशीष पटेल, व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री स्वतंत्रप्रभार कपिल देव अग्रवाल, दिव्यांगजन सशक्तिकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप तथा उद्यान, कृषि-विपणन, कृषि-विदेश व्यापार, कृषि निर्यात राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने प्रदेशवासियों को विजयादशमी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।मंत्रीगणों ने शुभकामना संदेश में कहा कि बुराई परअच्छाई की जीत के प्रतीक रूप में विजयादशमी के दिन को जाना जाता है। तब से बुराई के प्रतीक रावण के पुतले कोजलाने की परंपरा चली आ रही है। भगवान श्रीराम का जीवन समाज को निरंतर सत्य के मार्ग में चलने की प्रेरणा दे रहा है।

## पार्षद पति व ससुर के खिलाफ मुख्यमंत्री से की शिकायत



- पूर्व में भी लग चुके हैं पार्षद पति सनी रावत व ससुर संदीप कुमार उर्फ पिंटू पर अवैध वसूली करने के गंभीर आरोप

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

माननीय कल्याण सिंह वार्ड नंबर 9 की सपा पार्षद श्रीमती आशा रावत के पति व ससुर इन दिनों अवैध वसूली व अवैध कब्जे को लेकर सुर्खियों में छाए हुए, लखनऊ के न्यू माननीय कल्याण सिंह वार्ड नंबर 9 से समाजवादी पार्टी की पार्षद श्रीमती आशा रावत के पति सनी रावत व ससुर संदीप कुमार उर्फ पिंटू पार्षद का चुनाव जीतने के बाद से ही माननीय उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की छवि धूमिल करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं, क्योंकि यह सीट समाजवादी पार्टी से टिकट मिलने के बाद ही जीती थी, पर सपा पार्षद के पति व ससुर इन दिनों पद का गलत दुरुपयोग करते हुए क्षेत्र के लोगों को डरा धमका कर पहले अवैध वसूली की मांग करते हैं, जब अवैध वसूली नहीं मिलती है तो हर संभव पीड़ित को प्रताड़ित करते हैं, पूर्व में भी लग चुके हैं पार्षद पति व ससुर पर लाखों रुपए मांगने के गंभीर आरोप, जीता जागता उदाहरण सरोजनी नगर तहसील क्षेत्र के ग्राम सरोसा भरोसा का है जहां पीड़ित मोनू कुमार पुत्र स्वर्गीय प्यारेलाल निवासी आलमनगर का प्लाट, जिसका खसरा संख्या 237 ग्राम भरोसा में स्थित है जिसे करीब 8 वर्ष पहले खरीदा था, पीड़ित के प्लाट के सामने 20 फीट का रोड़ बना हुआ था, जिसे दबंगई के बल पर पार्षद पति सनी रावत व ससुर संदीप कुमार उर्फ पिंटू द्वारा पहले पीड़ित से दो लाख रूपये की अवैध वसूली की मांग की, जब पीड़ित ने अवैध वसूली देने से मना कर दिया तो पार्षद पति व ससुर ने करीब दो दर्जन लोगो के साथ पीड़ित के प्लाट के सामने 20 फिट के रास्ते को बंद करते हुए प्लाट में तब्दील कर दिया, जब पीड़ित ने इसका विरोध किया तो पार्षद पति व ससुर ने पीड़ित को डरा धमका कर भद्दी-2 गालियां देते हुए भगा दिया, जिससे परेशान पीड़ित ने उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई, साथ ही कोतवाली प्रभारी पारा को प्रार्थना पत्र देकर उनसे भी लगाई न्याय गुहार।

## एनडीआरएफ द्वारा यू पी एसडीआरएफ के प्रशिक्षुओं का आपदा प्रबंधन कोर्स का समापन समारोह

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



एनडीआरएफ द्वारा चलाये गये 42 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के उपरांत, उत्तर प्रदेश एसडीआरएफ लखनऊ की 40 कार्मिकों को आपदा से निपटने के लिये तैयार किया गया। उत्तर प्रदेश एसडीआरएफ के प्रशिक्षुओं का आपदा प्रबंधन कोर्स संपन्न हुआ। वर्तमान में उत्तर प्रदेश एसडीआरएफ लखनऊ का संचालन कमांडेंट डॉ. सतीश कुमार (आईपीएस) द्वारा किया जा रहा है। मनोज कुमार शर्मा उप-महानिरीक्षक 11वीं वाहिनी द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के अतुल करवाल (आईपीएस) महानिदेशक के दिशानिर्देश पर पुरे भारतवर्ष के सभी राज्यों के राज्य आपदा मोचन बल को आपदा से निपटने के लिये तैयार किया जा रहा है। इसी क्रम में कोर्स अधिकारी अनिल कुमार पाल के नेतृत्त्व में पूर्ण रूप से प्रशिक्षित एनडीआरएफ के गोताखोर, कुशल तैराक एवं हर आपदा से निपटने में सक्षम, सम्पूर्ण उपकरणों से सुसज्जित 12 सदस्यीय प्रशिक्षण टीम द्वारा एसडीआरएफ कैंप भदरसा विजनौर लखनऊ उत्तर प्रदेश में प्रशिक्षण चलाया गया। इस दौरान प्रशिक्षुओं को विभिन्न प्रकार की आपदाओं से निपटने के लिए तैयार किया गया। अनिल कुमार पाल उप कमांडेंट द्वारा बताया गया कि उत्तर प्रदेश एसडीआरएफ प्रशिक्षु को प्रशिक्षण के दौरान कम से कम समय में अधिक से अधिक वास्तविक आपदाओं के दृश्यों से अवगत कराकर और राहत एवं बचाव के तरीकों का अभ्यास कराया गया। प्राकृतिक आपदा एवं कृतिम आपदाओं में प्राथमिक चिकित्सा उपचार, केमिकल, बायोलोजिकल, रेडिओलोजिकल और न्यूक्लियर ध्वस्त ढाचा खोज एवं बचाव, बाढ़ बचाव, भूकंप, रेल दुर्घटना एवं रोप रेस्क्यू आदि का पूर्ण प्रशिक्षण दिया गया, ताकि भविष्य यूपी एसडीआरएफ आपदाओं में जन मानस का अमूल्य जीवन बचा सके। इस समापन समारोह में एनडीआरएफ की पुरी प्रशिक्षण टीम एवं उत्तर प्रदेश एसडीआरएफ के 40 प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

## नवरात्रि नवमी के दिन मां चंद्रिका देवी में भक्तों ने किये मां के दर्शन

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लखनऊ जिले के बख्शी का तालाब कठवारा गांव स्थित मां चंद्रिका देवी मंदिर दिव्यता व भव्यता मन्नत पूर्ण एवं कल्याण के लिए पूरे उत्तर प्रदेश में विख्यात है। बता दें कि लोगों की मां चंद्रिका देवी के प्रति इतनी श्रद्धा है कि नवरात्रि एवं अमावस्या के दिन कई जनपदों के भक्त आते हैं। वहीं मेला समिति के कर्मचारीयों की मेहनत से अमावस्या मेला व नवरात्रि शांतिपूर्वक संपन्न होते रहते हैं तथा पुलिस विभाग के अधिकारी एवं सिपाहियों द्वारा सुरक्षा व्यवस्था चाक चऔबंद की जाती है जिससे कि भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न हो सकें। आपको बता दें कि सोमवार को नवमी के दिन मां चंद्रिका देवी परिसर में भक्तों की श्रद्धा एवं उनकी भक्ति साफ दिखाई दे रही थी छोटी-छोटी कन्याओं को भक्त भोजन कराकर दक्षिणा भी दे रहे थे। सैकड़ो की तादाद में कन्याएं भोजन कर रही थी भक्त आता रहे और कन्याओं को भोजन करता रहें। दिनभर नवमी के दिन भर यही चलता रहा।

# इटौंजा कुंम्हरावां कुर्सी मार्ग पर गड्ढे होने से आए दिन होते हैं हादसे

- सड़क के दोनों तरफ पटरी ना होने से होता है हादसा,कई लोग गंवा चुके है जान

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



लखनऊ के बख्शी का तालाब तहसील क्षेत्र के इटौंजा कुर्सी मार्ग पर गड्ढे ही गड्ढे नजर आते हैं। बता दें कि वाहनों की कौन कहे पैदल चलना मौत को पैगाम देना है। इधर लोक निर्माण विभाग के आला अफसर बेखबर हैं। सरकार का निर्देश है कि मार्गों को गड्ढा मुक्त बनाया जाए पर लोक निर्माण विभाग के अधिकारी इस निर्देश को नजर अंदाज कर रहे हैं। वहीं यह मार्ग 20 किलोमीटर लंबा है सामरिक तथा व्यावसायिक दृष्टि से इस मार्ग का अपना महत्व है। यह मार्ग बाराबंकी लखनऊ तथा अन्य जनपदों को जोड़ता है। वहीं इटौंजा कुर्सी मार्ग अत्यंत जर्जर है मार्ग में असंख्य गड्ढे व दरारे होने की वजह से वाहनों का चलना दुश्वार है। आए दिन इस मार्ग पर सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं यह फिर वाहनों का टायर पंचर हो जाता है यह फिर वाहनों में तकनीकी खराबी हो जाती है। इससे कई कई दिन तक वाहन खड़े रहते हैं और ट्रैकों में लदा हुआ माल खराब होने लगता है। मार्ग में फुटपाथ नदारत है वाहन चालक की जरा सी चूक होने पर वह खंदक में गिर जाता है। आपको बताते चलें गत वर्ष इसी माह अक्टूबर माह में टिकौली गांव की 8 महिलाओं की ट्रैक्टर ट्राली के पलट जाने से मौत हो गई थी। यह सभी महिलाएं उनई देवी के दर्शन करने जा रही थी। वहीं प्रत्यक्षदर्शी अनुराग सिंह अनुज ने बताया कि इस मार्ग पर फुटपाथ ना होने की वजह से यह बड़ा हादसा हुआ था उस समय घटनास्थल पर उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक, लखनऊ जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार व उपजिलाधिकारी बीकेटी एवं पुलिस विभाग के आला अफसर तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारी मौजूद थे सभी अधिकारियों का निर्देश था कि मार्ग के दोनों तरफ फुटपाथ चौड़े किए जाएं पर समय बीत जाने पर अधिकारी मौन हो गए। जिसका खामियाजा नागरिकों व वाहनों को भुगतना पड़ रहा है।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# दस बुराइयों से मुक्ति पाने का पर्व है दशहरा



*भारत विशाल देश है। इसकी भौगोलिक संरचना जितनी विशाल है, उतनी ही विशाल इसकी संस्कृति है। यह भारत की सांस्कृतिक विशेषता ही है कि सभी पर्व देश में एक जैसी श्रद्धा और विश्वास के साथ मनाए जाते हैं, भले ही उनके मनाने की विधि अलग हो। ऐसा ही पावन पर्व दशहरा है। इसे विजयादशमी के नाम से भी जाना जाता है। दशहरा को मर्यादा पुरुषोत्तम राम द्वारा अत्याचारी राक्षसी प्रवृत्तियों के प्रतीक रावण के वध का स्मरण कर बुराई पर अच्छाई के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। लोग दैत्याकार पुतले को फूंक कर तमाशे के उल्लास में अपने कर्तव्य पालन को सीमित रखते हैं। लोग यह भुला देते हैं कि अत्याचार और उत्पीड़न के साथ संघर्ष कभी समाप्त नहीं होता। रावण के दस सिर मात्र उसकी असाधारण बुद्धिमत्ता की याद नहीं दिलाते, वरन उन दस बुराइयों को गिनने के लिए हमें प्रेरित करते हैं, जिन्होंने हमारे जीवन को दूभर बना रखा है। दशहरा इनसे मुक्ति पाने का बड़ा अवसर है। इसलिए हमें अपने समाज में व्याप्त बुराइयों-विकृतियों को नए सिरे से पहचानने और उनेके उन्मूलन के लिए कमर कसनी होगी। हमारी समझ में महिलाओं के विरुद्ध अपराधों का उन्मूलन सबसे अहम प्राथमिकता है, क्योंकि पितृसत्तात्मक पुरुष प्रधान समाज में घनघोर लिंगभेदी अन्याय है। इससे महिलाओं की प्रतिभा और ऊर्जा को पंगु बनाने वाली विषमता पैदा होती है। बिना महिला सबलीकरण के निरक्षरता या बेरोजगारी के उन्मूलन को दूर करने की बात सोची भी नहीं जा सकती। पर्यावरण का संरक्षण हो या स्वच्छता का आग्रह, इन मूल्यों की जड़ें भी इसी कर्तव्य में निहित हैं। अदालतों में न्याय मिलने में देर किसी अंधेर से कम नहीं है। पुराने समय से कहा जाता है कि कचहरी में घुसने वाले के हाथ चांदी के और पांव फौलाद के होने चाहिए। यह वह जगह है जहां निचले स्तर पर भ्रष्टाचार का बाजार गरम रहता है। सर्वोच्च न्यायालय अनेक बार इस पर टिप्पणी कर चुका है। यह भी ऐसी ही बुराई है जिसे दूर करने का संकल्प लेना चाहिए। राजनीति में शुचिता भी बहुत जरूरी है। इसलिए बाहुबल जैसी बुराई से फासला बनाने की जरूरत है। राजनीति को चुनाव तक सीमित नहीं रखना चाहिए। अपने बुनियादी अधिकारों के संबंध में भी जागरूक रहने की जरूरत है। विजयादशमी का पर्व सिर्फ बाहरी जगत की बुराइयों से लड़ने का नहीं है। अपने भीतर के व्यसन और विकृतियों के उन्मूलन का मौका भी है। स्वस्थ समाज, सुशिक्षित समाज, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, नारी सशक्तीकरण, गरीबी उन्मूलन, जनसंख्या नियोजन सिर्फ सरोकार नहीं, बल्कि व्यापक अर्थों में आज देश की सबसे बड़ी और बुनियादी समस्याएं हैं। हमें इस पावन अवसर पर इन बुनियादी समस्याओं के निजात के लिए अपने स्तर पर प्रयास करने का संकल्प भी लेना चाहिए। संकल्प का यह मार्ग ही विजय पथ है। इस पथ पर केवल धर्मपरायण और साहसी ही पांव रखते हैं। भगवान राम ने नौ दिन मां आदिशक्ति की आराधना कर दसवें दिन रावण का वध कर माता सीता को मुक्त कराया था। आइए हम सब समाज और राक्षस रूपी कुरीतियों को समाप्त कर राष्ट्र को उन्नति के पथ पर ले जाएं।*

## एक्सप्रेस आलेख

मान्यता है कि आदि शक्ति दुर्गा ने दशहरे के ही दिन महाबलशाली असुर सम्राट महिषासुर का वध किया था। जब महिषासुर के अत्याचारों से भूलोक और देवलोक त्राहि–त्राहि कर उठे थे, तब आदि शक्ति मां दुर्गा ने 9 दिनों तक महिषासुर के साथ बहुत भयंकर युद्ध किया था और दसवें दिन उसका वध करते हुए उस पर विजय हासिल की थी। इन्हीं 9 दिनों को दुर्गा पूजा (नवरात्र) के रूप में एवं शक्ति संचय के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है और महिषासुर पर आदि शक्ति मां दुर्गा की विजय वाले दसवें दिन को विजयादशमी के रूप में मनाया जाता है। श्राद्धों के समाप्ति वाले दिन मिट्टी के किसी बर्तन में मिट्टी में जौ बोए जाने की परम्परा बहुत से क्षेत्रों में देखने को मिलती है।

# सांस्कृतिक, ऐतिहासिक एवं राष्ट्रीय एकता का पर्व दशहरा



योगेश कुमार गोयल

**दशहरे के दिन तक जौ उगकर काफी बड़े हो जाते हैं, जिन्हें 'ज्वारे' कहा जाता है। मिट्टी के जिस बर्तन में जौ बोए जाते हैं, उसे स्त्री के गर्भ का प्रतीक माना गया है और ज्वारों को उसकी संतान। दशहरे के दिन लड़कियां अपने भाईयों की पगड़ी अथवा सिर पर ज्वारे रखती हैं और भाई उन्हें कोई उपहार देते हैं।**

आश्विन शुक्ल दशमी को प्रतिवर्ष 'विजयादशमी' पर्व के रूप में मनाया जाता है, जिसे दशहरा भी कहा जाता है। दशहरा इस वर्ष उदया तिथि के अनुसार 24 अक्तूबर को मनाया जा रहा है। समस्त भारत में दशहरा भगवान श्रीराम द्वारा लंकापति रावण के वध के रूप में अर्थात् बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में तथा आदि शक्ति दुर्गा द्वारा महाबलशाली राक्षसों महिषासुर व चण्ड-मुण्ड का वध किए जाने के रूप में मनाया जाता है। मान्यता है कि भगवान श्रीराम ने रावण पर विजय पाने के लिए इसी दिन प्रस्थान किया था। इतिहास में कई ऐसे उदाहरण हैं, जिनसे पता चलता है कि हिन्दू राजा अक्सर इसी दिन विजय के लिए प्रस्थान किया करते थे। इसी कारण इस पर्व को विजय के लिए प्रस्थान का दिन भी कहा जाता है और इसे क्षत्रियों का त्यौहार भी माना गया है। इस दिन अपराजिता देवी की पूजा भी होती है। मान्यता है कि सर्वप्रथम श्रीराम ने समुद्र तट पर शारदीय नवरात्रि पूजा का प्रारंभ किया था और तत्पश्चात् दसवें दिन लंका विजय के लिए प्रस्थान करते हुए विजय प्राप्त की थी। तभी से दशहरे को असत्य पर सत्य तथा अधर्म पर धर्म की जीत के पर्व के रूप में मनाया जा रहा है। दो शब्दों दश तथा हरा से मिलकर बना है दशहरा। दश का अर्थ है दस तथा हरा का अर्थ है ले जाना। इस प्रकार दशहरे का मूल अर्थ है दस अवगुणों या बुराईयों को ले जाना यानी इस अवसर पर अपने भीतर के दस अवगुणों को खत्म करने का संकल्प लेना। दरअसल हर इंसान के भीतर रावण रूपी अनेक बुराईयां मौजूद होती हैं और सभी पर एक बार में विजय पाना संभव भी नहीं है, इसलिए दशहरे पर ऐसी ही कुछ बुराईयों का नाश करने का संकल्प लेकर इस पर्व की सार्थकता सुनिश्चित की जा सकती है। दशहरे को रावण पर राम की विजय अर्थात् आसुरी शक्तियों पर सात्विक शक्तियों की विजय तथा अन्याय पर न्याय की, बुराई पर अच्छाई की, असत्य पर सत्य की, दानवता पर मानवता की, अधर्म पर धर्म की, पाप पर पुण्य की और घृणा पर प्रेम की जीत के रूप में मनाया जाता है। दशहरे का धार्मिक के साथ सांस्कृतिक महत्व भी कम नहीं है। यह पर्व देश की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक एवं राष्ट्रीय एकता का पर्व है। सही अर्थों में यह पर्व अपने भीतर छिपे दुर्गुणों रूपी रावण को मारकर तमाम अवगुणों पर विजय प्राप्त करने का शुभकाल है। दशहरे के



**सही मायनों में इस पर्व की सार्थकता तभी सुनिश्चित हो सकती है, जब हम इस अवसर पर आत्मचिंतन करते हुए अपने भीतर की बुराईयों रूपी रावण पर ध्यान केन्द्रित करते हुए उनका विनाश करने का प्रयास करें।**

उत्सव का संबंध नवरात्रों से जोड़कर देखा जाता रहा है। शक्ति की उपायना का यह पर्व सनातन काल से ही शारदीय नवरात्र प्रतिपदा से शुरू होकर नवमी तक नौ तिथि, नौ नक्षत्र और नौ शक्तियों की नवधा भक्ति के साथ मनाया जाता है। माना जाता है कि नवरात्रों में देवी की शक्ति से दसों दिशाएं प्रभावित होती हैं और देवी दुर्गा की कृपा से ही दसों दिशाओं पर विजय प्राप्त होती है, इसलिए भी नवरात्रों के बाद आने वाली दशमी को 'विजयादशमी' कहा जाता है। नवरात्रों के नौ दिनों में हम देवी के नौ रूपों की पूजा करते हैं लेकिन ऐसा करते हुए हमें यह भी समझना चाहिए कि हमारे समाज में सभी नारियां दुर्गा, सरस्वती, लक्ष्मी, पार्वती या काली का ही रूप हैं, इसलिए इन पर्वों की सार्थकता सही मायनों में तभी सिद्ध हो सकती है, जब हम अपने समाज में देवी स्वरूपा नारी को उचित मान-सम्मान दें, उसे गर्भ में ही मौत की नींद सुलाने से बचाएं, शिक्षित करके उन्हें उनका हक दिलाएं, आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाएं और सम्मानित जीवन जीने का अधिकार प्रदान करें। शारदीय नवरात्रों का अहम अंग बनकर प्रतिवर्ष दुर्गोत्सव को पूर्णता प्रदान करता बुराई पर अच्छाई तथा असत्य पर सत्य की जीत को परिभाषित करता यह पावन पर्व हमें मानवीय मूल्यों के संरक्षण में सर्वत्र विजयी होने का संदेश देता है। मान्यता है कि आदि शक्ति दुर्गा ने दशहरे के ही दिन महाबलशाली असुर सम्राट महिषासुर का वध किया था। जब महिषासुर के अत्याचारों से भूलोक और देवलोक त्राहि-त्राहि कर उठे थे, तब आदि शक्ति मां दुर्गा ने 9 दिनों तक महिषासुर के साथ बहुत भयंकर युद्ध किया था और दसवें दिन उसका वध करते हुए उस पर विजय हासिल की थी। इन्हीं 9 दिनों को दुर्गा पूजा (नवरात्र) के रूप में एवं शक्ति संचय के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है और महिषासुर पर आदि शक्ति मां दुर्गा की विजय वाले दसवें दिन को विजयादशमी के रूप में मनाया जाता है। श्राद्धों के समाप्ति वाले दिन मिट्टी के किसी बर्तन में मिट्टी में जौ बोए जाने की परम्परा बहुत से क्षेत्रों में देखने को मिलती है। दशहरे के दिन तक जौ उगकर काफी बड़े हो जाते हैं, जिन्हें 'ज्वारे' कहा जाता है। मिट्टी के जिस बर्तन में जौ बोए जाते हैं, उसे स्त्री के गर्भ का प्रतीक माना गया है और ज्वारों को उसकी संतान। दशहरे के दिन लड़कियां अपने भाईयों की पगड़ी अथवा सिर पर ज्वारे रखती हैं और भाई उन्हें कोई उपहार देते हैं। सही मायनों में इस पर्व की सार्थकता तभी सुनिश्चित हो सकती है, जब हम इस अवसर पर आत्मचिंतन करते हुए अपने भीतर की बुराईयों रूपी रावण पर ध्यान केन्द्रित करते हुए उनका विनाश करने का प्रयास करें।

## एक्सप्रेस कविता

*श्री राम ने रावण का वध किया, पर आज कलयुग के इस भव संसार में, ना जाने कितने रावण दुष्ट और राक्षस विचरण कर रहे हैं स्वच्छंद आसपास, आज रावण न जाने कहां-कहां व्याप्त है मन में रावण,तन में रावण, चरित्र में रावण दशानन की दसों आंखों में अवगुण व्याप्त, हर मुखड़ा पृथक पृथक बुराइयों का प्रतीक, लालसा, लालच, पराई नार पर कुदृष्टि, अबला नारी पर अत्याचार दुराचार, नारी उत्पीड़न, हर गली हर मोहल्ले हर शहर हर राज्य मैं रावण ही रावण फैले हुए हैं। कई घरों में बाप भाई के रूप में रावण, रिश्तेदारों के अंदर रावण, राजनीति में रावण, सामाजिक नीति में रावण, युद्ध नीति में रावण, प्रशासन में रावण, शासन में रावण, पुलिस बल में रावण, मंत्री से लेकर संतरी तक रावण ही रावण।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*प्रभु से यह मत कहो कि समस्या विकट है, बल्कि समस्या से कह दो कि प्रभु मेरे निकट हैं।*

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | दशमी 15:12 तक |
| नक्षत्रः | धनिष्ठा 15:18 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | मंगलवार |
| योगः | गांदा, 15:34 |
| सूर्योदयः | 06:30 |
| सूर्यास्तः | 17:38 |
| चंद्रमाः | कुम्भ राशि में |
| राहुकालः | 14:51-16:15 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वतः | 1944 |
| मासः | आश्विन |
| शुभ मुहूर्तः | 11:42-12:27 |

## जन एक्सप्रेस

**दमघोंटू वातावरण !**

*हवा हुई जहरीली ।*
*होगा रखना ध्यान ।।*
*संयम सावधानी से ही ।*
*हो सकता कल्याण ।।*
*दमघोंटू वातावरण ।*
*है अचानक छाया ।।*
*गंदगी का फिर से ।*
*दिख रहा है साया ।।*
*हल्ला गुल्ला करके बंद ।*
*है करना प्रहार ।।*
*स्वच्छ हवा ही सबका ।*
*जन्मसिद्ध अधिकार ।।*
*जो भी जिम्मेदार हैं ।*
*हो अब कार्रवाई ।।*
*ना हुआ नियंत्रण तो ।*
*होगी जगहंसाई ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# काले गेंहू के सेवन से सेहत को मिलते हैं कई जबरदस्त फायदे, डाइट में करें शामिल



**काला** गेंहू शरीर के लिए फायदेमंद होता है। यह सामान्य गेंहू से अलग होने के साथ इसकी आटे की रोटियां भी काली बनती है। यह गेंहू पोषक तत्वों से भरपूर होता है। इसमें जिंक, प्रोटीन, कॉपर, फाइबर, कैल्शियम, पोटेशियम और विटामिन बी1 पाया जाता हैं। इसके सेवन से पाचन तंत्र से जुड़ी समस्याएं कम होने के साथ शरीर की कमजोरी भी दूर होती हैं। यह शरीर को हेल्दी रखने के साथ कई बीमारियों से भी शरीर का बचाव करता है। इसके सेवन से दिल संबंधी बीमारियों का खतरा कम होने के साथ कोलेस्ट्रॉल लेवल भी कंट्रोल में रहता है। यह कब्ज की समस्या को दूर करने के साथ मल को भी सॉफ्ट बनाता है।

**डायबिटीज में फायदेमंदः** काला गेंहू की रोटी अगर डायबिटीज के मरीज सेवन करते हैं, तो इसको खाने से शरीर में ब्लड शुगर कम होने के साथ शरीर हेल्दी रहता है। वहीं जिन लोगों को डायबिटीज नहीं होती है। उनको काले गेंहू के सेवन से डायबिटीज होने का खतरा कम होता है और शरीर स्वस्थ भी रहता है।

**पाचन-तंत्र के लिए फायदेमंदः** अगर आपको भी नॉर्मल गेंहू की रोटी खाने से पेट में कब्ज की समस्या हो जाती है, तो डाइट में काले गेंहू से बनी रोटी को शामिल करें। यह रोटी खाने से कब्ज की समस्या दूर होने के साथ मल मुलायम होता है और पेट साफ होने में मदद मिलती है। इसमें मौजूद फाइबर पेट को स्वस्थ रखने में मदद करता है।

**हार्ट के लिए हेल्दीः** काले गेहूं में मैग्नीशियम प्रचुर मात्रा में पाया जाता है, जो हार्ट को हेल्दी रखने के साथ कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करता है। इसके सेवन से दिल संबंधी बीमारियां जैसे हार्ट अटैक और हार्ट स्ट्रोक का खतरा कम होता है। काले गेंहू के सेवन से हाई ब्लड प्रेशर का लेवल भी कंट्रोल रहता है।

**खून की कमी करे दूरः** काले गेंहू में भरपूर मात्रा में आयरन पाया जाता है, जो शरीर में खून की कमी को दूर करने के साथ शरीर को ताकत भी देता है। इसके सेवन से शरीर हेल्दी रहने के साथ कई बीमारियों का खतरा कम भी होता है। इसके सेवन से शरीर का ऑक्सीजन लेवल भी कंट्रोल रहता है।

**इम्यूनिटी को करें मजबूतः** काले गेंहू में विटामिन बी, मैग्नीशियम, मैंगनीज, जिंक, कैल्शियम, आयरन, कॉपर और अमीनो एसिड पाए जाते हैं, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के साथ मौसमी बीमारियों के खतरे को कम करता हैं। इसमें नियमित गेहूं की तुलना में अधिक एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, यह एंटीबॉडी को बनाए रखता है। यह संक्रमण से लड़ने में मदद करता है। काले गेंहू के सेवन से शरीर को यह फायदे मिलते हैं। हालांकि, अगर आपको कोई बीमारी या एलर्जी की समस्या हैं, तो डॉक्टर से पूछकर ही इसका सेवन करें।

## एक्सप्रेस विशेष

# तो क्या ढीली होने लगी गठबंधन की गांठे?



रमा निवास तिवारी

**राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में सीटों के बंटवारे पर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी में जुबानी जंग तेज हो चुकी है। कांग्रेस और केजरीवाल पंजाब और दिल्ली में एक दूसरे को देखना नही चाहते, पर लोकसभा चुनावों में वे गठबंधन धर्म निभाते हुए मिलकर चुनाव लड़ने की कसमें खा रहे हैं।**

**गठबंधन के सभी दलों को बहुत ही सूझबूझ से आगे चुनाव में जाना होगा अन्यथा मोदी से लड़ने का संकल्प लेकर बना गठबंधन आपसी दलों की लड़ाई का एक टूल बनकर रह जायेगा ।बड़ी पार्टी और अगुवा होने के नाते कांग्रेस की चिंता इस पर सबसे अधिक होनी चाहिए ।अस्तित्व भी उसी का दांव पर है,अगर गठबंधन का संतुलन बिगड़ा तो कांग्रेस को चुनावों में इसकी भारी कीमत भी चुकानी पड़ सकती है।**

**लोकसभा** चुनावों से पहले ही आईएनडीआईए गठबंधन की मजबूती और उसमें शामिल दलों की पारस्परिक विश्वसनीयता सवालों में घिरने लगी है। आशंकाओं के अनुरूप ही परिदृश्य बनते दिख रहे हैं। जब यह गठबंधन आकार लेने की कोशिश ही कर रहा था तभी लोकमानस में यह सवाल उठ रहे थे कि जो दल एक दूसरे के लिए राजनैतिक शत्रुता का भाव लिए घूमते फिरते हैं वे कैसे एक साथ बैठेंगे। सियासत में जो दल हमेशा एक दूसरे के सामने बाहें चढाये खड़े रहते थे वे कैसे एक साथ आ पायेंगे। लेकिन सारी संभावनाओं को गलत साबित करके गठबंधन बना। देश की जनता को भी यह घटना किसी स्वप्न के हकीकत में चरितार्थ होने जैसी लगी।क्योंकि अप्रत्याशित घटना को वे घटित होता देख रहे थे। पहली बार देश ने कई विरोधी विचारधाराओं को एक मंच पर देखा था। यह ऐसा ही लग रहा था मानों एक म्यान में कई कई तलवारें सजाई जा रही हों, और सभी अपनी धार का इस्तेमाल मोदी सरकार के विरुद्ध लोकसभा? चुनाव में करने को बेताब हैं। गठबंधन बेमेल था और अप्रत्याशित तो इतना था कि उसकी हर बैठक में मंच पर सारे दलों के नेताओं को जुटाने में ही गठबंधन के अगुवा दलों को पसीने छूट जाते थे। किसी बैठक से यह संदेश न प्रचारित हो सके कि गठबंधन के घटक दलों में ही एका का अभाव है, इसकी चिन्ता गठबंधन के अगुवा दलों को हमेशा सताती रहती थी। उनकी चिंता बेवजह नही थी यह सपा कांग्रेस के बीच की जुबानी जंग ने साबित कर दिया है। केजरीवाल को? जैसे तैसे पहले ही गठबंधन असहज होकर सह रहा था अब सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने तो गठबंधन की हवा ही निकाल कर रख दी है।कांग्रेस गठबंधन की बड़ी पार्टी होने के कारण यह उसके लिए चिंता का सबब है। विधानसभा चुनावों में मध्य प्रदेश समेत दूसरे राज्यों में टिकट वितरण को लेकर कांग्रेस और सपा आमने सामने आ चुके हैं। मामला इतना बढ़ गया कि दोनों ही पार्टियों के नेताओं ने गठबंधन धर्म की सारी मर्यादाओं से अपने को बाहर खड़ा कर लिया है और एक दूसरे पर ऐसा निशाना साध लिया है जैसे 2024 में उनके रास्ते अलग अलग होने वाले हैं। गठबंधन के नेता ये तर्क देते नही थकते हैं कि यह गठबंधन लोकसभा चुनाव के लिए है विधानसभा चुनावों से इसका कोई वास्ता नही है। लेकिन जिस जनता का वोट लेकर वे सरकार बनाने का ख्वाब देख रहे हैं उसको भरोसा कैसे मिलेगा कि ये सारे दल चुनाव जीतने के बाद सर फुटौव्वल नही करेंगे। जनता के सामने चुनाव से पहले सभी दलों की महत्वाकांक्षाएं सामने आ जायें तो भी अच्छा है कम से कम जनता अपने नेताओं की नीयत तो समझ जायेगी। सत्ता का स्वाद चखने के चक्कर में सियासत के सारे उपक्रम होते हैं। लोग इस बात को हजम नही कर पा रहे थे कि अलग अलग प्रदेशों में वर्चस्व की लड़ाई लड़ने वाले दल दूसरे दलों को बढने का स्पेस देकर खुद मौन हो जायेंगे,जनता की यह आशंका बिल्कुल मूर्त रुप लेकर सामने खड़ी है। राजस्थान,मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में सीटों के बंटवारे पर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी में जुबानी जंग तेज हो चुकी है। जो गठबंधन की शक्ति को कमजोर ही करेगा। कांग्रेस और केजरीवाल पंजाब और दिल्ली में एक दूसरे को देखना नही चाहते, पर लोकसभा चुनावों में वे गठबंधन धर्म निभाते हुए मिलकर चुनाव लड़ने की कसमें खा रहे हैं। यह यकीन करना जनता के लिए आसान नही है। टिकट बंटवारे पर गठबंधन का भविष्य टिका हुआ है। यूपी में समाजवादी पार्टी किसी दूसरे को स्पेस देकर खुद पीछे रह जायेगी यह बात समझ से परे है। यही स्थिति बिहार पंजाब और बंगाल आदि प्रान्तों में देखने वाली है। कांग्रेस हर जगह पांव पसारने की फिराक में है लेकिन क्या राज्यों के छत्रप उसे उसके मन मुताबिक सीटें देने को तैयार हो जायेंगे। यह उन दलों के लिए आत्मघाती साबित होगा। सपा और कांग्रेस के बीच की तनातनी टिकट बंटवारे का ही परिणाम है। लोकसभा चुनावों से पहले कहीं आईएनडीआईए के घटक दल आपस में ही टकरा गये तो भाजपा को सत्ता से बेदखल करने का सपना उनका अधूरा ही रह जायेगा, बल्कि भाजपा और शक्ति के साथ चुनाव में नजर आयेगी। गठबंधन के सभी दलों को बहुत ही सूझबूझ से आगे चुनाव में जाना होगा अन्यथा मोदी से लड़ने का संकल्प लेकर बना गठबंधन आपसी दलों की लड़ाई का एक टूल बनकर रह जायेगा। बड़ी पार्टी और अगुवा होने के नाते कांग्रेस की चिंता इस पर सबसे अधिक होनी चाहिए। अस्तित्व भी उसी का दांव पर है।

# 12 साल की मासूम बच्ची की संदिग्ध हालात में मौत

जन एक्सप्रेस । सुनहरा

**लखीमपुर खीरी।** 12 साल की लड़की की संदिग्ध परिस्थियों में मौत हो गई।शरीर में चोटों के निशान मिले हैं।वहीं,बेटी की मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया।आनन-फानन में पुलिस को सूचना दी गई।मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है।वहीं, इलाके के लोगों से पूछताछ की जा रही है।पूरा मामला थाना क्षेत्र मितौली के अकबरपुर गांव का है।यहां



* आम के पेड़ के नीचे मिली डेड बॉडी,शरीर में चोटों के निशान, जताई जा रही हत्या की आंशका
* शव का पंचनामा कर शव को डॉक्टरी परीक्षण के लिए जिला चिकित्सालय भेजा गया

इतवारी लाल भार्गव की कई साल पहले मौत हो गई थी। उनकी विधवा पत्नी मंजू देवी और बेटी राखी तथा वेदना एक साथ रहते हैं।राखी और वेदना खेत में काम करने गए हुए थे। इसके बाद वेदना घर चली आई। वहीं,राखी और मंजू जब घर लौटे तो उन्होंने देखा कि आम के पेड़ के नीचे वेदना पड़ी हुई है। जब वो लोग बेटी के पास पहुंचे,तो उसमें कोई हलचल नहीं हुई।इसके बाद मां मंजू देवी बेटी वेदना को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मितौली पहुंची,यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।मृतका की मां मंजू देवी की तहरीर पर थाना प्रभारी मितौली आलोक धीमान ने शव का पंचनामा कर शव को डॉक्टरी परीक्षण के लिए जिला चिकित्सालय भेजा गया है। घटनास्थल का निरीक्षण पुलिस उपाधीक्षक मितौली सुबोध जायसवाल तथा प्रभारी निरीक्षक मितौली आलोक धीमान एवं उपनिरीक्षक देवकरण शर्मा द्वारा किया गया है।उनका कहना है कि मृत्यु का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगा।

## ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर, युवक की मौत शव के हुए कई टुकड़े, देर रात घर जा रहा था

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

संसारपुर पुलिस चौकी के सामने ट्रक की टक्कर से एक बाइक सवार युवक की मौत हो गयी। युवक संसारपुर के गांव बुझिया का निवासी था और वह गोला के वीरेंद्र नगर स्थित अपने मकान पर बाइक से जा रहा था कि एक ट्रक के नीचे आ गया और वह काफी दूर तक घिसटता चला गया।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, ट्रक से घिसटने के बाद उसका शव क्षत-विक्षत हो गया। घटना की सूचना परिवार में मिलते ही चीख-पुकार मच गयी। युवक घर का इकलौता वारिस था। युवक का नाम संजीव वर्मा (34) पुत्र स्व. शिव सागर लाल था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद ट्रक ड्राइवर फरार है और ट्रक को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। घटना शाम करीब 7 बजे की है जब संसारपुर चौकी क्षेत्र के गांव बुझिया निवासी डॉक्टर शिव सागर लाल का पुत्र संजीव वर्मा गांव से अपने घर गोला के लिए निकला था। बुझिया गांव से पुलिस चौकी के निकट का मार्ग नेशनल हाइवे से मिला है, उसी पर उसने बाइक चढ़ाई कि खुटार की ओर से आ रहे ट्रक से बाइक टकरा गयी और वह ट्रक के नीचे आ गया और काफी दूर तक घिसटता चला गया। जिससे सड़क पर ही उसके शरीर के कई टुकड़े हो गए। ट्रक इतनी स्पीड में था कि कुछ दूर जाकर पलट गया।घटना के बाद ट्रक का ड्राइवर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक संजीव वर्मा 4 बहनों में एक एकलौता पुत्र था और कुम्भी ब्लॉक के कृषि विभाग में कार्यरत था। पिता की मृत्यु 4 वर्ष पहले हो गयी थी। वह अपने पीछे 4 साल की बेटी और पत्नी को छोड़ गया है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### हेड कांस्टेबल से पदोन्नति हुए दरोगा को सीओ ने बैच लगाकर किया सम्मानित



जन एक्सप्रेस/अनुज गुप्ता/भीरा-खीरी। कोतवाली भीरा में पदोन्नति हुए हेड कांस्टेबल नसीम खान को लेकर का कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें हेड कांस्टेबल से पदोन्नति होकर दारोगा मोहम्मद नसीम खान के कंधे पर गोला सीओ प्रवीण कुमार,कोतवाली प्रभारी निराला तिवारी ने बैच लगाकर सम्मानित कर उनको बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। बताते चलें कि मो. नसीम खान 1989 बच के सिपाही थे जिनका 2019 में पदोन्नति होकर हेड कांस्टेबल हुए उसके बाद दारोगा पद पर प्रोन्नत किया गया वहीं थाने के समस्त स्टाफ ने बधाई दी।

### नवमीं के दिन हुए हवन और कराया गया कन्या भोज

जन एक्सप्रेस/आशीष कुमार तिवारी/गोला गोकर्णनाथ खीरी। सोमवार को नवमी के दिन नगर के सभी माता रानी मंदिरों और घरों में नवरात्रि पर्व के अवसर पर हवन पूजन किया गया और कन्या भोज कराया गया। नगर के खुटार रोड स्थित मां मंगला देवी मंदिर, पुरानी मिल कॉलोनी के मां वैष्णो दरबार, छोटे चौराहे पर दुर्गा माता मंदिर, कंजा बरम बाबा स्थान पर मंदिर सहित नगर व आसपास के दुर्गा माता मंदिरों में हवन पूजन कराया गया और कन्या भोज का आयोजन किया गया। घरों में भी माता रानी के जयकारे लगे और पुरोहितों को बुलाकर हवन पूजन कराकर कन्या भोज कराकर विगत आठ दिन तक चले नवरात्र व्रत का पारायण किया गया।



### गर्भवती विवाहिता ने फंदे पर लटक कर दे दी जान

जन एक्सप्रेस/गोला गोकर्णनाथ खीरी। कोतवाली क्षेत्र में एक गर्भवती महिला ने फंदे पर लटक कर जान दे दी। मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने शव को सील कर पोस्टमार्टम को भेजा है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कंजा में एक विवाहिता ने फंदे पर झूल कर जान दे दी। बरेली के मोहल्ला नेवादा सेखान निकट सैटलाइट बस अड्डा निवासी कमला देवी पत्नी राजकुमार ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उनकी बेटी सुमन (26) ने पांच साल पहले ग्राम कंजा निवासी अनुपम के बेटे राहुल से प्रेम विवाह किया था।उनका कहना है कि बेटी की खुशी के लिए उन्होंने एतराज नहीं किया और शादी कर दी थी । सब कुछ ठीक चल रहा था। उनके दो पुत्रियां भी है। सुमन चार माह की गर्भवती थी। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि एकाएक राहुल दहेज को लेकर सुमन को ताने देने लगा। सोमवार को भी दहेज को लेकर उसे प्रताड़ित किया गया। आरोप है कि पति राहुल, ससुर अनुपम, सास और देवर अनुज ने उनकी बेटी की हत्या कर दी। जब उन्हें सूचना मिली तो वह गोला आए। पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### चीनी मिल सम्पूर्णानगर से नालो में बहा रहा जहरीला पानी

जन एक्सप्रेस/रिजवान खान/सम्पूर्णानगर खीरी। सम्पूर्णानगर क्षेत्र की खीरी पीलीभीत परिक्षेत्र की किसान सहकारी चीनी मिल से निकलने वाला विषैला पानी क्षेत्र की छोटी-छोटी नहरों,तालाबों के अलावा भूगर्भीय जल में भी जहर घोल रही है। इन दिनों चीनी मिल का पेराई सत्र का शुभारम्भ होने वाला है जिसके चलते मिल के मशीनों की साफ़ सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने का काम किया जा रहा है! इसी क्रम में मशीनों के संयंत्रों से निकलने वाला जहरीला पानी क्षेत्र की छोटी-छोटी नहरों तालाबों में फैलकर पानी को जहरीला बना ही रही है, साथ ही भूगर्भीय जल को भी प्रदूषित कर रही है। जिसके चलते तालाबों में मछलियां मौत का शिकार होकर पानी में उतराने लगी हैं और जानवर भी बीमार पड़ रहे है, इसका असर मानव जीवन पर भी पड़ रहा है। इस प्रदूषित जल की वजह से लोगों को त्वचा संबंधी बीमारियां हो रही हैं। साथ ही चीनी मिल कि बॉयलर की चिमनियों से निकलने वाली राख हवाओं को प्रदूषित कर आसपास इलाके के लोगों की घरों में इकट्ठा हो रही है। इससे क्षेत्र के लोग अनेक बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। यदि समय रहते प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी निरीक्षण करें तो किसान सहकारी चीनी मिल बोर्ड के मापदंडों पर खरी नही उतरेगी। मिल में लगे जल शोधक संयंत्र सफेद हाथी साबित हो रहे हैं।



### जहरीला पदार्थ खाने से महिला की गुजरात मे मौत

हरपालपुर/हरदोई। अरवल थाना क्षेत्र के श्रीमऊ गांव निवासी एक महिला द्वारा गुजरात में जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर लेने के बाद सोमवार को उसका शव गांव पहुंचने पर परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार अरवल थाना क्षेत्र के श्रीमऊ गांव निवासी अजय कुमार के पुत्र पुनीत की शादी लगभग दो वर्ष पूर्व सांडी थाना क्षेत्र के नबाब गंज निवासी खेमकरन की पुत्री लक्ष्मी के साथ हुई थी ।शादी के बाद पुनीत लक्ष्मी को साथ लेकर मजदूरी करने गुजरात चला गया था ।जहाँ लक्ष्मी ने अज्ञात कारणों के चलते शनिवार को जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली ।घटना के बाद मृतका के शव का पोस्टमार्टम होने के बाद उसका शव सोमवार को जैसे ही श्रीमऊ स्थित उसके घर आया तो परिवार में कोहराम मच गया ।मृतका के पिता खेमकरन ने अरवल थाने पहुंचकर पुलिस को जानकारी दी कि उसकी पुत्री लक्ष्मी उसके दामाद पुनीत के साथ गुजरात मे रहती थी जहां उसने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली ।उसका शव सोमवार को गांव आ गया है ।उसका किसी तरह कोई आरोप पुत्री के ससुरालीजनों पर नही है।



### मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के आवेदन कैम्प में ही ऑनलाइन करायें: देवेन्द्र सिंह

हरपालपुर/हरदोई। जिला समाज कल्याण अधिकारी देवेन्द्र सिंह ने समस्त सहायक विकास अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी तथा समाज कल्याण पर्यवेक्षकों को निर्देश दिये है कि शासन के आदेशानुसार प्रत्येक नगरीय निकाय एवं विकास खण्ड स्तर पर 30, 31 अक्टूबर एवं 01 नवम्बर 2023 को कैम्प लगाकर मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजना की लोगों को ऑनलाइन पोर्टल की जानकारी दे और इच्छुक लाभार्थियों के मौके पर ही ऑनलाइन आवेदन करायें। श्री सिंह ने निर्देश दिये कि इसके अतिरिक्त जनपद में माह के पहले व तीसरे शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस में कैम्प लगाकर मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार करें और लाभार्थियों को ऑनलाइन आवेदन की सुविधा उपलब्ध करायें और कैम्प में सहायक विकास अधिकारी एवं समाज कल्याण पर्यवेक्षक लैपटाप तथा प्रिन्टर लेकर उपस्थित रहेगें तथा उपरोक्त कार्यवाही ईमानदारी से पूर्ण करायें।

# नशीली दवाइयों का धंधेबाज चढ़ा पुलिस के हत्थे, एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज केस

* अभियुक्त के पास से 136 ग्राम नशीला पाउडर, नाजायज असलहा व कारतूस भी पुलिस ने किया बरामद

जन एक्सप्रेस । भीरा-खीरी

नशीली दवाइयों का सेवन कई लोग कर रहे हैं इन दवाइयों की तरफ ज्यादा रुझान युवाओं का है प्रतिबंध के बावजूद ऐसी दवा युवाओं तक पहुंच जाती है ऐसी दवाइयों के सप्लायर को मुखबिर की सूचना पर उप निरीक्षक चेतन प्रकाश तोमर व भीरा पुलिस बल ने कड़ी घेराबंदी कर धर-दबोचा है जमा तलाशी के दौरान आरोपी के पास नशीली दवा के साथ नाजायज असलहा व कारतूस भी बरामद किया गया कड़ाई से पूछ-ताछ करने पर युवक ने अपना नाम व पता नीरज पटवा पुत्र श्याम मनोहर निवासी ग्राम गुलरिया थाना भीरा जनपद खीरी बताया आरोपी के विरुद्ध सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन में अपराध की रोकथाम व अवैध शस्त्रों एवं अवैध मादक पदार्थों के निर्माण, परिवहन/बिक्री पर अंकुश लगाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना भीरा पुलिस द्वारा 01 नफर अभियुक्त नीरज पटवा पुत्र श्याम मनोहर निवासी ग्राम गुलरिया थाना



भीरा जनपद खीरी को एक थैले मे 136 ग्राम अल्प्राजोलम नशीला पाउडर अवैध व नाजायज़ असलहा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया व गिरफ्तार आरोपित पर सम्बन्धित धाराओं में स्थानीय थाने पर मुकदमा दर्ज आरोपी नीरज पटवा को माननीय न्यायालय के समक्ष सुपर्द किया गया जहा से बाद में आरोपी को माननीय न्यायालय ने जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष भीरा निराला तिवारी के नेतृत्व में आरोपित को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे उप निरीक्षक चेतन तोमर, उप निरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय,हेड कांस्टेबल कुलदीप कुमार, हेड कांस्टेबल राजू वर्मा, हेड कांस्टेबल शिव कुमार गंगवार, आ0 मोहित कुमार शामिल रहे। इस बाबत मे जब उप निरीक्षक चेतन तोमर से उक्त गिरफ्तारी मामले में जानकारी चाही गई तो उन्होंने बताया कि मुखबिर की सूचना पर आरोपी को हिरासत में लिया गया जामा-तलाशी के दौरान नशीला पाउडर के साथ अवैध तमंचा व कारतूस भी बरामद किया गया आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए आरोपी को माननीय न्यायालय भेजा गया।

## दीवान के दरोगा पड़ पर प्रोन्नत होने पर स्टार लगाकर दी गयी बधाई

जन एक्सप्रेस । हरदोई

शाहाबाद कोतवाली में तैनात दीवान बम बहादुर सिंह का प्रमोशन हुआ है। बम बहादुर सिंह शासन के निर्देश पर दरोगा बने। एसपी ने बम बहादुर सिंह के स्टार लगाकर उन्हें प्रमोशन मिलने पर बधाई दी। बम बहादुर सिंह 1990 में पुलिस में भर्ती हुए। एक सिपाही के तौर पर उन्होंने कार्य किया। उसके बाद वह कई थानों में हेड मोहर्रिर रहे। शासन के निर्देश पर हेड मोहर्रिर की आई प्रमोशन लिस्ट में उनका भी नाम था। श्री सिंह को स्टार लगने के बाद उनके शुभचिंतकों और इष्ट मित्रों ने उन्हें बधाई दी है। फिलहाल श्री सिंह शाहाबाद कोतवाली में ही कार्य कर रहे हैं।



# शारदीय नवरात्रि के समापन पर हुई माँ दुर्गा की पूजा, निकाली गई बरोसी यात्रा

जन एक्सप्रेस । सिदाकत मंसूरी



**मोहम्मदी खीरी।** बरवर कस्बे के जगदम्बा माता मंदिर के शारदीय नवरात्रि के समापन पर देविस्थान जीर्णोद्धार प्रबंध समिति द्वारा माँ दुर्गा पूजा का आयोजन किया गया वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिपूर्वक पंडित प्रेमबाबू शर्मा ने हवन पूजन आदि धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न कराया परंपरा के अनुसार पूजन के बाद कस्बे में बरोसी यात्रा निकाली गई मुरादपुर निवासी पंडा पंकज ने जलती बरोसी लेकर पूरे नगर की लगभग सात किलोमीटर की परिक्रमा 35 मीनट में पुरी की देविस्थान जीर्णोद्धार प्रबंध समिति द्वारा शारदीय नवरात्रि के पावन मौके पर कस्बा बरवर में होने बाली एतिहासिक बरोसी पूजा गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल बनी हुई है लगभग सौ वर्षों से अधिक पुरानी इस परंपरा के चलते कस्बा सहित क्षेत्र व अन्य अन्य जनपदों से सैकड़ों गांव के लोग इस एतिहासिक बरोसी पूजा में शामिल होने के लिए लाखों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होने के लिए आते है। मां के जयकारों में धर्म संप्रदाय को भूलकर हर व्यक्ति जय माता दी के नारे लगाता हुआ मां की ममता मय में डूबा नजर आया विशाल शोभायात्रा में बैंड बाजे की धुन पर भक्ति में डूबे श्रद्धालुओं पर बरोसी यात्रा मार्ग में होने बाली पुष्प बरसा कर साथ कस्बे वासियों द्वारा किये जाने बाला स्वागत वर्षों से बरवर की इस धरोहर को सींच रहे हैं इस दौरान देवस्थान प्रबंध समिति के अध्यक्ष धर्मेश शर्मा ने आये हुए श्रद्धालुओं व प्रशासन का आभार व्यक्त किया इस दौरान एसडीएम मोहम्मदी नायव तहसीलदार सर्किल आफिसर मोहम्मदी व मितौली तथा पांच एस एच ओ एक प्लाटोन पीएसी 40 महिला सिपाही चालीस उपनिरीक्षक तथा सौ आरक्षी व पच्चास होमगार्ड एवम अन्य खुफिया सुरक्षा बल मौजूद रहा तथा साथ ही चौकी प्रभारी नवीन कुमार द्विवेदी की सक्रियता से सकुशल संपन्न हुई पूजा।

# नवरात्रि के दौरान मां की आराधना को उमड़े श्रद्धालु, आज दशहरा की धूम

जन एक्सप्रेस । सम्पूर्णानगर खीरी

* पूजा पंडालों व मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा

नवरात्रि के नौवें दिन सोमवार को मां आदिशक्ति भगवती के नौवें स्वरूप मां सिद्धिदात्री की आराधना के लिए देवी मंदिरों व पूजा पंडालों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। इसके बाद देर शाम से हर जगह मेले का नजारा रहा। ऐसा लग रहा था कि पूरा संपूर्णानगर, बसही एवं खजुरिया क्षेत्र सड़कों पर उतर आया हो। पूजा पंडालों व मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इसके बाद आज दशहरा की धूम है।शारदीय नवरात्र के अंतिम दिन मां सिद्धिदात्री देवी की आराधना के साथ सोमवार को नवमी में हवन एवं कन्या पूजन किया गया। अब मंगलवार को दशमी तिथि के दिन कुछ श्रद्धालु देवी की प्रतिमा का विसर्जन करेंगे तो कुछ बुधवार को विसर्जन करेंगे !
हवन के बाद कन्या पूजन का विधान सोमवार को नवरात्रि की नवमी तिथि के अवसर पर सोमवार को मां सिद्धिदात्री की पूजा की गई। इस अवसर पर कन्याओं को भोज दिया गया। नवमी के दिन कन्या पूजन का विशेष महत्व है। इसे देखते हुए उत्तर प्रदेश सहित राज्?य के विभिन्न मंदिरों से लेकर घरों तक में कन्याओं को भोज दिए गए। सजी-धजी छोटी छोटी बच्चियों की पूजा कर उन्हें स्वादिष्ट भोजन कराया गया।पंडित सुधाकर मिश्रा जी ने बताया कि नवरात्र में कन्या पूजन करने का विशेष महत्व है। नवरात्र में छोटी कन्याओं में माता का स्वरूप बताया गया है। तीन वर्ष से लेकर नौ वर्ष की कन्याएं साक्षात माता का स्वरूप मानी जाती हैं। नवरात्र के मौके पर माता पृथ्वी लोक पर आती हैं और कन्याओं में उनका स्वरूप दिखाई पड़ता है। उन्होंने बताया, नवमी तिथि का हवन आदि करने के बाद कन्याओं का पूजन करने से सारी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। शास्त्रों के अनुसार एक कन्या की पूजा से ऐश्वर्य, दो कन्याओं की पूजा से भोग और मोक्ष, तीन कन्याओं के पूजन से धर्म अर्थ व काम, चार कन्याओं के पूजन से राज पद की प्राप्ति, पांच कन्याओं के पूजन से विद्या, छह कन्याओं के पूजन से सिद्धि, सात कन्याओं के पूजन से राज्य, आठ कन्याओं के पूजन से संपदा और नौ कन्याओं के पूजन से प्रथ्वी के प्रभुत्व की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि शास्त्रों में दो साल की कन्या को कन्या कुमारी, तीन साल की कन्या को त्रिमूर्ति, चार साल की कन्या को कल्याणी, पांच साल की कन्या को रोहिणी, छह साल की कन्या को कालिका, सात साल की कन्या को चंडिका, आठ साल की कन्या को शांभवी, नौ साल की कन्या को दुर्गा और दस साल की कन्या को सुभद्रा माना गया है। इस अवसर पर क्षेत्र के अलग अलग मंदिरों के आसपास विशाल मेले में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही!

# उठान की आड़ में ठेकेदार ने बड़े पैमाने पर नहर व पटरी पर अवैध खनन किया: स्वाती

* अवैध खनन मामले में ठेकेदार के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज

जन एक्सप्रेस । हरदोई



उप जिलाधिकारी सदर ने अवगत कराया है कि ब्लाक बावन नहर स्केप के किलोमीटर शून्य से छः के बीच नहर सफाई के दौरान निकाली गयी सिल्ट को उठाने का ठेका सवायजपुर निवासी अजीत कुमार सिंह की फर्म को रू0-9,39,675 में दिया गया था और नियम के अनुसार सिल्ट का उठान किया जाना था, जिसके लिए डीएम कार्यालय से 22 मई 2023 को अनुमति पत्र जारी हुआ था तथा 05 नवम्बर 2023 तक उठान पूरा करना था, परन्तु इस उठान की आड़ में ठेकेदार द्वारा बड़े पैमाने पर नहर और पटरी पर अवैध खनन कर दिया गया। उन्होने कहा कि इसका खुलासा शनिवार रात्रि लोनार थानाध्यक्ष ने मिट्टी खनन कर रही एक जेसीबी, मिट्टी भरी दो टैक्टर-ट्राली पकड़ ली और वाहनो को मोटर वाहन अधिनियम के तहत सीज करते हुए इसकी जानकारी जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक तथा खनन अधिकारी को दी। इस प्रकरण पर जिलाधिकारी के निर्देश पर उन्होने नायब तहसीलदार बावन, खनन अधिकारी, सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता तथा पुलिस के साथ मौके पर जांच की और जांच में पाया कि उक्त स्थान पर बड़े पैमाने पर खनन ठेकेदार द्वारा किया गया है। एसडीएम ने बताया कि उक्त पकरण् में खनन अधिकारी की तहरीर पर ठेकेदार अजीत कुमार सिंह के विरूद्ध खाद्य एवं खनिज अधिनियम के साथ ही सार्वजनिक संपत्ति के नुकसान निवारण अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है और जिलाधिकारी के निर्देश पर संबंधित फर्म की लाइसेंस आईडी को ब्लाक कर दिया गया हैं।

## अवैध खनन में संलिप्त तीन डंपर दो ट्रैक्टर ट्राली व एक जेसीबी सीज

जन एक्सप्रेस । हरदोई

लोनार थाना क्षेत्र में डीएम व पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अबैध खनन पर प्रभावी कार्यवाई के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत लोनार थाना क्षेत्र में एसडीएम के नेतृत्व में खनन अधिकारी व पुलिस टीम ने छापा मारकर अबैध रूप से मिट्टी खनन में संलिप्त दो ट्रैक्टर ट्राली व तीन डंपर तथा एक जेसीबी को पकड़कर कार्यवाई की है।तथा खनन करा रही फर्म के मालिक पर अभियोग दर्ज कर सभी वाहनों को सीज कर दिया। जानकारी के अनुसार डीएम व एसपी के निर्देशन में अबैध खनन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत एसडीएम स्वाती शुक्ला व खनन अधिकारी के नेतृत्व में लोनार थानाध्यक्ष धर्मेंद्र गुप्ता ने पुलिस टीम के साथ छापा मारकर सहोरा नहर पटरी पर मिट्टी भरे दो ट्रैक्टर ट्राली व तीन डंपर तथा खनन करते हुए एक जीसीबी को पकड़ लिया।टीम द्वारा वाहनों के कागज मांगने पर न दिखा पाने से सभी वाहनों को एमवी एक्ट के तहत मौके पर सीज करते हुए कार्यवाई की गई साथ ही ट्रैक्टर ट्राली में मिट्टी भरी होने के सम्बंध में ही कोई दस्तावेज न प्रस्तुत कर पाने से खनन अधिकारी द्वारा अबैध खनन कराने बाली फर्म अंश कंस्ट्रेक्शन के प्रोपराइटर अजीत कुमार सिंह के खिलाफ लोनार थाने पर खान एवं खनिज (विकास एवं विनियम) अधिनियम 1957 व 2/3 लोक सम्पत्ति नुकसान निवारण अधिनियम 1984 दर्ज किया गया। छापेमारी के दौरान पुलिस टीम में थानाध्यक्ष धर्मेंद्र गुप्ता मौजूद रही।

## अज्ञात चोरों ने शिवम इंटर कॉलेज स्कूल को बनाया निशाना

जन एक्सप्रेस । हरदोई

* लैपटॉप सहित स्कूल के अभिलेख व दो लाख नगदी लेकर फरार

कस्बे के शिवम इंटर कॉलेज स्कूल में बीती रात अज्ञात चार चोरों ने पीछे की दीवार से चढ़कर पीछे का गेट का ताला तोड़ दिया।और स्कूल में घुसकर चौकीदार को स्कूल में लगे नल में रस्सी से बांध कर बंधक बना दिया। इसके बाद तीन अज्ञात चोरों ने घटना का इंतजाम दिया।इसके बाद चोर ताला तोड़कर ऑफिस में रखे लैपटॉप व स्कूल के अभिलेख तथा लगभग दो लाख की नगदी लेकर मौके से फरार हो गए। चौकीदार के काफी कोशिश करने के बाद रस्सी खोलकर चौकीदार ने भाग कर बाहर आकर किसी के मोबाइल को लेकर स्कूल प्रबंधक को जानकारी दी। जिसके बाद स्कूल प्रबंधक प्रशांत कुमार ने स्कूल पहुंचकर मामले की जानकारी पुलिस को दी।मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### नकाबपोश स्कूल के अंदर घुस गए

वही स्कूल प्रबंधन ने बताया है चौकीदार से मिली जानकारी के अनुसार की बीती रात में नकाबपोश कर स्कूल के अंदर घुस गए और चौकीदार को बंधक बना लिया इसके बाद घटना का अंजाम दिया है पुलिस कहीं तत्वों पर जांच में जुटी हुई है थाना प्रभारी सुरेश कुमार मिश्रा ने बताया है जल्द ही चोरी का खुलासा किया जाएगा

## पंजीकृत दलों द्वारा विभिन्न मंदिरों पर किये गये भजन-कीर्तन कार्यक्रम: संतोष कुमार

जन एक्सप्रेस । हरदोई

जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार के निर्देशन में नवरात्रि के पावन अवसर पर जनपद के विभिन्न मंदिरों पर जनपद की पंजीकृत दलों द्वारा भजन-कीर्तन कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में पंजीकृत सांस्कृतिक दलों प्रयास भजन-कीर्तन पार्टी, किशन रसिया एण्ड पार्टी, नरेश चंचल एण्ड पार्टी द्वारा विभिन्न मंदिरों पर भजन कीर्तन कार्यक्रम किये,




कार्यक्रम में भक्तगण भक्ति भाव से सराबोर रहे। प्रयास भजन-कीर्तन पार्टी द्वारा विगत दिवसों में मल्लावां विकास खण्ड के सुनासी गाँव स्थित बाबा सुनासीर नाथ मंदिर, खेरवा-पुरबावां स्थित माँ विंध्यवासिनी देवी मंदिर व हेरवल ग्राम में कार्यक्रम किया गया। दल द्वारा सुरसा के जगत पुरवा स्थित मंदिर में भी कार्यक्रम किया गया। इसी प्रकार किशन रसिया एण्ड पार्टी द्वारा हरदोई नगर क्षेत्र व बावन विकास खण्ड के विभिन्न मंदिरों पर भजन-कीर्तन कार्यक्रम किया गया। नरेश चंचल एण्ड पार्टी द्वारा हरियावां व टड़ियावां विकास खण्ड के मंदिरों पर कार्यक्रम किया गया।



# जिले में पांच पिंक बूथों का हुआ शुभारंभ

**✻ थाना/कोतवालियों में पहली बार कन्या भोज बना चर्चा का विषय**

जन एक्सप्रेस | उरई

मिशन शक्ति के चतुर्थ चरण विशेष अभियान के तहत महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान के लिए जिले की प्रमुख कोतवाली क्षेत्रों में पिंक बूथों का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। जिसमें पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में बालिका आराध्या ने शहर कोतवाली क्षेत्र के



जिला महिला अस्पताल के सामने पिंक बूथ का फीता काटकर उद्घाटन किया। जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा ने बताया कि मिशन शक्ति फेज 4 के तहत जिले की प्रमुख कोतवाली क्षेत्र में पिंक बूथ ऐसे स्थान पर स्थापित किए गए हैं। जहां पर भीड़भाड़ व महिलाओं और बालिकाओं का आवागमन ज्यादा रहता है। पिंक बूथ में फरियादी महिलाओं व बालिकाओं की शिकायत को सुनकर उनका त्वरित निदान करने के लिए प्रशिक्षित महिला पुलिस कर्मियों की नियुक्ति की गई है। एसपी ने कहा कि महिलाओं व बालिकाओं को पुलिस और सरकार की तरफ से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी जा रही है। महिलाओं बालिकाओं को नारी सुरक्षा, मिशन शक्ति अभियान के तहत विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे 1090, 181, 1076, 112, 1098, 102, 108, व साइबर हेल्पलाइन 1930 व थाने के शियूजी नंबर आदि के बारे में जानकारी दी जा रही है। इसीक्रम में जिले के कोतवाली व थाना क्षेत्रों में शारदीय नवरात्र के अवसर पर नवमी के दिन समस्त कोतवाली व थानों में कन्या भोज का आयोजन किया गया। जिसमें एसपी ने शहर कोतवाली में उपस्थित रहकर कन्या भोज का आयोजन किया। इस दौरान एसपी ने बालिकाओं को स्नेहपूर्वक भोजन कराकर उपहार भेंट किए।

# देवी प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए प्रशासन ने किए पुख्ता इंतज़ाम

जन एक्सप्रेस | कालपी

नवरात्रि के पावन पर्व के अवसर पर स्थापित देवी प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए प्रशासन के द्वारा व्यापक प्रबंध किए गए हैं। यमुना नदी के तट में बनाए गए अस्थाई जल सरोवर में आधा सैकड़ा देवी प्रतिमाओं का विसर्जन धार्मिक रीति रिवाज से धूमधाम पूर्वक किया जाएगा।

नगर के अलग-अलग स्थानों आठ तथा जोल्हुपुर, छौंक, उसरगांव, बैरई के अलावा ग्रामीण अंचलों में देवी प्रतिमाओं को स्थापित किया गया है। लगातार 9 दिनों तक देवी पंडालों में भक्तों तथा महिलाओं की भारी भीड़ पूजन तथा आरती करती रही है।धार्मिक परंपराओं के अनुसार नवरात्रि के उपरांत देवी प्रतिमाओं को यमुना नदी में विसर्जन करने की मान्यता है।



लेकिन एनजीटी के आदेशों के अनुरूप यमुना नदी में देवी प्रतिमाओं के विसर्जन करने पर रोक लगाई गई है। इस वजह से यमुना नदी के किनारे बांके बिहारी मंदिर समीप नगर पालिका के द्वारा अस्थाई जल सरोवर तैयार किया गया है। सभी देवी प्रतिमाओं को अस्थाई जल सरोवर में विसर्जन किया जाएगा। एसडीएम केके सिंह, क्षेत्राधिकारी डॉ. देवेंद्र कुमार पचौरी, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शिव कुमार सिंह राठौर, अतिरिक्त निरीक्षक मोहम्मद अशरफ के द्वारा अस्थाई जल सरोवर का निरीक्षण कर, सुरक्षा व्यवस्था का ज्यादा लिया। इसीक्रम में पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव व ईओ वेद प्रकाश यादव, सफाई निरीक्षक सुनील कुमार राजपूत के द्वारा अस्थाई जल सरोवर निरीक्षण किया।

## दशहरा मेला में 40 फीट ऊंचे रावण के पुतले का होगा दहन

कालपी। समाजसेवी संस्था श्री सेवा समिति ट्रस्ट के तत्वाधान में मंगलवार को एमएसवी इंटर कॉलेज के ग्राउंड में दशहरा मेला तथा रावण दहन का प्रोग्राम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक जय खत्री ने बताया कि 40 फीट ऊँचाई का रावण का पुतला तैयार किया गया है। एमएसवी इंटर कालेज के ग्राउंड मे दशहरा मेला में रात को धार्मिक रीति रिवाजों से रावण के पुतले का दहन किया जायेगा। मेले में विभिन्न धार्मिक, राजनीतिक, व्यापारी तथा सामाजिक संगठनों के बैनर तथा पंडाल स्थापित करके दशहरा मिलन समारोह का आयोजन भी किया जाएगा।

## जहरीले कीड़े के काटने से किसान की मौत

**जन एक्सप्रेस/कुठौंद।** थाना क्षेत्र के ग्राम कार्तलापुर में खेत पर काम करते समय किसान को जहरीले कीड़े ने काट लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कुठौद थाना क्षेत्र के ग्राम कार्तलापुर निवासी किसान संतोष द्विवेदी अपने खेत पर काम कर रहा था। तभी उसे किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया। जिससे वह अचेत होकर वहीं गिर गया। खेत पर अचेत किसान को देखकर पास के खेतों में मौजूद ग्रामीणों में हड़कंप मच गया और वह मौके पर पहुंच गए। मौजूद ग्रामीणों ने परिजनों को सूचना दी। मामले की खबर मिलते ही परिजन पहुंच गए। मौजूद लोगों की मदद से परिजन उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज ले गए। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पूंछतांछ शुरू कर दी। परिजनों ने बताया कि मृतक के एक पुत्र है और वह किसानी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। जिसे खेत पर काम करते समय जहरीले कीड़े ने काट लिया और उसकी मौत हो गई।

## भीम आर्मी ने धरना प्रदर्शन कर एएसपी को दिया ज्ञापन



जन एक्सप्रेस | उरई

गोहन थानाध्यक्ष के विरोध में सड़क पर उतरे भीम आर्मी कार्यकर्ताओं ने सोमवार को डीएम कार्यालय गेट पर धरना प्रदर्शन कर एएसपी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें थानाध्यक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए बर्खास्तगी की मांग उठाई है। गोहन थाना क्षेत्र के ग्राम बाजपुरा निवासी ज्ञान सिंह पुत्र हिमांचल सिंह सोमवार को भीम आर्मी कार्यकर्ताओं के साथ मुख्यालय पहुंचा और डीएम कार्यालय गेट पर बैठकर धरना प्रदर्शन कर एएसपी असीम चौधरी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया कि बीते दिन 21 अक्टूबर की सुबह पीड़ित का पुत्र अंशुल उर्फ बोबी उधारी का पैसा मागने किसान ट्रेडर्स राजपुरा रविन्द्र व अरविन्द पुत्रगण बच्चू सिंह सेंगर निवासी कंचनपुर के पास गया था। तभी दोनों लोग आक्रोसित हो गये और मेरे पुत्र को गन्दी गन्दी गालियां देने लगे। इतना ही नहीं बल्कि विरोध करने पर दोनों भाइयों ने एकराय होकर उसके साथ लाठी डण्डों व बैल्टों से मारपीट कर जेब में रखे करीब 50 हजार रुपए छीन लिए। बताया कि मार-पीट के दौरान मेरे पुत्र को गम्भीर चोटें आयी। थानाध्यक्ष पर आरोप लगाया कि वह अपने घायल पुत्र को लेकर थाने पहुंचा। जहां पर उसकी एक न सुनी गई और ना ही उसके पुत्र का मेडिकल प्रशिक्षण कराया गया। फिलहाल एएसपी ने शिकायती पत्र के आधार पर मामले की जमीनी स्तर से जांच पड़ताल कराकर उसे न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया।

# टोरेंट पावर का मेगा ग्राहक सेवा, कैंप 26 अक्टूबर को आयोजित होगा

जन एक्सप्रेस | आगरा

बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिये टोरेंट पावर द्वारा जनता दरबार और विद्युत कैम्प समय-समय पर आयोजित किए जाने का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में 26 अक्टूबर दिन गुरूवार को आगरा शहरी क्षेत्र की उपभोक्ताओं के लिए की विद्युत संबंधित समस्याओं के समाधान के लिये ज्ञानोदय बुद्ध विहार, जगनेर रोड, धनौली (निकट लाल मन्दिर), आगरा पर प्रातः 10 बजे से सायं 05 बजे तक एक मेगा ग्राहक सेवा कैम्प का आयोजन किया जायेगा। इस कैम्प में टोरेन्ट पावर लिमिटेड के उच्च अधिकारी उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिये उपस्थित रहेगें। कैम्प में उपभोक्ता अपनी बिल संबंधी, विद्युत चोरी, नये विद्युत संयोजन से संबंधित किसी भी तरह की समस्या के समाधान लिये संपर्क कर सकते हैं। बात दें कि ताजनगरी के विद्युत उपभोक्ताओं की सेवा के लिये टोरेंट पावर तत्पर है। टोरेंट पावर आगरा शहरी क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति प्रदान करने के लिए दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की फ्रेंचाईजी के रूप में कार्यरत है। टोरेंट पावर आगरा शहरी क्षेत्र में अनवरत विद्युत आपूर्ति दी जा रही है। कैंप के बारे में जानकारी टोरेंट पावर के वाइस प्रेसिडेंट शैलेश देसाई ने दी। उन्होंने विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि बिजली से जुड़ी समस्याओं के समाधान कैंप का लाभ लें।

## किशोर ने फांसी लगाकर दी जान

जन एक्सप्रेस | कालपी

**✻ आईएमपीएस लिमिट दो लाख से बढ़ाकर**

घर से खेत पर जाने की बात कह कर निकले युवक ने खेत पर पेड़ से रस्सी का फंदा गले में डालकर फांसी लगा ली। जिसमें दम घुटने से उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कालपी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रायड़ दिवारा निवासी प्रहलाद निषाद का 17 वर्ष पुत्र प्रियांशु रविवार की सुबह खेत पर जाने की बात कह कर घर से निकल गया था। देर शाम होने पर भी वह जब घर नहीं पहुंचा, तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू कर दी। खोजबीन के दौरान परिजनों ने खेत में खड़े पेड़ पर उसका शव रस्सी के फंदे से लटका देखा तो उनमें चीख-पुकार शुरू हो गई। वहीं मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मौजूद लोगों की मदद से शव को नीचे उतरवाया और कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल परिजन उसकी मौत की वजह नहीं बता पा रहे हैं।

## दीपक मल्ल ने किया सलेमपुर में बेकरी शॉप का उद्घाटन

जन एक्सप्रेस | सलेमपुर/देवरिया

जनपद के सलेमपुर नगर पंचायत मे सृष्टि बेकर्स का उदघाटन समारोह हुआ, जिसमे मुख्य अतिथि के तौर पर पटेल दीपक मल्ल जी व विशिष्ट अतिथि के रूप मे अभिषेक जयसवाल जी ने फीता काटा। दीपक मल्ल ने कहा कि -÷ आज सलेमपुर मेन रोड पर सृष्टि बेकर्स कि नवीन प्रतिष्ठान के उद्घाटन समारोह मे अपने भाजपा जिला मंत्री अभिषेक जयसवाल जी के साथ आना हुआ है, उक्त प्रतिष्ठान बड़े अच्छे जगह पर खुला है जिसकी यहाँ अत्यावश्यकता थी मै मधेसिया बन्धुओ आज दुर्गाष्टमी के पावन दिवस को इसके शुरुआत के लिए हार्दिक बधाई देता हुँ।÷इस अवसर पर प्रमुख रूप से मोहित मधेसिया भाजयुमो अध्यक्ष, पंकज जयसवाल, रवि यादव, दीपक यादव आदि जन उपस्थित रहे।



# कानूनगो की गिनती में 140 गोवंश मिले तो वहीं नायब तहसीलदार की रिपोर्ट में हुए 230

जन एक्सप्रेस | बरहज/देवरिया

योगी सरकार की महत्वाकांक्षी बेसहारा पशु आश्रय योजना के तहत नगर पालिका अन्तर्गत पैना रोड बाईपास स्थित कान्हा गौशाला में चारा के अभाव में गोवंश की मृत्यु होने, मृत पशुओं को गौशाला में खुदाई करके गाड़ने और भारी अव्यवस्था को लेकर भाजपा नेता अमरेन्द्र गुप्ता और नगर पालिका से हटाये गए आउटसोर्स कर्मी रतनवीर यादव ने शिकायत की थी द्व शिकायत के क्रम में उपजिलाधिकारी बरहज ने नायब तहसीलदार को कान्हा गौशाला का निरीक्षण करने हेतु निर्देशित किया था द्व बीते गुरुवार को नायब तहसीलदार की गैरमौजूदगी में अधिकारियों के निर्देश पर कानूनगों बीरेन्द्र कुमार ने कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया द्व कान्हा गौशाला में रखे गए रजिस्टर में अंकित 230 पशुओं के सापेक्ष गिनती में केवल 140 पशु ही मौजूद मिले द्व शेष पशुओं के बारे में पूछने पर



उपस्थित कर्मचारियों ने कुछ पशुओं को चरने के लिए गौशाला से बाहर जाने और शाम तक वापस आने की बात कही गई द्व एक तरफ नगर पालिका ने अपनी खामियों और अव्यवस्था पर पर्दा डालने के लिए आनन-फानन में युद्ध स्तर पर लगकर अपने पशु कैप्चर वाहन से बरहज क्षेत्र के चारों तरफ छुट्टा व आवारा पशुओं को पकड़ना शुरू कर दिया तो वहीं दूसरी ओर शिकायतकर्ता भी सक्रीय हो गये द्व अपरान्ह को जब नगर पालिका का पशु कैप्चर वाहन छुट्टा पशुओं को भरकर गौशाला के अन्दर जा रहा था तो शिकायतकर्ता रतनवीर यादव ने विडिओ बना डाला और वायरल कर दिया द्व बीडीओ सोशल मिडिया पर वायरल होते ही नगर पालिका के जिम्मेदारों के हाथ-पांव फूलने लगे द्व अगले दिन शुक्रवार को नायब तहसीलदार रविन्द्र मौर्य ने इओ चन्द्र कृष्ण पाण्डेय व पशुधन प्रसार अधिकारी के साथ कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया द्व जाँच टीम के निरीक्षण में गौशाला में कोई अव्यवस्था नहीं दिखी द्व जाँच के दौरान कुल पशु पाये गये द्व इस प्रकार से कान्हा गौशाला की जाँच को लेकर तहसील प्रशासन अपनी ही जाँच में फंसता नजर आ रहा है कारण कि गुरुवार को कानूनगों बीरेन्द्र कुमार की जाँच और शुक्रवार को नायब तहसीलदार रविन्द्र मौर्य की जाँच में काफी भिन्नता है, जो बरहज क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है कि आखिर किसकी जाँच सही माना जाय।

## पुल की रेलिंग से टकराई बाइक: दो की मौत, एक गंभीर

**जन एक्सप्रेस/उरई।** रामपुरा थाना क्षेत्र के पंचनद संगम पर कंजौसा पुल की रेलिंग से तेज रफ्तार बाइक टकरा गई। जिसमें बाइक पर सवार तीन लोगों में दो युवकों की मौके पर मौत हो गई। जबकि एक को गंभीर गम्भीर हालत में अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रामपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम जगम्मनपुर निवासी अमन 20 वर्ष पुत्र अर्जुन, सौरभ 19 वर्ष पुत्र सुखराम व आशीष 17 वर्ष पुत्र बृजेश कुमार दोहरे निवासी लौना जालौन बाइक पर सवार होकर पंचनद स्थित कालेश्वर मंदिर (बिठौली इटावा) से दर्शन करके लौट रहे थे। तभी उनकी बाइक कंजौसा पुल की रेलिंग से टकरा गई। जिससे अमन व सौरभ की घटना स्थल पर मौत हो गई। जबकि आशीष गंभीर घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया और उन्होंने सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष शशिभूषण सिंह, चौकी प्रभारी राजकुमार निगम फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस ने जानकारी लेते हुए घायल युवक को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुरा में भर्ती करवाया और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## ग्रामवासियों द्वारा रामलीला मंचन का हुआ शुभारंभ



जन एक्सप्रेस | भाटपाररानी/देवरिया

स्थानीय विकासखंड के ग्रामसभा भिंडा मिश्र में ग्रामप्रधान संजय भारती की अध्यक्षता में रामलीला का कार्यक्रम शुरू हुआ जिसमें राम जी का जन्म हुआ और ग्रामवासियों द्वारा रामलीला में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए रामलीला का आयोजन हुआ जिसमें गांव के सभी लोग पात्र का रोल निभाते हुए रामलीला का मनोबल ऊंचा करने का आयोजन किया रामलीला अनवरत प्रतिदिन शाम के 3:30 बजे से 6:30 बजे तक होगा जो चलता रहेगा इस रामलीला के में गांव के सभी लोग पात्र हैं तथा व्यास के कार्य को राम मनोहर मिश्रा जी कर रहे हैं जिसमें गांव के भी लोग पात्र का रोल निभाते हुए रामलीला का मनोबल ऊंचा करने का आयोजन किया जाता है वर्तमान समय में ग्रामीणों द्वारा प्रतिवर्ष सभी लोग साथ देते हैं धूमधाम से आज रामलीला में मुख्य रूप से महेंद्र बाबा और छोटकू बाबा द्वारा अच्छा रोल रहा जो देखने लायक था।

## बाप गए पपीता लाने बेटी प्रेमी के साथ फरार

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** जिले में मायके में रहने वाली एक चार बच्चों की मां अपने प्रेमी संग फरार हो गई। पिता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली चार बच्चों की मां देवरिया मेडिकल कॉलेज में रहकर सफाई की कार्य करती थी। इसी बीच अस्पताल में घूमने वाले एक व्यक्ति से आंखें चार हो गई। दो रोज पूर्व महिला की तबीयत अचानक खराब हुई तो पिता ने इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज देवरिया में भर्ती कराया जहां उसका इलाज चल रहा था। महिला ने अपने पिता से पपीता लाने के लिए कहा। जब पपीता लाने पिता मेडिकल कॉलेज के बाहर गया तो इसी बीच प्रेमी मौका देखकर महिला को भगा ले गया। लौटकर पिता ने जब बेड पर अपनी बेटी को नहीं देखा तो आवाक रह गया।

## पुलिस अधीक्षक ने दशहरा के दृष्टिगत किया फ्लैग मार्च ड्यूटी में लगे कर्मचारियों को किया चेक

जन एक्सप्रेस | देवरिया

सोमवार को पुलिस अधीक्षक जनपद देवरिया श्री संकल्प शर्मा द्वारा दशहरा के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी नगर व थानाध्यक्ष कोतवाली के साथ थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत चाक चौबन्द सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था तथा बालिकाओं/महिलाओं की सुरक्षा के दृष्टिगत किया गया पैदल गस्त/फ्लैग मार्च पैदल गश्त के दौरान प्रमुख मार्गो, चौराहों, बाजारों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों आदि पर संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की गहनता से चेकिंग की गई। पुलिस अधीक्षक देवरिया द्वारा पैदल गस्त के दौरान ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों को उनकी ड्यूटी के संबंध में उचित दिशा निर्देश दिए गए।



# प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का लहराया परचम

जन एक्सप्रेस | भाटपार रानी/देवरिया

बिहार राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा प्रवक्ता एवं प्रशिक्षित स्नातक ग्रेड में शिक्षकों की भर्ती के लिए घोषित परिणाम में मदन मोहन मालवीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भाटपार रानी देवरिया के हिंदी विभाग के छात्रों ने अपना परचम लहरा दिया है। घोषित परिणामों के अनुसार इस महाविद्यालय के हिंदी विभाग से करीब एक दर्जन पूर्व छात्रों का चयन प्रवक्ता एवं टीजीटी पदों के लिए हुआ है। इस संबंध में जानकारी देते हुए हिंदी के प्रतिबद्ध अध्यापक डॉ पवन कुमार राय ने बताया है कि बिहार लोकसभा आयोग द्वारा घोषित रिजल्ट के अनुसार प्रवक्ता हिंदी पद पर महाविद्यालय के पूर्व छात्र उमेश कुमार गुप्ता, दुर्गेश कुमार मिश्रा, रजनीश कुमार भाटिया तथा अवनीश नाथ त्रिपाठी का चयन (प्रवक्ता संगीत) हुआ है। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में स्नातक स्तर तक हिन्दी की विद्यार्थी रही प्रतिभा राय का चयन प्रवक्ता अग्रेजी के पद पर हुआ है। इसी प्रकार प्रशिक्षित स्नातक ग्रेड में भी महाविद्यालय के हिंदी विभाग से अनेक छात्रों झछात्राओं का चयन हुई है। डॉक्टर राय ने बताया कि हिंदी विभाग के पूर्व छात्र दुर्गेश कुमार मिश्रा, बृजेश कुमार गुप्ता, सत्येंद्र कुमार भारती, कुमारी सरिता चौबे, कुमारी सोनी सिंह, विनय कुमार चौबे आदि का चयन बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा किया गया है। उन्होने बताया कि टीजीटी हिन्दी के लिये आयोग द्वारा घोषित राज्य स्तरीय मेधा सूची मे सोनी सिंह ने सामान्य श्रेणी में 83वां रैंक तथा सत्येन्द्र कुमार भारती ने 153वीं रैंक प्राप्त किया है।

# सड़क दुर्घटना निकली हत्या पुलिस ने घटना का किया खुलासा

* सात अभियुक्त हुए गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त वाहन भी हुए बरामद

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद में गत 17 अक्टूबर को योजना बाद तरीके से दो युवकों की हत्या कर दी गई थी। जिसका सोमवार को जनपद पुलिस ने खुलासा किया है घटना में कुल सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही घटना में प्रयुक्त वाहनों को भी पुलिस द्वारा बरामद कर लिया गया है। घटना का खुलासा अपर पुलिस अधीक्षक नम्रता श्रीवास्तव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर किया है।

पुलिस कार्यालय से मिली सूचना के अनुसार 22 अक्टूबर को थाना कोतवाली देहात में मृतक के परिजनों द्वारा हत्या का मुकदमा दर्ज कराया गया था। इस मुकदमे में प्रभारी निरीक्षक कुलदीप त्रिपाठी द्वारा सर्विलांस सेल व एसयूजी टीम के साथ मिलकर सात अभियुक्तों वकील पुत्र जौहर अली, कैफ पुत्र फजील, इबरार पुत्र इकबाल हुसैन, जैनुलआबदीन पुत्र दिलबहार निवासी घुमनहवा सरकहवा थाना ललिया, खुर्शीद पुत्र मकसूद निवासी लौकी थाना तुलसीपुर, रमेश पुत्र जगदम्बा निवासी धौरी कला थान हरैया हाल पता बल्देव नगर थाना ललिया तथा विनय पुत्र सत्यदेव निवासी लालपुर लैबुड्डी थाना महाराजगंज तराई बलरामपुर को गिरफ्तार किया है।

**क्या है पूरा मामला**

बताते चले की 17 अक्टूबर को कलीम पुत्र खुदायार खां निवासी घुमनहवा सरकहवा थाना ललिया व मोहर्रम अली पुत्र मोहम्मद बक्श की योजना बद्ध तरीके से हत्या कर दी गई थी। इस घटना को सड़क दुर्घटना बनाने का प्रयास आरोपियों द्वारा किया गया था।

परंतु मृतक के पिता ने इसको हत्या मानते हुए इसके संबंध में थाने पर तहरीर देकर हत्या का अभियोग पंजीकृत कराया गया था। जिस पर पुलिस ने विवेचना की और साक्ष्यों के आधार पर राम कुमार पुत्र स्वामी दयाल नि0 ग्राम धौरी कला थाना हरैया, रामेश पुत्र जगदम्बा प्रसाद यादव नि0 धौरी कला थाना हरैया जनपद बलरामपुर तथा सुशील पुत्र अज्ञात निवासी तुलसीपुर का नाम प्रकाश में आया और उसी आधार इन सतत अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है।

वहीं पुलिस ने इस घटना में प्रयुक्त तीन वाहनों को भी बरामद कर लिया है इन वाहनों में काले रंग की स्कार्पियो नम्बर यूपी47क्यू010, सफेद स्कार्पियो नम्बर यूपी 32 के0पी0 8806 व मोटर साइकिल पल्सर काली रंग यूपी 47 एक्स 9063 शामिल है। घटना के सफल अनावरण में कोतवाली देहात निरीक्षक कुलदीप त्रिपाठी, हे0का0 अमित कुमार, कां0 मनीष कुमार, कां0 धन्नू प्रसाद, हे0कां0 ब्रह्मदेव यादव 6.कां0 रितेश कुमार, कां0 जगदीश भारती, कां0 अरूण कुमार, कां0 बृजेश प्रसाद शामिल है।

## एंटरप्रेन्योरशिप एंड रूरल डेवलपमेंट विषय पर एमएलके में आयोजित हुआ व्याख्यान कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ के निर्देशन और अध्ययन केंद्र एमएलके पीजी कॉलेज बलरामपुर के तत्वाधान में सोमवार को **एंटरप्रेन्योरशिप एंड रूरल डेवलपमेंट** विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद लुलु हायपर माल के जनरल मैनेजर नोमान अजीज खान ने इंडो अफ्रीकन एंटरप्रेन्योरशिप एंड रूरल डेवलपमेंट विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि किन-किन क्षेत्रों में हम एंटरप्रेन्योरशिप की शुरुआत कर सकते हैं जैसे कृषि एवं मछली पालन और शुरुआत में हमें किन एजेंसी द्वारा फंडिंग होती है और किन-किन परेशानियों का हमें सामना करना पड़ता है। व्याख्यान ऑनलाइन आयोजित किया गया। व्याख्यान में अफ्रीका से 100 से अधिक छात्रों ने प्रतिभाग किया।

व्याख्यान का आयोजन क्षेत्रीय सहायक निदेशक डॉ कीर्ति विक्रम सिंह द्वारा किया गया।

# देवीपाटन में सिद्धिदात्री रूप की पूजा के बाद किया गया हवन-पूजन

जन एक्सप्रेस । तुलसीपुर/ बलरामपुर



जनपद बलरामपुर के तुलसीपुर तहसील मुख्यालय स्थित शक्तिपीठ देवी पाटन मंदिर पर सोमवार को नवरात्र के नवमी तिथि श्रद्धालुओं ने माता पाटन देवी के नवम रूप सिद्धिदात्री के दर्शन व पूजन अर्चन किया । श्रद्धालुओं ने नवमी तिथि पर अपने अनुष्ठान का समापन कर हवन एवं पूजन किया। मंदिर महंत मिथलेश नाथ योगी ने विधिपूर्वक कन्या पूजन करके कन्याओं को प्रसाद ग्रहण कराया।

जानकारी के अनुसार 23 अक्टूबर को शक्ति पीठ देवी पाटन में प्रातः काल से ही मंदिर स्थित हवनकुंड में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगी रही। लोगों ने अपने पुरोहितों के माध्यम से हवन कराया तथा अपने अनुष्ठान का समापन किया। भक्तो ने कन्या पूजन करके उनको प्रसाद ग्रहण कराकर दान के रूप में उपहार एवं दक्षिणा देकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। नवमीतिथि के पावन अवसर पर आज भारी मात्रा में लोगों ने मुंडन संस्कार, जनेऊ संस्कार व विधारम्भ संस्कार कराया। माता पाटेश्वरी के दर्शन के लिए दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं ने पंक्ति में लगकर मंदिर में पूजन अर्चन किया। श्रद्धालुओं के आने का क्रम भोर से ही शुरू हो गया था जो पूरे दिन जारी रहा। पूरे दिन श्रद्धालुओं ने माता पाटेश्वरी के आगे माथा टेककर मां से आशीर्वाद मांगकर दैवी कृपा प्राप्त किया। देवीपाटन मंदिर के पीठाधीश्वर महंत मिथलेश नाथ योगी ने सर्वप्रथम माता पाटेश्वरी के दर्शन कर नौ देवी के दर्शन करके मंदिर परिसर में स्थापित यज्ञशाला में अनुयायियों के साथ हवन-पूजन किया जिसके पश्चात नवो कन्या का जल से चरन धोकर कर उनको चुनरी उढ़ाकर प्रसाद ग्रहण कराया तथा उपहार प्रदान किया। इस अवसर पर आदर्श नगर पालिका बलरामपुर के अध्यक्ष डॉक्टर धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू, मंदिर पुरोहित मातेश्वरी प्रसाद त्रिपाठी, स्वामी दयाल गुप्ता, मन्दिर सेवादार अरुण गुप्ता, अलोक गुप्ता व श्याम तिवारी सहित तमाम लोग उपस्थित थे।

# एनसीसी ट्रैकिंग कैंप के चौथे दिन का कैडेटों ने किया बाबा विभूति नाथ के दर्शन

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर




जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के एमएलके पीजी कॉलेज में स्थापित 51वीं यू पी बटालियन एन सी सी बलरामपुर के तत्वावधान में बनवारी देवी अशोक कुमार स्मारक महाविद्यालय सिरसिया श्रावस्ती में चल रहे 10 दिवसीय आल इंडिया यू पी ट्रैक प्रथम के चौथे दिन सोमवार को केडेटों ने बाबा विभूतिनाथ के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

जानकारी के अनुसार 23 अक्टूबर को एनसीसी 51 यूपी बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर व कैम्प कमांडेंट कर्नल अरविन्द प्रताप सिंह पटवाल के निर्देशन में सुहेलवा ग्रुप के कैडेट्स ने बाबा विभूतिनाथ रूट पर ट्रैकिंग किया। सुहेलवा ग्रुप के अंतर्गत उत्तर प्रदेश निदेशालय के लगभग 101 कैडेट्स लेफ्टिनेंट मदन लाल, सूबेदार नायक व हवलदार योगेंद्र की अगुवाई में बनवारी देवी स्मारक महाविद्यालय से बाबा विभूतिनाथ रूट के लिए प्रस्थान किये। केडेटों ने जंगलों के रास्ते भ्रमण करते हुए बाबा विभूतिनाथ के मंदिर पर पूजा अर्चना कर सम्पूर्ण विश्व के लिए सुख,शान्ति के लिए प्रार्थना किया। इस दौरान केडेटों ने जंगलों में प्राकृतिक संसाधनों के बारे में जानकारी प्राप्त की। केडेटों को बाबा विभूतिनाथ के बारे में विधिवत जानकारी देते हुए कैम्प कमांडेंट कर्नल पटवाल ने अवगत कराया कि मान्यताओं के अनुसार हिमालय की तलहटी में स्थित पांडवकालीन विभूतिनाथ मंदिर में साक्षात अघोरी शिव वास करते हैं। सैकड़ों वर्षो से यह श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बना हुआ है। पांडव काल में अज्ञातवास के दौरान महाबली भीम ने इस शिवलिंग की स्थापना की थी। बताया जाता है कि शिवलिंग को नष्ट करने के उद्देश्य से जब मुगल शासक औरंगजेब के सैनिकों ने इस पर आरी चलाई तो शिवलिंग से रक्तश्राव होने लगा था। इस चमत्कार से औरंगजेब डर गया था। उसने मंदिर में पहुंच कर क्षमा याचना भी की थी। आरी चलाने का निशान अभी भी शिवलिंग पर विद्यमान हैं। शिवलिंग पर जलाभिषेक के लिए यक्ष मानसरोवर के अलावा आसपास कोई दरिया अथवा जलस्रोत नहीं था।

## महानवमी पर हुआ विशाल भंडारे का आयोजन

**जन एक्सप्रेस/बाबागंज, बहराइच।** नवरात्रि पर्व के आखिरी दिन महानवमी पर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। जमोग बाजार स्थित पंडित राधेश्याम पांडे सरस्वती इंटर कॉलेज में महानवमी पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं अभिभावकों तथा क्षेत्र के संभ्रांत लोगों ने सहभागिता की। भंडारे से पूर्व विद्यालय प्रबंधक कौशलेंद्र पांडे ने विद्यालय प्रबंधन, विद्यालय परिवार के साथ मां दुर्गा के नौ रूपों के समक्ष हवन पूजन किया। विद्यालय परिवार छात्र-छात्राओं और क्षेत्र वासियों के सुख समृद्धि की कामना की। पंडित राधेश्याम पांडे सरस्वती इंटर कॉलेज जमोग बाजार में प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। महानवमी के दिन आयोजित इस भंडारे में विद्यालय के समस्त छात्र छात्राएं और उनके अभिभावक मौजूद रहे। विद्यालय प्रबंधक श्री पांडे ने प्राचार्य बी एस मिश्रा, अभय दीक्षित, अनुज दिक्षित दीपक शर्मा तथा समस्त विद्यालय

# छात्र-छात्राओं ने मनाया विजयादशमी का त्योहार

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पायनियर पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज में सोमवार को छात्र-छात्राओं ने दशहरा विजयदशमी का पर हर्षोल्लास के साथ मनाया। बच्चों ने रामचरितमानस पर आधारित रामलीला का मंचन करके आदर्श जीवन के लिए भगवान प्रभु श्री राम तथा माता जानकी के चरित्र का अनुसरण करने के लिए संदेश दिया।

जानकारी के अनुसार 23 अक्टूबर को शहर के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज में 'दशहरा (विजयादशमी), का पर्व मनाया गया। विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा0 एम0पी0 तिवारी, कोषाध्यक्षा मीता तिवारी व सह निदेशक इं0 आकाश तिवारी उपस्थित रहे। प्रबन्ध निदेशक डा0 एम0पी0 तिवारी ने बताया कि दशहरा (विजयादशमी व आयुध-पूजा) हिन्दुओं का एक प्रमुख त्योहार है। मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्री राम ने इसी दिन रावण का वध किया था तथा देवी दुर्गा ने नौ रात्रि एवं दस दिन के युद्ध के उपरान्त महिषासुर पर विजय प्राप्त की थी। इसे असत्य पर सत्य की विजय के रूप में मनाया जाता है। इसलिए इस दशमी को 'विजयादशमी' के नाम से जाना जाता है। इस दिन लोग शस्त्र पूजा करते है और नया कार्य प्रारम्भ करते है जैसे-अक्षर लेखन का आरम्भ, नया उद्योग आरम्भ, बीज बोना) ऐसा विश्वास है कि इस दिन जो कार्य आरम्भ किया जाता है उसमें विजय मिलती है। प्राचीन काल में राजा लोग इस दिन विजय की प्रार्थना कर रण-यात्रा के लिए प्रस्थान करते थे। इस दिन स्थान-स्थान पर मेले लगते है। रामलीला का आयोजन होता है। रावण का विशाल पुतला बनाकर उसे जलाया जाता है। दशहरा अथवा विजयदशमी भगवान श्री राम की विजय के रूप में मनाया जाता है अथवा दुर्गा पूजा के रूप में, दोनो ही रूपों में यह शक्ति-पूजा का पर्व है। दशहरा हर्ष और उल्लास तथा विजय का पर्व है। दशहरा का पर्व दस प्रकार के पापों-काम, क्रोध, लोभ, मोह मद, मत्सर, अंहकार, आलस्य, हिंसा, और चोरी के परित्याग की सद्प्रेरणा प्रदान करता है। दशहरा (विजयादशमी) पर्व के अवसर पर विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम के अन्तर्गत सर्वप्रथम श्री रामचरित मानस के सभी काण्डों के आधार पर संक्षिप्त अभिनय छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत हुआ जिसमें राम वन गमन, सीता हरण, जटायु उद्धार, हनुमान एवं सुग्रीव की मित्रता आदि से लेकर रावण दहन तक का मंचन हुआ। जिसमें आदित्य श्रीवास्तव (राम), वैष्णवी श्रीवास्तव (सीता) अर्थव सेन (लक्ष्मण), अभ्युदय (हनुमान), वर्णित (रावण के रूप में), अर्पित (महाराज दशरथ), रत्नप्रिया (कौशिल्या), अनुष्का (सुमित्रा), ख्याति-(कैकेयी), सौम्या शुक्ला (मंथरा), दिव्यांश राव (गुरू विश्यामित्र), सेना मे श्लोक, आदित्य तिवारी, श्रेष्ठ श्रीवास्तव, आर्याश, मेधावी एवं मरियम (नर्तकी) के रूप में बहुत मनमोहक एवं सुन्दर ढंग से अभिनय किया। तत्पश्चात् विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा0 एम0पी0 तिवारी के निर्देशन में उप प्रधानाचार्या प्रधानाचार्य शिखा पाण्डेय एवं राघवेन्द्र त्रिपाठी के देखरेख में अंत में भव्यरूप में रावण के पुतले का निर्माण किया गया। विद्यालय के प्रांगण में लंकापति रावण का पुतले को विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डॉ0 एम0पी0 तिवारी के साथ भगवान राम के रूप में आदित्य श्रीवास्तव द्वारा जलाया गया जिसको देखकर के सभी छात्र-छात्राओं ने भगवान श्री राम की तालियों की गड़गड़ाहट के साथ जय-जयकार किया।

## जागरण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

**जन एक्सप्रेस/रुदौली-अयोध्या।** नवरात्र की अष्टमी तिथि को नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में महा माई के जागरण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही द्य नव दुर्गा पूजा समिति काजी पूरा रुदौली के रंग मंच पर बच्चो द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसमे बच्चो के द्वारा आकर्षक प्रस्तुति की गई जिसकी दर्शकों ने खूब सराहना की। आदि शक्ति मां वैष्णो पूजा समिति हनुमान किला कटरा रुदौली द्वारा बच्चो का सांस्कृतिक कार्य क्रम प्रस्तुत किया गया जिसको देखने के लिए हजारों दर्शकों की भीड़ देर रात तक उपस्थित रही। बच्चो के कार्यक्रम में छोटी बच्ची प्रियांशी द्वारा प्रस्तुत नृत्य बेटी बचाओ के माध्यम से गर्भ में किए जा रहे बच्चियों की हत्या से फैल रहे समाज के असंतुलन से सचेत किया गया।इस बच्ची को प्रथम स्थान देकर स्मृति चिन्ह दिया गया। द्वितीय स्थान पर आर्येंद्र प्रकाश ने रण में कूद पड़ी मां काली की सराहनीय प्रस्तुति कर दर्शकों को से खूब सराहना प्राप्त की। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष जब्बार अली पूर्व अध्यक्ष अशोक कसौधन पत्रकार रवि वैश्य, आशुतोष गुप्ता दुर्गेश श्रीवास्तव, हरिनारायण अग्रवाल, सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# पुण्य सलिला सरयू मैया की नित्य आरती कर प्राचीन परंपरा को निभा रहे हैं राजेश महाराज

जन एक्सप्रेस । अयोध्या



कैसरगंज लोकसभा से भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह रविवार की देरशाम अयोध्या पहुंचे। जहां वह प्राचीन राजघाट पर सरयू आरती में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित हुए। सर्वप्रथम बृजभूषण शरण सिंह ने गौ दुग्ध से सरयू मैया का दुग्धाभिषेक किया। उसके बाद दीपदान कर पतित पावनी सरयू सलिला की ग्यारह सौ बत्ती से दिव्य महाआरती उतारी। महाआरती से सरयू का प्राचीन राजघाट तट रोशन रहा। इस मौके पर सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि यह प्राचीन राजघाट बहुत ही पुराना स्थान है। रामायण और वाल्मीकि रामायण में भी इस स्थान की चर्चा है। यहां पर सरयू आरती के कार्यक्रम में सम्मिलित हुआ। नित्य सरयू आरती का कार्यक्रम एक अच्छी शुरूवात है। अयोध्या तीर्थ पुरोहित धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश महाराज ने कहा कि प्राचीन राजघाट का बहुत बड़ा महत्व और मर्यादा है। क्योंकि भगवान राजा होने के पश्चात यहीं पर सरयू मैया की धारा में स्नान करते थे। परंपरानुसार इस स्थान पर भगवान सीताराम व सरयू मैया की सलिला धारा का पुनः आरती प्रारंभ कराया गया है। नित्य-प्रतिदिन यहां सरयू मैया की आरती भव्यता के साथ हो रही है। सरयू मैया की कृपा से यह आरती नित्य चलती रहेगी। नित्य सरयू महाआरती समिति के पहलवान घनश्याम दास, राजेश महाराज, महंत महेश दास, सुनील पाल ने सांसद बृजभूषण सिंह समेत अन्य उपस्थित संत-महंतों का माल्यार्पण व अंगवस्त्र ओढ़ाकर स्वागत किया। अंत में सभी को प्रसाद वितरित किया गया। अवसर पर आचार्य पीठ लक्ष्मणकिला धीश महंत मैथिलीरमण शरण, हनुमानगढ़ी के वरिष्ठ पुजारी हेमंत दास, श्रीरामाश्रम पीठाधीश्वर महंत जयराम दास वेदांती, रामजानकी विश्वकर्मा पांचाल मंदिर के महंत महेश दास, सीताराम निवास स्वर्गद्वार के महंत सत्येंद्र दास वेदांती, सरयूकुंज पीठाधीश्वर महंत राममिलन शरण, गोविंद आश्रम महंत वीरेंद्र दास, महंत छोटू शरण, पहलवान घनश्याम दास, पार्षद प्रतिनिधि प्रियेश दास, सुनील पाल, अखंडवीर सिंह, महेंद्र त्रिपाठी, सोनू सिंह, जेडी सिंह, अभय पांडेय, महंगू लाल पांडेय, नवीन शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## श्री रामलीला महोत्सव में श्री राम व हनुमान मिलन दृश्य ने लोगों का मनमोहा

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या में स्वर्ग द्वार स्थित राजेंद्र निवास पर पिछले 50 वर्षों से चल रहे प्राचीन रामलीला पिछले कई वर्षों से स्वर्ग द्वार बावन जी मंदिर के महंत श्री वैदेही बल्लभ शरण जी महाराज की अध्यक्षता में चल रहे अयोध्यास्थ श्री रामलीला महोत्सव में भगवान श्री राम विवाह हनुमान का किष्किंधा पर मिलन का दृश्य देख भक्तों व दर्शकों का मन मोह लिया। रामलीला कमेटी में मौजूद नगर के वरिष्ठ समाजसेवी विकास श्रीवास्तव ने अपनी टीम के साथ पहुंचकर रामलीला कमेटी को 55000 का सहयोग प्रदान किया। साथ ही आश्वासन भी दिया कि यदि आवश्यकता होगी तो हम पीछे नहीं हैं। विकास श्रीवास्तव ने मौके पर मौजूद प्रेस प्रतिनिधि को बताया कि हमारे पास जो भी कुछ है। वह भगवान श्री राम की कृपा से हैं। उनके कार्य में सब कुछ लग जाए इससे बड़ी खुशी और सौभाग्य और क्या होगा । एक सवाल के जवाब में बताया कि हमने गरीबी देखी है।

# अवध धाम में एक क्षण निवास से मुक्ति का द्वार खुल जाता है: श्रीधराचार्य जी महाराज

जन एक्सप्रेस । अयोध्या



प्रतिष्ठित पीठ श्री अशर्फी भवन में अलीपुरद्वार पश्चिम बंगाल से पधारे हुए बजाज परिवार द्वारा आयोजित सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ कलश यात्रा से हुआ व्यास पीठ पर विराजमान अनंत श्री विभूषित जगतगुरु स्वामी श्री श्री धराचार्य जी महाराज में श्री अवध धाम का महत्व बताते हुए कहा सप्तपूरियों में प्रतिष्ठित श्री अवध धाम में एक क्षण निवास से मुक्ति का द्वार खुल जाता है मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र प्रभु की जन्मभूमि श्री अवध धाम सप्त पुरिमें प्रतिष्ठित प्रथम पुरी है यज्ञ आदि से जो पुण्य प्राप्त होता है वह पुण्य सरयू दर्शन मात्र से हम जीवो को प्राप्त हो जाता है श्रीमद् भागवत महात्म की कथा सुनाते हुए कहा सदगुरु और संतों की कृपा जब जीव पर हो जाती है तो निश्चित ही परमपिता परमात्मा की प्राप्ति होती है देवर्षि नारद जी ने श्रीमद् भागवत कथा के माध्यम से ज्ञान वैराग्य की मूर्छा अवस्था दूर की भागवत के प्रथम श्रोता राजेंद्र परीक्षित के जन्म की कथा का श्रवण क रातें हुए कहा शरणागत रक्षक है प्रभु परीक्षित मां उत्तरा के गर्भस्थ शिशु की रक्षा भगवान ने की परीक्षित जन्म से ही प्रभु भक्ति मैं लगे हुए थे परीक्षित के राज्य में सभी स्वस्थ प्रसन्नचित होकर प्रभु भक्ति में लीन रहते थे कली के बढ़ते प्रभाव प्रभाव से अज्ञानता बस महाराज परीक्षित से ऋषि का अपमान हो गया ऋषि श्राप से मुक्ति पाने हेतु परीक्षित जी ने विद्वानों के समीप जाकर अपने इस पाप को काटने का उपाय पूछा सुखदेव जी स्वयं उपस्थित होकर राजेंद्र परीक्षित को श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण कराते हैं श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करके राजेंद्र परीक्षित का उद्धार हुआ भक्त वांछा कल्पतरु है प्रभु अपने भक्तों की रक्षा हेतु राक्षसों के संघार एवं धर्म के स्थापना के लिए प्रभु अवतार लेते हैं 5 वर्ष के अबोध बालक ध्रुव मां सुरुचि से अपमानित होकर वन में गए देव ऋषि नारद से नवधा भक्ति का ज्ञान प्राप्त किया तपस्या कि ध्रुव की भक्ति से प्रसन्न होकर प्रभु अबोध बालक ध्रुव को दर्शन देने पधारते हैं भक्त ध्रुव के जैसी अविरल भक्ति यदि भक्तों के अंदर व्याप्त हो जाए तो इस घोर कलयुग में सतयुग का वास हो जाएगा कलयुग में मुक्ति पाने के लिए श्रीमद् भागवत कथा एवं भगवत भक्ति ही उत्तम साधन है कथा के मुख्य यजमान जेठमल जी बजाज एवं सभी भक्तजन कथा का श्रवण करके आनंदित हो रहे हैं कथा का समय 3:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक है भगवत रसिक भक्तजन कथा में पधार कर अपने जीवन को धन्य करें।

## 'राजस्व और पंचायत कर्मी पराली न जलाने के लिए किसानों को करें जागरूक'

जन एक्सप्रेस । बहराइच

डीएम मोनिका रानी ने सभी राजस्व लेखपालों और पंचायत कर्मियों को क्षेत्र में भ्रमण पर रहकर किसानों को पराली ना जलाने के लिए जागरूक करने के निर्देश दिए हैं। यह भी कहा है कि कर्मचारी किसानों को इस बात की जानकारी दें कि पराली जलाने से पर्यावरण संतुलन बिगड़ता है। इसके बावजूद जो भी किसान प द्यराली जलाते हुए पाए जाएं। उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। कृषि विभाग के अधिकारियों में किसानों से अपील की है कि वे अपने खेतों में पराली न जलायें। पराली जलाने से वायु प्रदूषण बढ़ रहा है तथा मानव स्वास्थ्य संबंधी अनेक समस्यायें उत्पन्न हो रही है। साथ ही इससे भूमि की उर्वरा शक्ति तथा भूमि में पाये जाने वाले लाभदायक जीवाणु नष्ट हो रहे है। सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों के क्रम में पराली/फसल अपशिष्ट जलाना पूर्णतयः प्रतिबंधित कर इसे दण्डनीय अपराध घोषित किया गया है। पराली/फसल अपशिष्ट जलाने की घटना की पुष्टि होने पर 02 एकड़ तक के कृषक पर रू 2500/- प्रति घटना, 02 से 05 एकड़ तक के कृषक पर रू 5000/- प्रति घटना तथा 05 एकड़ से अधिक के कृषक पर रू 15000/- प्रति घटना अर्थ दण्ड लगाये जाने का प्राविधान है। साथ ही घटना की पुर्नरावृत्ति होने पर कारावास एवं अर्थ दण्ड दोनों से दंडित किया जा सकता है। पराली/ फसल अपशिष्ट को आधुनिक कृषि यंत्रों यथा मल्चर, रिवर्सेबुल एमबी प्लाऊ, शेडर, रोटावेटर, रोटरी स्लेशर, हैरो आदि यंत्रों का प्रयोग कर खेत में मिलाकर खेत की उर्वरा शक्ति बढ़ाई जा सकती है अथवा कम्पोस्ट पिट में डालकर उसे सड़ाकर कम्पोस्ट खाद बनाया जा सकता है। किसान खेतों अथवा कम्पोस्ट पिट में पराली/फसल अपशिष्ट को शीघ्र सड़ाने के लिये वेस्ट डी कम्पोजर की 20 ग्राम मात्रा को 200 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें।

# रावण-बाणासुर संवाद सुन रोमांचित हुए दर्शक, माता सीता ने प्रभु श्रीराम को पहनाई वरमाला

जन एक्सप्रेस । बहराइच



श्री मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम लीला कमेटी के तत्वावधान में शहर के बशीरगंज स्थित राम लीला मैदान में मथुरा-वृंदावन के कलाकारों ने रावण-बाणासुर संग्राम का शानदार मंचन किया। मिथिला के राजा जनक के आमंत्रण पर राम- लक्ष्मण विश्वामित्र के साथ राजा जनक के यहां सीता स्वयंवर में पहुंचते हैं। राम, लक्ष्मण के सौंदर्य को देख वहां सभी मोहित हो जाते हैं। इसी बीच लंकापति रावण बिना आमंत्रण सीता स्वयंवर में पहुंचता है। यह देखकर सभापति बाणासुर रावण का परिचय पूछते हैं।बाणासुर के रावण से परिचय पूछते ही वह क्रोध से तमतमा उठता है और फिर यहीं से रावण और बाणासुर का संवाद शुरू होता है। लंकापति रावण सीता स्वयंवर के लिए आमंत्रण न मिलने पर राजा जनक पर क्रोधित होता है। निमंत्रण न दिए जाने का कारण पूछता है। जनक कहते हैं कि समुंदर पार लंका जाना संभव नहीं था। इसीलिए निमंत्रण नहीं भेज सके। तो रावण और क्रोधित हो जाता है और कहता है कि अगर आप ने समुद्र में एक पत्र भी डाल दिया होता तो समुद्र में इतना साहस नहीं होता कि हम तक वह न पहुंचा देता। उसके पश्चात सीता स्वयंवर में आये रावण सहित तमाम राजाओं ने धनुष तोड़ने की पूरी कोशिश की, पर वह हिला तक ना सके। राजा जनक की चिता बढ़ जाती है।अंत में प्रभु श्री राम की बारी आती है और वह शिव के धनुष को उठाकर खंडित कर देते हैं। धनुष टूटते ही समूचा पांडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठता है। तत्पश्चात माता सीता ने प्रभु श्रीराम के गले मे वरमाला डाली। इस दौरान श्याम करण टेकड़ीवाल, राधा रमण यज्ञसैनी, जय जय अग्रवाल, कमल शेखर गुप्ता, सन्तोष अग्रवाल, राकेश चन्द्र श्रीवास्तव, अशोक सैनी, राहुल रॉय, अंशुमान यज्ञसैनी, चन्द्र पाल यादव, जगदम्बा सोनी, मीडिया प्रभारी सचिन श्रीवास्तव मौजूद रहे।

# कार्रवाई के डर से मची खलबली, बचने के लिए हर जुगत अपना रहा संचालक

* पूरनपुर के श्रद्धा नर्सिंग होम का मामला, संचालक व डाक्टरों पर लगे हैं गंभीर आरोप
* शिकायत के बावजूद जांच और कार्रवाई में हो रही देरी से जिम्मेदारों पर भी उठ रहे सवाल






एमओआईसी पूरनपुर को नर्सिंग होम संचालक व आशा कार्यकत्री पर लगे आरोपों की के निर्देश दिए गए हैं। मामले में निष्पक्ष जांच कराई जा रही है ।जांच रिपोर्ट मिलने के बाद दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। –आलोक शर्मा, सीएमओ पीलीभीत

जन एक्सप्रेस । प्रशांत शर्मा

**पूरनपुर।** नगर के श्रद्धा नर्सिंग होम के संचालक और डाक्टरों पर लगे गंभीर आरोप की जांच शुरू होने से पहले ही जिम्मेदारों को कार्रवाई का डर सताने लगा है। इससे बचाने के लिए संचालन सिफारिश कराने के अलावा हर जुगत अपना रहा है। बताते हैं कि शिकायतकर्ता को भी मनाने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन सफलता नहीं मिल रही है। वहीं जांच और कार्रवाई में हो रही देरी से स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों पर भी सबाल उठ रहे हैं। शिकायतकर्ता का आरोप है कि उसको न्याय दिलाने के बजाए मामले को ठंडे बस्ते में पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। इससे वह परेशान हैं। उसने न्याय दिलाने की मांग की है।

मामला पूरनपुर नगर में संचालित श्रद्धा नर्सिंग होम का है। माधोटांडा के ग्राम नदहा निवासी सोनू कुमार ने ने अपनी पत्नी गायत्री देवी को 15 अगस्त को प्रसव पीड़ा हुई। वह गांव की आशा माया देवी के साथ उनको सीएचसी लेकर आ रहे थे। आरोप है कि आशा ने बहला-फुसलाकर सरकारी अस्पताल न ले जाकर निजी अस्पताल श्रद्धा नर्सिंग होम में ले गई। आशा और डाक्टर की मिलीभगत से उसकी पत्नी का सिजेरियन प्रसव कराया गया जिसमें 25 हजार रुपये का खर्च हुए। आरोप है कि श्रद्धा नर्सिंग होम के डॉक्टरों ने सिजेरियन प्रसव करने में लापरवाही बरती। चिकित्सक ने ऑपरेशन से पहले जांच की जरूरत नहीं समझी। जिससे प्रसूता की हालत बिगड़ गई। इसपर डॉक्टरों ने उसको बरेली ले जाने की बात कहते हुए रेफर कर दिया। नाजुक हालत में महिला को बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। दो सप्ताह तक बरेली के एक निजी अस्पताल में उनका उपचार हुआ। जिसमें एक लाख 34 हजार रुपए का खर्च हुए। पीड़ित ने नर्सिंग होम के डाक्टर व संचालक पर कार्रवाई के लिए सीएमओ को पत्र दिया। कार्रवाई न होने पर मुख्यमंत्री से गुहार लगाई। मामला सुर्खियों में आने पर सीएमओ ने पूरनपुर एमओआईसी को जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बताते हैं कि जांच की भनक लगने पर निजी अस्पताल के संचालक ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों तक सिफारिश पहुंचाने शुरू कर दी। यहां तक कि शिकायतकर्ता को भी लालच देकर मनाने का प्रयास किया गया लेकिन वह नहीं माना। इधर, सीएमओ के निर्देश के छह दिन बीतने के बावजूद जांच शुरू न होने संबंधित अधिकारी पर भी सबाल उठने लगे हैं। उनका कहना है कि शिकायतकर्ता को बयान दर्ज कराने के लिए सीएचसी बुलाया गया लेकिन वह नहीं आ रहा है। इससे जांच की अग्रिम प्रक्रिया शुरू नहीं हो रही है। हालांकि उन्होंने जांच में आरोप सिद्ध पाए जाने पर हर हाल में निजी अस्पताल पर कार्रवाई करने की बात कही है।

## राज्य मंत्री ने जिला अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

* मरीज के हाल जाने डेंगू बार्ड में भर्ती मरीजों पर उपचार के बारे में डॉक्टर से की वार्ता
* डेंगू बाढ़ के समीप जल भराव एवं गंदगी पर जाहिर की नाराजगी
* पालिका के अफसर को तत्काल टीम भेज कर दिए सफाई करने के निर्देश





जन एक्सप्रेस । डॉ इसरार अहमद

**पीलीभीत।** सोमवार को गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने मेडिकल कॉलेज के जिला संयुक्त चिकित्सालय में औचक निरीक्षण किया। जहां डेंगू बाढ़ के समीप जल भराव एवं गंदगी देखकर कड़ी नाराजगी जाहिर की उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी से डेंगू वार्ड के समीप गंदगी के बारे में जब जानकारी की तो उन्होंने कहा कि पालिका प्रशासन को सफाई करने के लिए कई बार लिखा गया हैं। लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। इस पर राज्य मंत्री श्री गंगवार ने तत्काल पालिका के प्रभारी एसडीएम सदर देवेंद्र सिंह को मोबाइल पर बात कर तत्काल सफाई कर्मियों की टीम भेज कर चिकित्सालय स्थित डेंगू वार्ड के समय हो रही गंदगी को सफाई करने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि सफाई कर्मी हर हाल में यहां पर सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करें ताकि मरीज को सुविधा न हो सके उन्होंने ट्रांसफर पर आए चिकित्सकों के बारे में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक और सीएमओ से जानकारी दी तो उन्होंने बताया कि सात चिकित्सकों के ट्रांसफर यहां हुए थे जिनमें से तीन चिकित्सकों और ज्वाइन किया है। इस पर राज्य मंत्री प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक को फोन लगाकर उनसे स्थानांतरित हुए चिकित्सकों को तत्काल जॉइनिंग करने की कार्यवाही करने का अनुरोध किया राज्य मंत्री श्री गंगवार में निरीक्षण के दौरान इमरजेंसी ओपीडी मेडिकल वार्ड ऑर्थोपेडिक वार्ड डेंगू बर्ड सहित सभी वार्डों में जाकर हर एक मरीज से उपचार के बारे में और अस्पताल द्वारा दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी हासिल की उन्होंने मौके पर मौजूद चिकित्सक डॉक्टर से कहा कि किसी भी मरीज को कोई सुविधा न होने पाए उन्होंने वार्ड में भर्ती रामनरेश, निर्मला देवी, राम बहादुर, अजय पाल सहित कई मरीजों से वार्ता की और उपचार के बारे में जानकारी हासिल की बाद में पत्रकारों से वार्ता करते हुए राज्य मंत्री श्री गंगवार ने कहा कि जिस तरह हम सब ने कोविड की लड़ाई लड़ी इस तरह हमको जनपद में फैल रहे डेंगू और अन्य बुखार से निपटने की लड़ाई लड़नी हैं। उन्होंने कहा कि हमें डरना नहीं है। बल्कि रोग नष्ट करने के लिए संघर्ष करना हैं। इस मौके पर सीएमओ डॉक्टर आलोक कुमार, सीएमएस डॉक्टर संजीव सक्सेना, डॉक्टर रमाकांत सागर, भाजपा नगर अध्यक्ष विकास श्रीवास्तव, नगर महामंत्री मनोज मिश्रा, शिव नारायण शर्मा, कार्यालय प्रभारी सुनील मिश्रा सहित भाजपा के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गढ़ मौजूद रहे।

## घर में सो रहे किसान पर हमलावर हुआ नेपाली हाथी, झोपड़ी की तहस नहस





जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

* स्वजनों ने बमुश्किल भाग कर बचाई से जान
* रात्रि में आधा घंटे तक उत्पात मचाता रहा हाथीं

**हजारा(पूरनपुर)।** नेपाली हाथियों के झुंड से बिछड़े एक हाथीं ने बैल्हा गांव में जमकर उत्पात मचाया। किसान के छप्पर पोश घर को पूरी तरह से तहस नहस कर दिया। घर में रखे अनाज को भी चट कर गया। लगभग आधा घंटा उत्पात मचाने के बाद हाथी जंगल की तरफ चला गया।उधर रात में स्वजनों ने भाग कर बमुश्किल जान बचाई। नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के गांव भगवानपुरी बैल्हा में रविवार रात लगभग 11 बजे नेपाली हाथियों के झुंड से बिछड़ा एक हाथी शारदा नदी किनारे बसे बचन सिंह के घर के पास पहुंचकर चिंघाड़ने लगा। हाथी ने किसान के छप्पर पोस घर को पूरी तरह तहस-नहस कर दिया।छप्पर गिरने की आवाज सुनकर बचन सिंह की नींद खुल गई। घर के आंगन में हाथी को देख परिवार सहम गया। झुंड से बिछड़ने के बाद गुस्साए हाथी ने किसान के घर में जमकर उत्पात मचाया। रात्रि में स्वजनों ने बमुश्किल भाग कर जान बचाई।हाथी ने घर में रखे सामान को भी तहस नहस कर दिया।घर में रखे टीन के बक्से व पेटी को भी तोड़ दिया है।इसके अलावा घर में रखे अनाज को भी चट कर गया।शोर शराबा करने के बाद भी हाथी घर में तोड़फोड़ करता रहा। हाथी ने किसान के घर में आधा घंटे से अधिक समय तक उत्पात मचाया।बचन सिंह के अनुसार उनका हजारों रुपयों का आर्थिक नुकसान हुआ है।बताया जा रहा है कि यह जंगली हाथी झुंड से बिछड़ गया था जो भटक कर जंगल से गांव की तरफ आ गया था। फिलहाल ग्रामीणों के अनुसार एक घर को तहस नहस करने के बाद हाथी वापस शारदा नदी की तरफ चला गया।दूसरी ओर बचन सिंह का परिवार घर के तहस नहस हो जाने के कारण खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर है। ग्रामीणों ने बताया कि यह हाथी संभवतः नेपाल से आये थे,जो यहां आकर तांडव मचाकर नुकसान पहुंचाते हैं। गांव के प्रधान अमरीक सिंह व अन्य ग्रामीणों ने वन विभाग संपूर्णानगर वन रेंज को भी सूचना दी।

### नवरात्रि समापन के बाद शारदा नदी मे किया मूर्ति विसर्जन

जन एक्सप्रेस/हजारा(पूरनपुर)। शारदीय नवरात्र के अंतिम दिन समापन के साथ ट्रांस शारदा क्षेत्र में मूर्ति विसर्जन का सिलसिला शुरू हो गया है ।मूर्तियों का विसर्जन गाजे बाजे के साथ शारदा के पवित्र तट पर पहुंचकर किया है। शारदीय नवरात्र के अंतिम दिन हजारा थाना क्षेत्र के ट्रांस शारदा क्षेत्र में दर्जनों स्थान पर दुर्गा माता की मूर्तियों का पंडाल सजा था जहां शारदीय नवरात्र के तहत धूमधाम से एवं विधि विधान से 9 दिन माता की पंडाल में हवन पूजन व भजन कीर्तन का कार्यक्रम चल रहा था। इधर सोमवार को ट्रांस शारदा क्षेत्र के राणा प्रताप नगर सहित अन्य गांव की मूर्तियों का शारदा नदी के पावन तट पर धूमधाम एवं विधि विधान के साथ ग्रामीणों ने किया है ।राणा प्रताप नगर की मूर्ति का विसर्जन राणाप्रताप नगर गांव के समीप ही बह रही शारदा नदी के पावन तट पर विसर्जन किया गया है ।इस दौरान ग्राम प्रधान रमावती के पति पूर्व प्रधान दीनानाथ गौतम,हरीश खंडूजा,सुनील कुमार सिंह,मुन्ना वर्मा,तेज प्रताप सिंह,मनोज मद्धेशिया,अशोक पांडे,लाल बाबू मदेशिया, रोहित शर्मा,अरविंद यादव,जीतन लाल मोदनवाल,बबन प्रसाद,वीर बहादुर,चंदन पांडेय,रवि पांडेय सहित सैकड़ो श्रद्धालु मौजूद रहे तो वही हजारा थानाध्यक्ष परमेंदर कुमार उप निरीक्षक तेजवीर सिंह आरक्षित रवींद्र वर्मा सुरक्षा के दृष्टिकोण से शारदा तट पर मौजूद रहे ।उधर हजारा थानाध्यक्ष परमेंद्र कुमार ने बताया है कि ट्रांस शारदा क्षेत्र में मूर्तियों का विसर्जन कुछ स्थानों पर मंगलवार तो अंतिम रूप से बुधवार को भी मूर्तियों का विसर्जन होगा।

## भरत मिलाप और मूर्ति विसर्जन के बहिष्कार का महासमिति ने लिया निर्णय

* कोतवाल के स्थानांतरण तक नहीं किया जाएगा मूर्ति विसर्जन
* प्रशासनिक अधिकारियों और महासमिति की वार्ता रही बेनतीजा



जन एक्सप्रेस । जौनपुर

मछलीशहर।रविवार की रात थानाध्यक्ष और महासमिति के अध्यक्ष के बीच हुई नोक झोंक को सुलझाने के लिए हुई प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक में कोई निर्णय नहीं हो सका है।महासमिति के अध्यक्ष संजय जायसवाल ने कोतवाली के प्रभारी के स्थानांतरण की मांग करते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एस डी एम राजेशकुमार चौरसिया को सौंपा है। ट्रान्सफर के बाद ही त्योहार मनाने और मूर्ति विसर्जन की बात ज्ञापन में कही है। रविवार रात को नगर पंचायत कर्मचारियों द्वाराचुंगी चौराहा के पास पूर्व में लगे बैनर के ऊपर महासमिति का बैनर लगाने के दौरान विवाद हो गया।मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष यजुवेंद्र सिंह ने बैनर लगाने से मना कर दिया।घटना के दौरान महासमिति के अध्यक्ष ने थानाध्यक्ष पर अमर्यादित व्यवहार करने का आरोप लगाया।जिसके विरोध में पूजा पंडालों के पट बंद हो गए।साथ ही आज मूर्ति विसर्जन और भरत मिलाप मेले के बहिष्कार करने की घोषणा की गई।इसी विवाद को सुलझाने के लिए सोमवार को नगर स्थित सिंचाई विभाग के डाक बंगले में महासमिति और प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक हुई।बैठक में आए पूजा समिति के पदाधिकारियों और महासमिति के मुख्य संरक्षक दिनेशचंद्र सिन्हा , अध्यक्ष संजय जयसवाल महामंत्री पवन गुप्ता उपाध्यक्ष आशीष चौबे व्यापार मंडल अध्यक्ष जीवनलाल अग्रहरि,भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज जायसवाल संतोष जायसवाल राजकुमार पटवा हरिओम गुप्ता आदि ने भाग लिया।महासमिति के अध्यक्ष संजय जायसवाल ने कोतवाली प्रभारी के स्थानांतरण के बाद ही भरत मिलाप मेले को आयोजित करने और मूर्ति विसर्जन करने की बात अधिकारियों से कही ।इस तरह से इस ऐतिहासिक पर्व की व्यवस्था को लेकर अधिकारियों द्वारा क्या निर्णय लिया जाता है यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है।

### फास्ट फॉरवर्ड

#### दुर्गा पूजा पंडाल में रात भर श्रद्धालु भजनों पर झूमते रहे

जन एक्सप्रेस/जौनपुर। मछलीशहर विकास खंड के जय मां दुर्गा पूजा समिति जमालपुर की ओर से लगाए गए विशाल दुर्गा पंडाल में लगातार श्रद्धालु आ रहे हैं। रविवार की रात पंडाल में जागरण का आयोजन किया गया। इसमें मां शेरा वाली जागरण ग्रुप जौनपुर के कलाकारों ने माता की भेंटे तथा भजन व झांकी प्रस्तुत कर पंडाल में उपस्थित श्रद्धालुओं को भक्ति रस में डुबो दिया और दूरदराज से आए श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। दुर्गा पूजा पंडाल में जागरण देररात तक जारी रहा। तड़के मां वैष्णो देवी की आरती के साथ भव्य जागरण संपन्न हुआ। इसके उपरांत श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष शिव बहादुर बिन्द, सूबेदार बिन्द, सुरेश कुमार सरोज, रामलाल बिन्द आदि ने बताया कि बीते कई वर्षों से समिति द्वारा हर वर्ष पवित्र नवरात्रों में दुर्गा पंडाल स्थापित किया जाता है।

#### 8 घंटे जेसीबी से खुदाई कर तैयार हुआ विसर्जन स्थल



जन एक्सप्रेस/जौनपुर। बरईपार तेजीबाजार थाना क्षेत्र के कंधी घाट पर सोमवार आठ घंटे खुदाई कर मूर्ति विसर्जन स्थल के लिए गड्ढा खोदा गया। नायब तहसीलदार संतोष कुमार एवं थानाध्यक्ष राम प्रवेश कुशवाहा के नेतृत्व में दो जेसीबी के द्वारा मूर्ति विसर्जन स्थल तैयार कराया गया। मंगलवार को क्षेत्र की मूर्ति का विसर्जन होना है, प्रशासन द्वारा सई नदी के तट पर जमीन को चिन्हित किया गया है। पंपिग सेट की व्यवस्था कर पानी किया गया। प्रशासन दकी मौजूदगी में मूर्ति का विसर्जन किया जाएगा। इस मौके पर राजस्व निरीक्षक कमल बहादुर यादव, लेखपाल परमानंद मिश्रा जयचंद कुमार ग्राम प्रधान विजय कुमार मौजूद रहे।

## शाहगंज बस डिपो का होगा कायाकल्प : रमेश सिंह

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



विकास की चमक से कोसों दूर रहा शाहगंज बस अड्डा जहाँ से यहां की क्षेत्रीय जनता वाराणसी, आज़मगढ़, लखनऊ तथा सुल्तानपुर की यात्रा करती रही वह बस अड्डा अब विधायक शाहगंज रमेश सिंह के प्रयास से नए रंग रूप में दिखेगा।वर्षो से अपने जीर्णोद्धार की बाट जोह रहे शाहगंज बस अड्डे पर बुनियादी सुविधाओं का आभाव था जिससे यात्रियों को समस्याओं का सामना कर पड़ रहा था परन्तु विधायक रमेश सिंह के लगातार प्रयासों के फलस्वरूप शाहगंज बस अड्डे के जीर्णोद्धार का प्रस्ताव पास होकर टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण कर लिया गया है। इस बाबत पूछे जाने पर विधायक रमेश सिंह ने कहा बस अड्डे को चमकाने का कार्य प्रगति पर है कार्य को जल्द से जल्द पूरा करा लिया जाएगा उसके पश्चात परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह द्वारा क्षेत्र की जनता को समर्पित किया जाएगा विधायक ने जोर दिए हुए कहा कि शाहगंज को आदर्श विधानसभा बनाना हमारा लक्ष्य है ऐसे में क्षेत्र के विकास हेतु लगातार प्रयास करता रहूँगा। एआरएम शाहगंज एके पाल ने बताया कि विधायक रमेश सिंह के प्रयास से कार्य चल रहा है तथा पीछे से तोड़ फोड़ करने का कार्य प्रचलित है बस अड्डे को सड़क के बराबर लाया जाएगा ताकि पानी जमाव की समस्या से निजात मिलते हुए यात्रियों की सहूलियतों को बढ़ाया जा सके।सुरक्षा कर्मियों के वेतन रुकने से सम्बंधित प्रश्न पर एके पाल ने कहा इनका वेतन मुख्यालय से रिलीज होता है जैसे ही रिलीज होगा इनको प्राप्त हो जाएगा। ऐसे में चाहे जो भी हो,शाहगंज बस अड्डे के ठीक हो जाने पर क्षेत्र की जनता के सुविधाओं में वृद्धि तय है।

## समाज के निर्माण में विद्यालयों की भूमिका महत्वपूर्ण : गिरीश यादव

* महर्षि दयानंद इंटर कालेज के संस्थापक की प्रतिमा का हुआ अनवारण

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



खेतासराय मानीकला में स्तिथ महर्षि दयानंद इंटर कालेज के संस्थापक स्व विन्देशरी प्रसाद गुप्त की तीसरी पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा का अनावरण हुआ । इस मौक़े पर मौजूद लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित कर याद किया । तीसरी पुण्यतिथि पर सभी ने उनके स्मृतियों को याद कर एक समर्पित राष्ट्र वादी व जमीनी महा पुरुष बताया। यहाँ आयोजित प्रतिमा अनावरण समारोह में बोलते हुए बतौर मुख्यातिथि खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चन्द्र यादव ने कहा कि स्व साहू ने ग्रामीण इलाके में विद्यालय की नींव डालकर अमर हो गए। इसी संस्थान से निकला बच्चा देश का भविष्य तय करता है। बिना सरस्वती ज्ञान के अच्छे समाज का निर्माण सम्भव नही है। आगे बढ़ने का मात्र माध्यम शिक्षा है। उन्होंने यह भी कहा कि कर्म ही इंसान को श्रेष्ठ बनाता है। स्व साहू की स्मृतियों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि दिया। पूर्व सीडीओ राधेश्याम गुप्ता ने कहा कि वे हमेशा असहायों की मदद और अन्याय के खिलाफ़ आगे रहे है। उनके आदर्शों पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। कार्यक्रम को पूर्व विधायक बांकेलाल सोनकर, अनिल उपाध्याय, मंत्री प्रतिनिधि अजय सिंह, मण्डल अध्यक्ष धर्मेंद्र मिश्रा ने सम्बोधित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से श्याम बहादुर सिंह, डीसी गुप्ता, रूपेश गुप्ता, ननकऊ, विक्की, उपेंद्र मिश्र समेत अन्य लोग मौजूद रहे। अंत मे प्रबंधक साहू प्रकाश गुप्ता ने प्रकट किया।

## जो मनुष्य बिना कहे माता-पिता की सेवा करता है वह ईश्वर समान है : कथावाचक

* संसार में सबसे बड़ी ताकतवर चीज़ ईश्वर की भक्ति है जिसे हम सभी को अवश्य करनी चाहिए

जन एक्सप्रेस । राजकुमार

**पीलीभीत।** न्यूरिया क्षेत्र के प्राचीन मंदिर पंच प्रयाग आश्रम में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के सप्तम दिवस पर कथावाचक ने बताया कि संसार की सबसे ताकतवर चीज ईश्वर की भक्ति होती है। मनुष्य को अपने ही भगवान का नाम लेने में शर्म आती है लेकिन ऐसा नहीं होना चाहिए मनुष्य को हर जगह अपने ईश्वर संसार की सबसे ताकतवर चीज ईश्वर की भक्ति होती है। जो भी भगवान से सच्चा प्रेम चाहते हैं उनको रोज़ वृन्दावन जाना चाहिए और भगवान में मन लगाना चाहिए। मनुष्य के पास अधिकार होता है कि वह अच्छे कर्म करके देवता बन जाएँ लेकिन देवताओं के पास यह अधिकार नहीं होता है।जब भी भगवान या गुरु हमारे मध्य आये तो मनुष्य को उनकी पूजा करनी चहिए। जो बिना कहे माता-पिता की सेवा करता है वह मनुष्य देवता के सामान होता है और जो मनुष्य माता-पिता के कहने पर सेवा करे वह मानव तुल्य होता है और जो कहने पर भी सेवा न करे वह दानव तुल्य होता है। ऐसा कोई मानव नहीं है जिसके जीवन में समस्या ना हो क्योंकि जीवन में सुख और दुःख आएंगे ही, यह जीवन और ब्रह्मांड सुख और दुःख से मिलकर बना है। भगवान ने मनुष्य को यह शरीर केवल पुण्य करने के लिए दिया है। अगर मनुष्य धर्म की रक्षा करेगा तो धर्म भी उस मनुष्य की रक्षा करेगा। सब से बड़ा पाप है दूसरों को दुःख देना और सबसे बड़ा पुण्य है दूसरों को सुख देना। जो व्यक्ति यह सोचते है की धर्म बदलने से सब ठीक हो जाता है लेकिन जब तक आप अपने धर्म और ईश्वर में निष्ठा नहीं रखोगे तब तक मनुष्य का कल्याण नहीं होगा।

## क्लीनिक के आड़ में धड़ल्ले से चल रहे अवैध हॉस्पिटल पर पहुंचे अधीक्षक ने डॉक्टर को दिया नोटिस, बंद करने को लगाई कड़ी फटकार

जन एक्सप्रेस । जौनपुर




केराकत तहसील क्षेत्र के अंतर्गत गंगौली ( नईबाज़ार) गाँव के हनुमान मंदीर सिबाला के पास पंजाब फर्नीचर के बगल में झोलाछाप डॉक्टर शुभम कलीनिक की आड़ में चला रहे धड़ल्ले से अवैध हॉस्पिटल। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है की इसके पूर्व में स्थित यही हॉस्पिटल अहन गेट के पास में था, जो बेलाव गाँव की एक महिला को डिलिवरी कराने के लिए उसके परिजन लाये हुए थे। वही डिलिवरी के दौरान महिला की नश कट जाने से महिला की मौके पर ही मौत हो गयी थी। जिसके बाद महिला के घर के परिजनों को जानकारी हुई तो हॉस्पिटल पर जमकर हंगामा किया। जिसके बाद डॉक्टर हॉस्पिटल छोड़कर कुछ दिनों से फरार चल रहा था। अब वही क्लीनिक के झोलाछाप डॉक्टर गंगौली हनुमान मन्दिर सिबाला के पास पंजाब फर्निचर के बगल में हाईवे रोड़ के किनारे शुभम क्लिनिक की आड़ में धड़ल्ले से चला रहा है अवैध हॉस्पिटल जिम्मेदार लोग हैं मौन। गरीब व असहाय जनता के जेब में डाल रहा है झोलाछाप डॉक्टर डाका। जनपद में कई हॉस्पिटल में भर्ती किये गए कई मरीजों का ईलाज के दौरान मौत हो गयी। और संज्ञान में लेकर उच्चाधिकारियों द्वारा उस अस्पताल को सीज भी किया गया। आलम यह है की क्लीनिक खोलकर पूरी तरह से हॉस्पिटल की सुविधा धड़ल्ले से चला रहा हैं डॉक्टर । अब इन अवैध रूप से चल रहे हॉस्पिटल पर कब होगी कार्यवाही। अब तो जिम्मेदार अधिकारी ही तय करेंगे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केराकत के जिम्मेदार अधिकारी के नाक के नीचे चल रहा हैं अवैध हॉस्पिटल और आखिर किसके सह पर चल रहा हॉस्पिटल। क्लीनिक की आड़ में उसी मकान के अंदर धड़ल्ले से, गर्भवती महिलाओं की डिलेवरी और साथ में सभी मरीजों का ऑफरेशन करना, और 8 से 10 बेड पर मरीजों को भर्ती करना। और गरीब लोगों के जेबों में डाका डालना। ऐसे फर्जी डॉक्टर और हॉस्पिटल पर उच्चाधिकारियों द्वारा कब होगी कार्यवाही। अवैध हॉस्पिटल डॉ0 चंदन सिंह उर्फ अभिनव के द्वारा संचालित किया जा रहा है। ऐसे फर्जी डॉक्टर और हॉस्पिटल पर कब होगी जाँच व कार्यवाही। ऐसे गैर जिम्मेदार अवैध हॉस्पिटल व झोलाछाप डॉक्टर पर उच्चाधिकारियों द्वारा क्या होगी कार्यवाही देखना दिलचस्प। वही सूचना मिलने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक पहुँचकर जाँच पड़ताल किये तो अवैध हॉस्पिटल सही पाया गया। इस संबंध में जब केराकत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक अरुण कुमार कनौजिया से टेलिफ़ोनिक वार्ता की गयी तो उन्होंने बताया की अस्पताल पर न हीं कोई बोर्ड लगाया और न ही कोई रजिस्ट्रेशन था। साथ ही अंदर नीचे कमरे में बेड लगाकर मरीज भर्ती कराया किया जा रहा था । एक भर्ती महिला मरीज नीचे कमरे में भर्ती पायी गयी थी । और डॉक्टर को अधीक्षक द्वारा 18 अक्टुबर नोटिस जारीकर एक सप्ताह के अंदर सभी रजिस्ट्रेशन कागजात सहित अन्य कागज को दिखाने के लिए कहा गया। अधीक्षक ने अस्पताल पर मौजूद डॉक्टर द्वारा बोर्ड न लगाने और रजिस्ट्रेशन न दिखाने पर अवैध हॉस्पिटल को बंद करने का निर्देश देते हुए कडी फटाकर भी लगायी।

# हवन और कन्याभोज के साथ हुआ नवरात्रि आराधना का समापन

**हवन कुंड में आहुतियां डाल भक्तों ने मां से की सुख समृद्धि की कामना**

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



नौ दिवसीय देवी आराधना के पर शारदीय नवरात्रि का सोमवार हवन और कन्या पूजन के साथ समापन हो गया। देवी उपासकों ने दुर्गा सप्तशती के मंत्रों पर हवन कुंड की पवित्र अग्नि में सांकल्य की आहुतियां समर्पित कर मां जगत जननी से सुख, शांति और समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। नवमी तिथि पर सभी देवी मंदिरों में दर्शनार्थियों की भीड़ बनी रही। शारदीय नवरात्रि का सोमवार नवमी तिथि पर समापन हो गया। देवी भक्तों ने विधि विधान से मां भवानी का पूजन अर्चन कर आचार्यों के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन कर माता से गलतियों के लिए क्षमा याचना करते हुए सुख सौभाग्य का आशीर्वाद मांगा। देवी मां को भोग लगाने के बाद मां दुर्गा स्वरूपा कन्याओं को भोजन कराते हुए उन्हें यथा सामर्थ्य दान आदि दिया। व्रत साधकों ने इसके साथ ही नौ दिनों से चल रहे व्रत का प्रसाद ग्रहण कर पारण किया। नवमी तिथि पर देवी मंदिरों में भी दिन भर दर्शनार्थियों की भीड़ बनी रही। मंदिरों में भी हवन और कन्या पूजन के वृहद स्तर पर आयोजन किए गए।

### नौ दिवसीय गायत्री महायज्ञ का हुआ समापन

शहर के मोहल्ला कल्याणी स्थित डॉ. आर सहाय की यज्ञशाला पर श्रीमती प्रभावती अखिलेंद्र सहाय स्मारक धर्मार्थ संघ के तत्वधान में प्रति नवरात्र पर्व पर होने वाले नौ दिवसीय गायत्री महायज्ञ का विधि विधान के साथ समापन हुआ। जहां श्रद्धालुओं ने नौ दिनों तक गायत्री महायज्ञ का विधिवत अनुष्ठान किया तथा अंतिम दिन यज्ञशाला में पूर्ण आहुति देकर सर्वे भवंतु सुखना की कामना और विश्व का कल्याण हो की कामना के साथ महायज्ञ का समापन किया। इस अवसर पर संघ के प्रधान दाधीच सहाय, बाबूलाल यादव, राजेश शुक्ला, राजेश कठेरिया, सुधीर शुक्ला, हरिश्चंद्र गुप्ता, समीर, सूर्यकुमार गुप्ता, अनिल दुबे, दिनेश तिवारी, सुरेश चंदगुप्ता, सूर्यकुमार गुप्ता, विपिन यादव, आशुतोष शुक्ला, सुरेश चंद गुप्ता, अमर गुप्ता, अखिलेश सिंह, कमलेश कुमार, शैलेश कुमार सहित करीब आधा सैकड़ा लोगों ने यज्ञ में उपस्थित होकर आहुतियां दी।

## भांजी के मुंडन में गया युवक डूबा, मौत



जन एक्सप्रेस/उन्नाव बिछिया। दही थाना क्षेत्र के इछौली गांव निवासी संजय कुशवाहा 23 वर्ष रविवार को बक्सर स्थित चंदिका देवी दरबार में भांजी अन्या के मुंडन में गया था जहा वो गंगा स्नान में गहरे पानी में डूब गया जिसके बाद पुलिस ने गोताखोर की मदत से उसको खोजा तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया था जिसके बाद सोमवार को पीएम होने के बाद जब शव गांव पहुंचा तो कोहराम मच गया मृतक घर का इकलौता था पिता के साथ खेती में सहयोग करता था और साथ में प्रतियोगी परीक्षा की तयारी भी करता था और गांव से शहर प्रतिदिन आता जाता था। इक लौते बेटे की मौत से पिता प्रहलाद और मां ज्ञानवती रो रो कर बेहाल है।

# डंपर की टक्कर से घायल बाइक सवार महिला की मौत

**रविवार शाम पुरवा दही मार्ग पर हुआ था हादसा**

**रिश्तेदार के यहां मुंडन संस्कार में शामिल होने आई थी महिला**

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

मुंडन संस्कार में शामिल होकर पति के साथ घर जा रही बाइक सवार महिला को बीती शाम डंपर ने टक्कर मार दी। घायल ने उपचार के लिए लखनऊ ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। परिजनों की सूचना पर दही पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। असोहा थानाक्षेत्र के सूर्यबलीखेड़ा निवासी गोमती (30) पत्नी शिवराम अजगैन कोतवाली के मलेशा गांव निवासी मामा हनुमान के नाती शिवम के मुंडन में शामिल होने रविवार को बिछिया के ओरहर स्थित साखो देवी मंदिर में आई थी। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद देर शाम करीब छह बजे घर लौटते समय दही चौकी-पुरवा मार्ग पर चौराहे से करीब 200 मीटर आगे डंपर ने बाइक में पीछे से टक्कर मारी। इससे गोमती उछलकर सडक़ पर गिरकर गंभीर घायल हो गई। पति बाल-बाल बच गया। पति उसे जिला अस्पताल लाया। हालत गंभीर देख कानपुर रेफर कर दिया गया। वहां भी सुधार न देख रात करीब 11 बजे पत्नी को लेकर वह लखनऊ जा रहा था। रास्ते में उसकी मौत हो गई। मृतका गोमती के अभी बच्चे नहीं थे। वह पांच बहनों में बड़ी थी। बेटी की मौत से मां नन्हकी, पति राजेश सहित अन्य परिजन बेहाल हैं। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। एसओ अनुराग सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। तहरीर अभी नहीं आई है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### रात में घर से गायब हुई महिला, तालाब में उतराता मिला शव

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। हसनगंज कोतवाली क्षेत्र बीती रात घर से बिना बताए घर से निकली महिला का शव गांव के बाहर तालाब में उतराता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। औरत का मानसिक रूप से परेशान बताई जा रही है। हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के धौरा गांव निवासी रामप्यारी (40) पत्नी सुशील साहू रविवार रात बिना बताए घर से कहीं चली गई थी। उसे गायब देख परिजन रात भर उसकी खोज बीन करते रहे। सुबह उसका गांव के बाहर तालाब में पड़ा मिला। सूचना पर पहुंचे पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पति के मुताबिक रामप्यारी कई दिनों से मानसिक रूप से परेशान चल रही थी। अक्सर वह घर से बिना बताए निकल जाती थी। मोहान चौकी प्रभारी के मुताबिक तालाब में डूबने से महिला की मौत हुई है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। परिजनों ने किसी प्रकार का आरोप नहीं लगाया है।

### टक्कर मारने के बाद पिकअप दूधिए पर पलटा, मौत

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। मौरांवा थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह मोहनलालगंज मार्ग स्थित भवानीगंज गांव के पास बाइक सवार दूधिए को पिकप ने टक्कर मारी दी। हादसे में बाइक समेत दूधिया खंती में जा गिरा उसके हो ऊपर अनियंत्रित लोडर भी पलट गया। जिससे दूधिए की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आसोहा थाना क्षेत्र के दिलसहमऊ निवासी रामपाल यादव (75) रोजाना की तरह बाइक से दूध लेकर मोहनलालगंज मार्ग पर स्थित ग्राम भवानीगंज में पप्पू के होटल में देने जा रहा था। अभी वह भवानीगंज मोड़ के पास पहुंचा था कि तभी पिकप ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे दूधिया बाइक समेत सड़क किनारे खंती में जा गिरा। इसी दौरान पिकप भी दूधिए के ऊपर जा पलटा। जिसके नीचे दबकर उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोडर को हटाने के बाद शव को बाहर निकाल पहचान कराई।

### जिला अस्पताल में पर्स चुराने वाली महिला को युवती ने दबोचा

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। शनिवार पर्स चोरी की घटना को अंजाम देने के दो दिन बाद भी जिला अस्पताल घूम रही चोरनी को पीड़िता ने सोमवार को दबोच लिया और चौकी पुलिस को सौंप दिया। पुलिस पकड़ी गई महिला से पूछताछ कर रही है। सदर कोतवाली के मोहल्ला आदर्श नगर निवासी आरती कश्यप पुत्री विनोद कश्यप शनिवार को जिला अस्पताल में दवा लेने आई थी। इस दौरान भीड़ में किसी ने उसका पर्स पार कर दिया। पर्स गायब देख आरती के होश उड़ गए। उसके मुताबिक पर्स में पैनकार्ड, आधार कार्ड, पहचान पत्र, शैक्षिक दस्तावेज के अलावा 200 रुपए और चांदी की अंगूठी थी। उसने अस्पताल चौकी पहुंच कर आप बीती बताई। जिस पर अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज दिखाई गई। जिसमें गोद में बच्चा लिए एक महिला उसका पर्स लेकर जाती नजर आई। सोमवार को आरती फिर जिला अस्पताल पहुंची जहां उसे सीसीटीवी फुटेज में दिखी महिला नजर आते ही उसने उसे दबोच लिया और अस्पताल चौकी ले आई। पकड़ी गई महिला शहर के तालिब सरांय मोहल्ला की रहने वाली बताई जा रही है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

### दुस्साहस: दिनदहाड़े चोरों ने घर से पार किया नगदी जेवर समेत चार लाख का माल

**पुरवा के कस्टोलवा मोहल्ले में सोमवार दिन में हुई घटना**

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। जिले में चोर इतने बेखौफ हो गए हैं कि वे दिनदहाड़े भी चोरी की घटनाओं को अंजाम देने में तनिक भी नहीं हिचकते। ऐसी ही एक घटना में पुरवा कोतवाली क्षेत्र के कस्टोलवा मोहल्ले के एक सुने घर को निशाना बनाते हुए चोर नगदी व जेवर समेत तकरीबन चार लाख का माल बीन ले गए। घर पहुंचने पर गृहस्वामी ने अलमारी का ताला और सामान बिखरा देखा तो उसके होश उड़ गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। कोतवाली व कस्बा पुरवा के मोहल्ला कस्टोलवा निवासी संतोष पुत्र छोटेलाल के घर के सदस्य मिर्जापुर स्थित मां विंध्यवासिनी के दर्शन करने गए थे। घर पर अकेला संतोष सोमवार सुबह जरूरी काम के चलते घर में ताला लगा कर मौरावां गया था। दोपहर जब वह घर लौटा तो कमरे में रखी आलमारी का ताला टूटा और सामान बिखरा देख उसके होश उड़ गए। पीड़ित के मुताबिक चोर लॉकर में रखी सोने की झुमकी, पायल, माला, अंगूठी और तकरीबन डेढ़ लाख की नगदी समेत चार लाख का सामान पार कर ले गए। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मौका मुआयना कर जल्द खुलासा करने का आश्वासन दिया है।

### गंगा में डूबे दो किशोर एक की मौत दूसरा अस्पताल में भर्ती

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। श्री नगर निवासी यश (12) अपने साथी शुभ (13) के साथ रविदास नगर के सामने गंगा नहाने गया था। जहां नहाने के दौरान दोनों गहरे पानी में चले गये और डूबने लगे। यह देख तट पर मौजूद लोगों ने शोर मचाया। जिस पर मौजूद लोगों ने गंगा में छलांग लगाई। जहां शुभ को सकुशल बाहर निकाल लिया गया। जिसके बाद उसके परिजनों को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंचे परिजन उसे इलाज के लिये कानपुर उर्सला ले गये। वहीं यश गहरे पानी में चला गया। जिस कारण उसकी डूबने से मौत हो गई। मौत की सूचना पर यश के परिजनों में कोहराम मच गया। डूबने की सूचना पर गंगाघाट कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। जहां पुलिस ने जांच पड़ताल की है।

### दुर्गा मंदिर परिसर में कन्या भोज का आयोजन

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। राजधानी मार्ग स्थित श्री दुर्गा मंदिर परिसर में पहले इक्कीस कन्याएं खिलाई गईं। उन्हें दान दक्षिणा देने के बाद अन्य कन्याओं को भोज कराया गया। इस मौके पर आदित्य सिंह साधू आदि रहे। गायत्री नगर स्थित गायत्री मंदिर में कन्या भोज कराया गया, जहां राम चंद्र गुप्ता, प्रेम त्रिपाठी, संग्राम सिंह थे। इसके अलावा कंचन नगर स्थित कंचनामाई मंदिर, महेश मार्ग स्थित सिद्धिधात्री मंदिर में प्रमोद त्रिवेदी, उमेश शुक्ला, सूर्य कुमार बाजपेई, ने मां की आरती उतारी गई। डॉकतार कालोनी स्थित सोमा गौरी मंदिर, गांधीनगर स्थित काली मंदिर, पोनीरोड झंडे चौराहा स्थित झंडेश्वर मंदिर, बिन्दानगर स्थित दुर्गा मंदिर, बालूघाट स्थित गायत्री शक्तिपीठ, मंदिरों में कन्या भोज कराया गया। गंगा विशुनघाट दुर्गा मंदिर के अलावा तमाम देवी मंदिरों के अलावा घरों में भी कन्या पूजन किया गया। इसके बाद व्रत उपासकों ने व्रत तोड़ा। जगह-जगह कन्याभोज का आयोजन हुआ।

### किशोरी को अगवा करने वाले के खिलाफ़ मुक़दमा दर्ज

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले में रहने वाली एक सत्रह वर्षीय किशोरी को झब्बू पुरवा गांव में रहने वाला लाख बहला फुसला कर अपने साथ भगा ले गया। जानकारी होने पर परिजनों ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को अवगत कराया और आरोपी युवक के खिलाफ कार्यवाही करने के लिये लिखित तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी युवक के अगवा करने की एफआईआर दर्ज की है। इंस्पेक्टर राजकुमार ने बताया कि जल्द ही किशोरी को बरामद किया जायेगा और युवक को पकड़ा जोयगा।

# खेलने के दौरान पानी भरे गड्ढे में गिरी बच्ची, भर्ती



जन एक्सप्रेस । नवाबगंज, उन्नाव

विकासखण्ड के गांव सराय इंदल गांव में घर के पास खेल रहे बच्चे पानी भरे गड्ढे में गिर गये। जिसमें एक बच्ची को गंभीर हालत में परिजनों ने सीएचसी में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज चल रहा है। नवाबगंज विकासखण्ड के गांव सराय इंदल निवासी रंजीत की बेटी अंजली 3 वर्ष अपनी बहन लक्ष्मी 5 वर्ष, चचेरा भाई विनय 2 वर्ष आदि बच्चे सोमवार दोपहर घर के बाहर खेल रहे थे। जोकि खेलते खेलते घर के पास बने गढ्ढे में चले गये। गड्ढे में पानी भरा था जिससे लक्ष्मी और विनय तो निकल आये लेकिन अंजली पानी मे गिर गई। जानकारी होने पर परिजनों ने आननफानन अंजली को पानी से निकाला और प्राइवेट इलाज कराया। लेकिन तबियत में कोई सुधार नहीं होता देख परिजनों ने उसे नवाबगंज स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज चल रहा है। अंजली के बाबा सुंदर लाल ने बताया की घर के पास मिट्टी पाथने की वजह से एक गढ्ढा हो गया है। जिसमें पानी भरा है। बच्चों के खेलने के दौरान लक्ष्मी पानी भरे गढ्ढे में गिर गयी। प्राइवेट इलाज से सुधार न होने पर सीएचसी में भर्ती कराया है।





# बड़े भाई ने छोटे भाई को ईंट से कुचल कर उतारा मौत के घाट

**जमीनी विवाद को लेकर दोनों में हुआ था झगड़ा**

**फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के ओसियां गांव की घटना**

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के ओसियां गांव में जमीनी विवाद के चलते बड़े भाई ने छोटे भाई को ईंट से ताबड़तोड़ वार कर मौत के घाट उतार दिया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया है। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के ओसियां गांव निवासी जसकरन उर्फ गोला (50) पुत्र प्रतिपाल सिंह की अपने बड़े भाई करन से सोमवार दोपहर जमीन को लेकर कहासुनी हो गई। बात इतनी बढ़ी कि दोनों में हाथापाई होने लगी। इसी दौरान करन ने गोला के सिर पर वहीं पड़ी ईंट से वार कर दिया। ईंट के वार से गोला के गिरते ही भाई ने उस पर ताबड़तोड़ कई वार कर उसे मरणासन्न कर दिया और लहूलुहान हालत में उसे छोड़ कर फरार हो गया। घायल गोला को जब तक उपचार के लिए ले जाया जाता तब तक उसकी मौत हो गई। हत्या की सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से आरोपी भाई को हिरासत में ले लिया है। मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मृतक कानपुर स्थित एक दाल मिल में काम करता था। मृतक चार भाई थे जिनमे दो ही गांव में रहते थे जबकि दो बाहर रहकर मजदूरी करते हैं। सीओ सफीपुर ऋषिकांत शुक्ला ने बताया कि नशे की हालत झगड़े के दौरान बड़े भाई ने छोटे भाई की ईंट से वार कर हत्या कर दी। आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# अलग अलग सड़क हादसों में एक दर्जन घायल

जन एक्सप्रेस । नवाबगंज, उन्नाव

नवरात्रि पर्व पर सोमवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु कस्बा स्थित दुर्गा माता मंदिर व कुसुम्भी गांव स्थित कुशहरी देवी मंदिर में दर्शन के लिये पहुंचे। जिसकी वजह से अन्य दिनों की अपेक्षा क्षेत्र के राजमार्ग पर वाहनों की संख्या बढ़ जाती है और जल्दी निकलने के चक्कर में वाहन सवार दुर्घटना के शिकार होजाते हैं। राजमार्ग पर हुये अलग अलग सड़क हादसों में करीब एक दर्जन दर्शनार्थी घायल हो गये। लखनऊ के सरोजिनी नगर निवासी सुभाषिनी पुत्री राज बहादुर 25 वर्ष अपने भतीजे राज उम्र करीब 10 वर्ष को लेकर अपने पड़ोसी के साथ बाइक से नवाबगंज मंदिर में दर्शन के लिए आयी थी। जिसकी बाइक की दोपहर में बाईपास के समीप एक अन्य बाइक से टक्कर हो गई। जिसमें सुभाषिनी व भतीजा घायल हो गया। चिकित्सक ने सुभाषिनी को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया। नवाबगंज पुलिस चौकी के समीप अज्ञात ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार दौलतखेड़ा गांव निवासी नीरज पुत्र कैलाश 25 बर्ष, सुरेश पुत्र चंद्रिका 30 वर्ष व लवकुश पुत्र पप्पू 14 वर्ष घायल हो गए। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वही मंदिर में दर्शन कर रिस्तेदार के घर जा रहे बाइक सवार परिवार को अज्ञात वाहन ने राजमार्ग पर पुलिस चौकी के समीप टक्कर मार दी। जिसमें अवधेश पुत्र तेजपाल 42 वर्ष व उसकी पत्नी सीमा 38 वर्ष एवम पुत्र शिवांश 4 वर्ष निवासी गण अजगैन गंभीर रूप से घायल हो गये। सीएचसी में उपचार के बाद अवधेश को नाजुक हालत के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वही राजमार्ग पर दुर्गा मंदिर चौराहे के समीप दो बाइक सवार आपस मे टकरा गए। जिसमें कुईंथर निवासी आलोक व उसके मित्र पवन, राजेश घायल हो गये।

# बिल्हौर तहसील क्षेत्र में जगह-जगह मां दुर्गा की झांकियां निकालकर मां को विदा किया

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो



बिल्हौर तहसील क्षेत्र में मां दुर्गा के अंतिम दिवस पूजन अर्चन के बाद मां दुर्गा की मूर्ति की भ्रमण कर कर भक्तों ने गुलाल और अबीर लगाकर माता की जयकारा लगाते हुए मंदिर-मंदिर, मोहल्ले- मोहल्ले होते हुए मां दुर्गा की मूर्ति का यथा स्थान स्थापित कर दिया गया या तालाब पोखरण और नहरो में भी मां दुर्गा की मूर्तियों को गड्ढा खोदकर विसर्जित कर दिया गया शासन की मंशा के अनुरूप जल में प्रवाहित ना करें स्नान आदि कराकर गड्ढा खोदकर ही दुर्गा मां की मूर्ति का विसर्जन करें। ककवन कस्बे में माता दुर्गा की आरती का विसर्जन के लिए आधा दर्जन वाहनों पर भक्त और एक वाहन पर मां दुर्गा की मूर्ति को रखकर अर्पण अग्निहोत्री समाजसेवी की देखरेख में सभी भक्त माताएं और बहने गुलाल अबीर और रंग से सरावोर थे लगभग ककवन कस्बे के सभी तंग गलियों से होते हुए जुलूस निकालकर साथ में दर्जनभर दरोगा और सिपाही सुरक्षा के मद्देनजर रास्ता खाली करवाते नजर आए सभी जगह भ्रमण करने के बाद में निचली गंग नहर के तट पर पहुंचकर विसर्जित किया गया। डीपीएसएन ककवन के प्रबंधक ललित शुक्ला, समाजसेवी बिषधन मिंटू दुबे ,उत्तमपुर प्रधान अरुण कुमार, बरुआहार प्रधान प्रतिनिधि अनिल यादव आदि ने बताया शांतिपूर्ण ढंग से 9 दिन मां के व्रत और विसर्जन जुलूस आदिकाल कार्यक्रमों में पुलिस की सराहनी सहयोग रहा है। बिल्हौर एसीपी आईपी सिंह ने बताया कि सुरक्षा के मद्देनजर दुर्गा विसर्जन जुलूस सोमवार से शुरू हुए हैं और मंगलवार तक चलेंगे । जुलूस के चलते रास्ते में कहीं कोई अवरुद्ध न हो भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।





# प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम की रूपरेखा बैठक में तैयार

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

भाजपा दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने केशव नगर स्थित भाजपा दक्षिण पार्टी कार्यालय में सोमवार को जिला पदाधिकारियों के साथ बैठक कर रविवार को होने वाले पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की। उन्होंने कहा कि 29 अक्टूबर रविवार को सांसद, विधायक, जिला पंचायत सदस्य, पार्षद सहित सभी जनप्रतिनिधि एवं संगठन के सभी पदाधिकारी अपने प्रभार वाले शक्ति केंद्रों पर मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि सांसद, विधायक, विधान परिषद सदस्य, पार्षद से जिला पंचायत सदस्य तक के सभी जनप्रतिनिधियों और प्रदेश से लेकर मंडल व शक्ति केंद्र स्तर तक के पदाधिकारियों को एक-एक शक्ति केंद्र का प्रभारी बनाया गया है। उन्होंने कहा कि शक्ति केंद्र का तात्पर्य छः से सात बूथों के समूह से है। दक्षिण जिले में 169 शक्ति केंद्र हैं। सभी जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी संबंधित शक्ति केंद्र और उनसे जुड़े बूथों पर वोटर चेतना अभियान की सफलता सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार होंगे। उन्होंने बताया कि रविवार को शक्ति केंद्र पर मन की बात कार्यक्रम सुनने के बाद जनप्रतिनिधि व मौजूद कार्यकर्ता मतदाता सूची का अवलोकन, सत्यापन और वाचन करेंगे। इसके बाद मतदाता सूची में नए मतदाताओं के साथ ही छूटे हुए वोटरों के नाम जुड़वाने,बूथ से किसी दूसरे स्थान पर जा चुके मतदाताओं के नाम कटवाने के लिए पार्टी की ओर से दो चरणों में 30 अक्टूबर से 5 नवंबर तथा 25 नवंबर से 3 दिसंबर तक घर-घर संपर्क अभियान संचालित किया जाएगा। घर घर संपर्क अभियान के दौरान 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले सभी नौजवानों के नाम मतदाता सूची में शामिल करा उन्हें मताधिकार दिलाएं और भाजपा से नव मतदाताओं के भावनात्मक रिश्ते जोड़ें। बैठक में प्रबोध मिश्रा,विनोद मिश्रा, जसविंदर सिंह,शिव पूजन, मनीष त्रिपाठी, नीरज भदौरिया आदि लोग मौजूद रहे।



# किसान करें तैयारी फसल बुवाई पूर्व बीज शोधन अवश्य करें नामक एडवाइजरी जारी

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.आनंद कुमार सिंह के निर्देश क्रम में कृषि विज्ञान केंद्र दिलीप नगर के मृदा वैज्ञानिक डॉ.खलील खान ने सोमवार को रबी फसलों की बुवाई के लिए किसान करें तैयारी फसल बुवाई पूर्व बीज शोधन अवश्य करें नामक एडवाइजरी जारी की। उन्होंने बताया कि रबी फसलों की बुवाई के समय कम तापमान तथा पकते समय शुष्क एवं गर्म वातावरण की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि इस समय बुवाई की हुई फसलों में कम सिंचाईयों आवश्यकता होती है। उन्होंने किसानो को रबी फसलो जैसे गेहूं, चना, मटर, मसूर, राई, सरसों,अलसी,कुसुम, मक्का एवं आलू इत्यादि फसलों की बुवाई पूर्व बीजों का शोधन करने की सलाह दी । जिससे रोग एवं कीटों का प्रबंधन हो सके और फसल गुणवत्ता परक पैदा हो।

# मेडिकल कॉलेज के स्त्री प्रसूति रोग विभाग में एचपीएलसी लैब का उद्घाटन

**गर्भवती महिलाओं में थैलेसीमिया की जांच करने के लिए लैब का किया गया उद्घाटन**

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के स्त्री प्रसूति रोग विभाग में सोमवार को एचपीएलसी लैब का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य डॉ. संजय काला और विभागाध्यक्ष डॉ. नीना गुप्ता द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. नीना गुप्ता ने बताया इस लैब के मध्यम से थैलेसीमिया जैसी अनुवंशिक बिमारी तथा अन्य हिमोगलोबीनोनोपैथी की जांचें मुफ्त होगी । उन्होंने बताया कि वर्तमान में भारत में थैलेसीमिया मेजर के लगभग एक से डेढ़ लाख बच्चे प्रतिवर्ष 10 से 15000 थैलेसीमिया मेजर के पैदा होते हैं तथा उपलब्ध उपचार में इन बच्चों को बार-बार खून चढ़ाना होता है जिससे अक्सर बच्चे आयरन ओवरलोड में भी चले जाते हैं। उन्हें पूर्ण रूप से ठीक होने के लिए बोन मैरो ट्रांसप्लांट जिसमें एचएलए समान हो अर्थात आईडेंटिकल दाता द्वारा ही किया जा सकता है जो की सामान्य स्थिति में लगभग असंभव उपचार है। उन्होंने बताया कि थैलेसीमिया ,सिकल सेल एनीमिया व अन्य हीमोग्लोबिनोपैथी की जांच व रोकथाम के लिए एनएचएम द्वारा गाइडलाइन बनाई गई है जिसमें प्रायमरी प्रीवेंशन में थैलेसीमिया के करियर की पहचान व कैरियर के बीच में शादी ना हो तथा सेकेंडरी प्रिवेंशन में थैलेसीमिया संभावित बच्चों के जन्म को रोकना है इसी के अंतर्गत विभाग में गर्भवती महिलाओं में थैलेसीमिया की जांच करने के लिए लैब का उद्घाटन किया गया है। उन्होंने बताया कि महिला व पति दोनो के थैलेसीमिया माइनर होने पर बच्चों में 25 फीसदी बच्चे थैलेसीमिया, मेजर 50 फीसदी कैरियर व 50 फीसदी सामान्य पाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि एनएचएम गाइडलाइन के अनुसार गर्भावस्था में कराई जाने वाली जांचें जैसे एचआईवी, हेपेटाइटिस बी, डायबिटीज, थाइरॉएड इत्यादि के साथ थैलेसीमिया की जांच भी कराया जाना चाहिए। कार्यक्रम मे डॉ.नीना गुप्ता, डॉ.रेनू गुप्ता,डॉ. शैली अग्रवाल , गरिमा गुप्ता और प्रतिमा वर्मा आदि मौजूद रहे।

# खुशहाल बेटियां खुशहाल समाज की दुर्गा प्रदर्शनी में बेटियों ने दिखाया अपना कौशल

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

शारदीय नवरात्रि के अंतिम दिन नवमी पर शिवाजी नगर स्थित शिवाजी पार्क में राष्ट्रीय स्तर की संस्था खुशहाल बेटियां खुशहाल समाज समिति और डीवाइन योगा स्टूडियो द्वारा दुर्गा प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। पूजा प्रदर्शनी में उन बच्चियों द्वारा स्टॉल लगाए गए थे जिन्हें समिति ने प्रशिक्षण दिया है। कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में सम्मिलित होकर सभी का मन मोह लिया गया। अलग-अलग वेशभूषा और परिधानों में बच्चों ने मंच पर फैंसी ड्रेस कंपटीशन में अपने-अपने अंदाज में अलग-अलग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान रेहान गुप्ता, अमायरा, विद्या, मानसी शुक्ला, शिवांशी साहू,प्रसिद्धि मिश्रा, नायरा, अनाहत, मायरा कौर, नायरा, वैभवी नायर बिंद्रा, जीविका वैभवी भट्ट प्रियांशु मिश्रा, मन्नत सैनी, दित्या दीक्षित, कयिष्का वर्मा, अवंतिका, विहान, अनुश्रिया, नत्या, स्वारित, मिशा, राध्या द्वारा प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया था। जिसमें प्रथम रेहान गुप्ता, दृतीय विहान, तीसरे नंबर पर सिवांशी साहू रही। मुख्य अतिथि के रूप में कानपुर के जिला जज प्रदीप कुमार उपस्थित रहे। समिति द्वारा जिला जज का सम्मान किया गया। फैंसी ड्रेस कंपटीशन में प्रतिभाग करने वाले बच्चों के साथ साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी लड़कियों को ज़िला जज प्रदीप कुमार सिंह के द्वारा पुरस्कृत किया गया उन्हें सर्टिफिकेट भी दिए गए। इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता अंकज मिश्रा, पूर्व भूदर नारायण मिश्र, एकता मिश्रा, आदि उपस्थित रहे।
























## इजराइली चेतावनी के बावजूद नॉर्थ गाजा लौटे लोगः गाजा में एक दिन में 400 मौतें, पहली बार गाजा में हमास लड़ाकों से भिड़े इजराइली सैनिक

# हमास का होगा द एंड!

* इजराइल-हमास संघर्ष में 6000 से ज्यादा हुई मौतें

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। तेल अवीव

इजराइल-हमास जंग का 17वां दिन हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ ने कहा है कि गाजा में चारों तरफ हो रही बमबारी के बीच लोग फिर से नॉर्थ गाजा लौटने लगे हैं। उन्हें इजराइल की उन चेतावनियों का डर नहीं है। दरअसल, इजराइल ने कहा था कि जो लोग नॉर्थ गाजा खाली नहीं करेंगे उन्हें भी आतंकी समझ लिया जाएगा। पिछले 24 घंटों में गाजा में की जा रही इजराइली बमबारी में 400 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। अलजजीरा के मुताबिक इजराइली सेना ने दक्षिणी गाजा में राफा और जबालिया कैंप समेत 25 जगहों पर भारी बमबारी की है। जबालिया से अब तक 30 लोगों के शव बरामद किए जा चुके हैं। मरने वालों में ज्यादातर महिलाएं और बच्चे हैं। वहीं, गाजा में रेड के लिए घुसे इजराइली सैनिकों की पहली बार हमास के लड़ाकों के साथ भिड़ंत हुई है। बंधक बनाए इजराइलियों को ढूंढ़ने के लिए घुसे सैनिकों पर हमास ने एंटी-टैंक मिसाइल्स फायर कीं। इस दौरान एक इजराइली सैनिक की मौत हो गई। हमास ने दावा किया है कि गाजा पट्टी में घुसे इजराइली सैनिक अपने टैंक और दूसरे मिलिट्री वाहन छोड़कर वापस भाग गए।



### गाजा में अब तक 19 जर्नलिस्ट्स की मौत

गाजा सिटी में रविवार को इजराइल की एयरस्ट्राइक में रोश्दी सैराज नाम के जर्नलिस्ट की मौत हो गई। 'न्यूयॉर्क टाइम्स' के मुताबिक- गाजा में 7 अक्टूबर के बाद से अब तक कुल 19 जर्नलिस्ट्स मारे गए हैं। ये सभी फिलिस्तीनी मूल के थे। 'कमेटी टु प्रोटेक्ट जर्नलिस्ट्स' ने भी सैराज के मारे जाने की पुष्टि की है। कुछ दिन पहले न्यूज एजेंसी 'रॉयटर्स' के एक वीडियो जर्नलिस्ट की मौत हो गई थी।

### इजराइल की निगाह हमास के पूरी तरह से खात्मे पर

7 अक्टूबर के हमले के बाद इजरायल लगातार हमास को खत्म कर देने की बात कह रहा है। इजरायल की सेना लगातार गाजा पट्टी में हवाई हमले कर रही है। सेना जल्दी ही जमीन पर भी अभियान शुरू करने जा रही है। इस सबके बीच इजरायल ने एक बड़ा कदम उठाया है। इजरायल ने इसके लिए स्पेशल स्ट्राइक फोर्स तैयार की है, जिसका मकसद 7 अक्टूबर के नरसंहार में शामिल हमास के 2,500 आतंकवादियों का पता लगाना और उन्हें खत्म करना है। इजरायल की सुरक्षा एजेंसी ने ये खास स्ट्राइक फोर्स बनाई है।

## 2024 में बीजेपी को सत्ता से हटाना सबसे बड़ी देशभक्ति : केजरीवाल

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

आगामी 5 राज्यों में विधानसभा चुनाव और 2024 लोकसभा चुनाव को देखते हुए आम आदमी पार्टी ने बीजेपी पर निशाना साधना शुरू कर दिया है। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा, भाजपा 2014 और 2019 में ऐतिहासिक वोटों से जीती, वे चाहते तो देश में प्रगति कर सकते थे मगर फेल हुए। ऐसे में अगले साल होने वाले चुनावों में हमें एक साथ आकर भाजपा को हराना है। 2024 में बीजेपी को सत्ता से हटाना सबसे बड़ी देशभक्ति होगी। पहले लोग कहते थे भाजपा के अलावा कोई विकल्प नहीं हैं लेकिन अब गठबंधन पर सबकी नजर बनी हुई है। आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने दिल्ली में पार्टी स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए आगे कहा, जब से अलायंस बना है, मुझे लोगों से कई मैसेज मिले हैं कि अगर गठबंधन बचा रहा तो 2024 में बीजेपी की सरकार नहीं बनेगी।

# सूरत में बना दुनिया का सबसे बड़ा डायमंड ट्रेडिंग हब

## हीरा बुर्स में आज होगा 983 ऑफिसेज का पूजन

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। अहमदाबाद

इंटरनेशनल डायमंड बिजनेस के लिए गुजरात के सूरत में बनाए गए डायमंड बुर्स अब तैयार हो चुका है। कल यानी कि मंगलवार को देश भर के दिग्गज हीरा कारोबारियों समेत 5000 लोगों की मौजूदगी में यहां 983 ऑफिसेज में कुंभ स्थापना होगी। हालांकि, इन ऑफिसेस में कामकाज 21 नवंबर से शुरू होगा। वहीं, इसका आधिकारिक उद्घाटन 17 दिसंबर को पीएम नरेंद्र मोदी के हाथों होगा। बता दें, सूरत डायमंड बुर्स विश्व का सबसे बड़ा डायमंड ट्रेडिंग हब होगा, जहां से डायमंड इम्पोर्ट और एक्सपोर्ट का काम होगा। शहर की मशहूर डायमंड कंपनी किरण जेम्स के वल्लभभाई ने बताया कि सूरत डायमंड बुर्स के उद्घाटन के दिन से ही वह मुंबई का अपना ट्रेडिंग ऑफिस बंद कर सूरत डायमंड बुर्स में कारोबार शुरू कर देंगे। उसके बाद यहीं से डायमंड इम्पोर्ट और एक्सपोर्ट का काम करेंगे। सूरत से डायमंड का व्यापार साउथ अफ्रीका, हॉन्गकांग, सिंगापुर, दुबई, अमेरिका, बेल्जियम सहित अन्य देशों से होता है।

### व्यापारी यहां से 2-3 फीसदी सस्ती दर पर हीरा बेच सकेंगे

डायमंड बुर्स के दिनेश नावड़िया की मानें तो सूरत में ट्रेडिंग ऑफिस शुरू करने से मुंबई में होने वाला एक्सेस खर्च कम होगा। सूरत के कारोबारी 2 से 3 फीसदी कम रेट में डायमंड बेच सकते हैं। सूरत डायमंड बुर्स के चेयरमैन सहित सभी पदाधिकारियों ने रविवार को पत्रकार वार्ता की। इसमें बताया कि दशहरा पर्व पर 983 ऑफिस में कुंभ स्थापना होगी। वहीं, 17 दिसंबर को पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा डायमंड बुर्स का उद्घाटन करने के बाद सभी ऑफिस शुरू कर दिए जाएंगे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# हरियाणा में शराब की बोतल और पेटी पर होगा क्यूआर कोड: उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला

जन एक्सप्रेस । गुरुग्राम/हरियाणा

हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए है कि राज्य में किसी सूरत में शराब पर लगने वाले टैक्स की चोरी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि डिस्टलरी से लेकर दुकान तक शराब की ट्रैकिंग होगी और प्रत्येक बोतल और पेटी पर क्यूआर कोड लगाया जाएगा। डिप्टी सीएम यहां आबकारी विभाग की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसा ऑनलाइन सिस्टम तैयार किया जाए जिससे कि डिस्टलरी में शराब का उत्पादन, स्टॉक, वाहन में रवानगी तथा दुकान तक पहुंचने और दुकान में बिक्री और स्टॉक का सारा डाटा दर्ज किया जा सके। विभाग द्वारा तैयार किए गए सिस्टम के ड्रॉफ्ट की समीक्षा करते हुए उन्होंने कुछ अन्य सूचनाएं ऑनलाइन करने के निर्देश दिए। शराब की प्रत्येक बोतल पर क्यूआर कोड अंकित किया जाए, इसके बाद पेटी पर अलग क्यूआर कोड होना चाहिए जिसके माध्यम से यह पता चल सके कि इसमें कौन-कौन से क्यूआर कोड की बोतलें हैं। विभाग के इस कदम से जहां शराब की तस्करी पर रोक लगेगी राज्य सरकार के राजस्व में बढ़ोतरी होगी। उपमुख्यमंत्री ने अवैध शराब पर अंकुश लगाकर अधिक से अधिक टैक्स में वृद्धि करने के निर्देश दिए ताकि उस से प्राप्त आय को प्रदेश के विकास में लगाया जा सके। मालूम हो कि गुडग़ांव दिल्ली एनसीआर हरियाणा का शराब का सबसे बड़ा हब है। गुडग़ांव से प्रतिवर्ष शराब की बिक्री से हजारों करोड़ का कर हरियाणा सरकार को मिलता है। जिसके मद्देनजर प्रदेश के डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला का यह निर्देश बड़ा अहम माना जा रहा है।



# देश की बड़ी ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी में तनाव, स्थिति मारपीट तक पहुंची

जन एक्सप्रेस । गुरुग्राम

साईबर सिटी के विभिन्न क्षेत्रों में बड़ी संख्या में ग्रुप हाउसिंग सोसायटी कार्यरत हैं, जो अपने सदस्यों को आवासीय सुविधाएं उपलब्ध करा रही हैं। कई सोसायटियों में गुटबाजी हावी है। जिससे सदस्यों में सदैव तनाव की स्थिति बनी रहती है सैक्टर 52 स्थित गुडलक ग्रुप हाउसिंग सोसायटी गुटबाजी का शिकार होती जा रही है। इस सोसायटी के पदाधिकारियों का चुनाव होना है। जिसकी कार्यवाही सहकारी समितियां के रजिस्टार ने शुरु कराई हुई है। इसी को लेकर गत दिवस बैठक का आयोजन किया गया, बैठक में दोनों पक्षों में ऐसी तनाव की स्थिति बनी कि मारपीट तक की नौबत आ गई। सदस्यों ने सोसायटी में रहने वाले भाजपा नेता शमशेर सिंह खडख़ड़ा व अनयों के खिलाफ क्षेत्र के पुलिस थाना में शिकायत भी दर्ज कराई है और सदस्यों ने उनके ऊपर मारपीट के आरोप लगाते हुए कार्यवाही करने की मांग की है। उधर शमशेर सिंह खडख़ड़ा का कहना है कि शिकायतकर्ता के आरोप निराधार व राजनीति से प्रेरित हैं। उनके प्रतिद्वंद्वी विधानसभा महम से संबंधित हैं। शिकायतकर्ता के पिता की सोसायटी में वोट है और उनकी वोट नहीं हैं। इसलिए उनका बैठक में आना गलत था। उन्होंने बैठक में बीच-बचाव कराया है। नहीं तो कोई अप्रिय घटना घटित हो सकती थी। उनका कहना है कि उन्होंने अपना फ्लैट किराए पर दे रखा है। उनका पुत्र अब आगे सोसायटी का चुनाव नहीं लड़ेगा। इसलिए उन्हें कोई मतलब नहीं है कि कौन प्रधान बने। शिकायतकर्ता मंदीप नैन का कहना है कि खडख़ड़ा दसवीर सिंह सोसायटी के प्रधान थे और उनकी कार्यकारिणी का कार्यकाल 19 अक्तूबर को समाप्त हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि फिर उन्होंने 21 अक्तूबर को सदस्यों की बैठक बुलाई। जिससे गुटबाजी के कारण हंगामा हो गया। उन्होंने शिकायत दी है कि कुछ लोगों के साथ मारपीट व जान से मारने की धमकी दी गई। रजिस्टार ने सोसायटी में चुनाव कराने की जिम्मेदारी सहकारी समिति के इंस्पेक्टर को दी हुई है और हिदायत दी गई है कि गुप्त मतदान कराया जाए। मतपत्र का प्रयोग होगा और मतदान की वीडियोग्राफी कराई जाए। शिकायतकर्ता ने मांग की है कि उसकी शिकायत पर कार्यवाही की जाए।

# निरीक्षण के दौरान सेक्टर 91,92 की दो सोसाइटियों के किए 88 हजार रुपये के चालान

जन एक्सप्रेस । गुरुग्राम

मानेसर नगर निगम की सेनिटेशन विंग ने सोमवार को निगम क्षेत्र की विभिन्न सोसाइटियों, गांवों में सफाई संबंधी कार्यों का औचक निरीक्षण किया। दो बल्क वेस्ट जेनरेटर्स (बीडब्ल्यूजी) सोसाइटियों में कूड़े के निष्पादन संबंधी कार्यों में खामियां मिली। खामियां मिलने पर इन दो सोसाइटियों के करीब 88 हजार रुपये के चालान किए। नगर निगम के सेनिटेशन ऑफिसर एमएस सोढ़ी की टीम ने निगम क्षेत्र के विभिन्न गांवों, आईएमटी क्षेत्र और सोसाइटियों का निरीक्षण किया। टीम ने सेक्टर-90,91,92, गांव कांकरौला, आईएमटी सेक्टर-3 आदि क्षेत्रों में निरीक्षण किया। जहां-जहां खामियां मिली,उन्हें दुरूस्त करने संबंधी आदेश सेनेटरी इंस्पेक्टर और सुपरवाइजर को दिए। इस दौरान उन्होंने पाया कि सेक्टर-90 स्थित वर्धमान ग्रीन कोर्ट और सेक्टर-92 स्थित अंसल हाइट्स सोसाइटियों में कूड़े का निष्पादन सही प्रकार से नहीं हो रहा है।

गीले और सूखे कूड़े को अलग-अलग करके नहीं डाला जा रहा है। गीले कूड़े से खाद बनाने के लिए यहां पर कंपोस्टिंग पीट या मशीन नहीं लगी हुई है। इसके अलावा कूड़े को खुले में डाला जा रहा है। इन सभी खामियों के चलते वर्धमान ग्रीन कोर्ट का 62 हजार रुपये और अंसल हाइट्स सोसाइटी का 25800 रुपये का चालान किया। टीम ने पाया कि सेक्टर-91 स्थित डीएलएफ न्यू टाउन हाइट्स सोसाइटी में कूड़े का निष्पादन सही प्रकार से किया जा रहा है। उन्होंने गांव कांकरौला और मानेसर सेक्टर-3 आदि इलाकों में निरीक्षण किया।



# ओमप्रकाश धनखड़ ने संगठन की मजबूती के लिए दिन-रात काम किया है और कर रहे हैं: नवीन गोयल

जन एक्सप्रेस । गुरुग्राम

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ का 63वां जन्मदिन पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा के प्रमुख एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत कमेटी के प्रदेश सह-संयोजक नवीन गोयल ने खास अंदाज में मनाया। उन्होंने अध्यक्ष के पैतृक गांव ढाकला जिला झज्जर में अपने साथियों के साथ 63 आयुर्वेदिक पेड़ लगाए। इसके बाद हसनपुर गांव में हजारों कार्यकर्ताओं के बीच प्रदेश अध्यक्ष ने जन्मदिन सेलिब्रेट किया। नवीन गोयल ने अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ को स्मृति चिन्ह के रूप में स्टेच्यू ऑफ यूनिटी भेंट किया। पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा के प्रमुख नवीन गोयल, एनजीओ सैल भाजपा के प्रदेश सह-संयोजक डा. डीपी गोयल साथियों के साथ धनकोट गांव में एकत्रित हुए। वहां सभी को प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ के जन्मदिन की बधाई देते हुए इस दिन को यादगार बनाने के लिए सभी को प्रेरित किया। इसके बाद काफिले के रूप में प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ के पैतृक गांव ढाकला जिला झज्जर के लिए रवाना हुए। वहां अध्यक्ष को जन्मदिन की शुभकामनाएं देने के साथ गांव में उनकी उम्र के बराबर यानी 63 साल के हुए प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ के सम्मान में 63 आयुर्वेदिक पेड़ लगाए गए। यहां से सभी कार्यकर्ता गांव हसनपुर में पहुंचे, जहां प्रदेश अध्यक्ष के जन्मदिन का भव्य समारोह आयोजित किया गया। ओमप्रकाश धनखड़ ने मंच पर सिर झुकाकर पूरी आत्मीयता के साथ कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया गया। नवीन गोयल ने कहा कि अध्यक्ष बनने के बाद ओमप्रकाश धनखड़ ने संगठन की मजबूती के लिए दिन-रात काम किया है और कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में हरियाणा में लाखों नये कार्यकर्ता, अन्य राजनीतिक दलों के नेता भारतीय जनता पार्टी से जुड़े हैं। राज्य स्तर से लेकर बूथ स्तर तक कार्यकर्ता बनाकर उन्होंने पार्टी की राजनीतिक जमीन को मजबूत किया है।

पार्टी में पर्यावरण संरक्षण विभाग का दायित्व संभाल रहे नवीन गोयल ने कहा कि अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ के जन्मदिन की खुशी मनाने के साथ इसे यादगार बनाने के लिए उनके गांव ढाकला में साथियों के साथ मिलकर 63 पेड़ लगाए हैं। उनके मार्गदर्शन में ही पर्यावरण संरक्षण विभाग काम कर रहा है। हर अवसर पर हमें पर्यावरण के प्रति जरूर काम करना चाहिए। पर्यावरण संरक्षण हम सबकी जिम्मेदारी है। हम सबकी स्वच्छ पर्यावरण जरूरत है। प्रदेश अध्यक्ष की लंबी उम्र की कामना करते हुए नवीन गोयल ने कहा कि जो पेड़ गांव में लगाए गए हैं, कार्यकर्ता उनकी संभाल करेंगे। इसके लिए जिम्मेदारी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि एक-एक पेड़ हमारे लिए कीमती होता है। पेड़ के बड़ा होने तक हमें उसको संभालना होता है, ताकि हम और हमारी आने वाली पीढिय़ां इन पेड़ों की छाया में बैठ सकें। एक-एक पेड़ कीमती होती है। नए पेड़ लगाने के साथ हमें पुराने पेड़ों का संरक्षण करना चाहिए। प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पुराने पेड़ों के संरक्षण के लिए बुजुर्ग व्यक्तियों की तरह पुराने पेड़ों की पेंशन स्कीम लागू की है।



# राष्ट्रीय स्तर का सरस मेला, 26 अक्टूबर से 11 नवंबर तक किया जाएगा आयोजित

जन एक्सप्रेस । गुरुग्राम

गुरूग्राम जिला में राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान के सहयोग से राष्ट्रीय स्तर के सरस आजीविका मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला 26 अक्टूबर से 11 नवंबर तक सैक्टर-29 स्थित लेजरवैली ग्राउंड में लगाया जाएगा जहां पर देश के 28 राज्यों से आई स्वयं सहायता समूह की 800 दीदी अपनी कला एवं संस्कृति से जुड़े हस्तनिर्मित उत्पादों की स्टॉल लगाएंगी। खाने पीने के शौकीन लोगों के लिए अलग-2 राज्यों के लाइव फूड स्टॉल अलग से लगाएं जाएंगे। इस मेले में आने वाले लोगों को मिनी भारत के दर्शन होंगे, जहां पर अलग-2 राज्यों के लोकप्रिय उत्पादों के अलावा स्वादिष्ट व्यंजन मिलेंगे और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से वहां की संस्कृति को जानने व समझने का पूरा अवसर मिलेगा।



मेला प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से लेकर सांय 9:30 बजे तक खुला रहेगा। केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय की संयुक्त सचिव स्वाति शर्मा ने गुरूग्राम के लोक निर्माण विश्राम गृह में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में सरस मेले की रूपरेखा के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन में अभी देश की कुल 9.7 करोड़ महिलाएं जुड़ी हैं। जिसे जल्द ही 10 करोड़ की संख्या के पार ले जाने का लक्ष्य है। स्वाति शर्मा ने बताया कि मेले में अलग-2 राज्यों से 800 से अधिक महिलाएं भाग लेंगी। मेले में लखपति दीदी का पवेलियन लगाया जायेगा जिससे ग्रामीण स्वयं सहायता समूहों की अन्य महिलाओं को प्रेरणा मिलेगी।

## अलग-अलग राज्यों के लोकप्रिय व्यंजनों का मेले में ले सकेंगे जायका

सरस आजीविका मेले में खाने पीने के शौकीन लोगों के लिए इंतजाम किए जाएंगे। यहां पहुंचकर लोग देशभर के अलग-2 राज्यों के स्वादिष्ट व्यंजनों का जायका ले सकते हैं और इन्हें मौके पर महिलाएं अपने हाथों से बनाएंगी। हर राज्य द्वारा अपने -2 प्रदेश के व्यंजनों की फूड स्टॉल लगाई जाएंगी जहां लोग अपनी पंसद के अनुसार खाना खा सकेंगे। सरस मेले में लोगों के मनोरंजन का पूरा ध्यान रखा गया है। इस मेले में देशभर से आए कलाकारों द्वारा अपने राज्य से जुड़ी सभ्यता व संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। मेले में बच्चों के खेलकूद व मनोरंजन के लिए संसाधन मौजूद रहेंगे। उत्तर प्रदेश की सरोजनी व गुरूग्राम जिला के गांव ढाणी चित्रसेन की नीलम व साढ़राणा की आशा ने बताया कि कैसे विपरीत परिस्थितियों में सरकारी योजनाओं का लाभ लेते हुए स्वयं सहायता समूह बनाकर आज वे एक सफल उद्यमी के तौर पर अपने परिवार का भरण पोषण कर रही हैं। प्रेस वार्ता में राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान से सहायक निदेशक चिरंजी लाल कटारिया व ग्रामीण विकास मंत्रालय के अवर सचिव विनोद शर्मा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की जिला प्रबंधक दीप्ति सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# पंडित मांगेराम शर्मा अद्भुत थे ब्राह्मणों के नायक थे: पूर्व शिक्षा मंत्री राम बिलास शर्मा

जन एक्सप्रेस । गुरुग्राम

गांव सिलोखरा के समाजसेवी, अखिल भारतवर्षीय चौरासिया ब्राहमण सभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष मांगेराम शर्मा, हरियाणा के पूर्व शिक्षामंत्री राम बिलास शर्मा आदि तमाम लोगों ने ब्राहमण शिरोमणि पंडित मांगेराम शर्मा को श्रद्धांजलि दी है। सेक्टर 29 जिमखाना क्लब में ब्राहमण शिरोमणि पंडित मांगेराम शर्मा की रस्मपगड़ी श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया था। जिसमें दिल्ली, हरियाणा, गुडग़ांव अन्य प्रांतों के ब्राहमण समाज के लोग व अन्य लोग ब्राहमण शिरोमणि पंडित मांगेराम शर्मा के रस्मपगड़ी श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए। जिन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की। गांव सिलोखरा के समाजसेवी, अखिल भारत वर्षीय चौरासिया ब्राहमण सभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष मांगेराम शर्मा ने श्रद्धांजलि सभा में कहा कि ब्राहमण शिरोमणि पंडित मांगेराम शर्मा ने देश के ब्राहमणों को राह दिखाई। देश से लेकर दुनियां भर में ब्राहमणों से सम्मान से जीने का बल प्रदान किया। ब्राहमणों को संगठित करने के लिए देश से लेकर विदेश तक तमाम ब्राहमण सभा की। पंडित मांगेराम शर्मा के निधन से ब्राहमण समाज को बड़ी क्षति हुई है। प्रदेश के वरिष्ठ बीजेपी नेता, पूर्व शिक्षामंत्री राम बिलास शर्मा ने कहा कि पंडित मांगेराम शर्मा अद्भुत थे। ब्राहमणों के नायक थे।



# राम नाम के सहारे जिंदगी की सारी मुराद पूरी हो जाती है: पंकज डावर

जन एक्सप्रेस । गुरुग्राम

गुरुग्राम मदनपुरी में 49 वर्ष से लगातार बाल सुखसागर रामलीला कमेटी रामलीला करवा रही है। इस क्षेत्र में रामलीला की यह सबसे पुरानी कमेटी है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पंकज डावर के साथ कांग्रेस के लोकसभा युवा सोशल मीडिया कॉडिनेटर मनोज आहूजा,स्वर्णकार बिरादरी के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुनील प्रकाश वर्मा, युवा नेता रमन वर्मा रामलील के मंच पर पहुंचे जिनका कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। मालूम हो कि गुडग़ांव में पंकज डावर एक बड़ा नाम है जो कांग्रेस के वरिष्ठ नेता होने के साथ समाजसेवी और कई संस्थाओं से जुड़े हुए हैं। कुछ सालों में अपनी अथक मेहनत के कारण पंकज डावर गुडग़ांव में एक बड़े पंजाबी कांग्रेस नेता के रूप में उभरे हैं। पंकज डावर को गुडग़ांव में कांग्रेस की तरफ से विधानसभा टिकट का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। इस मौके पर पंकज डावर द्वारा राम के नाम का जाप किया गया, राम के नाम के जाप के दौरान पूरा पंडाल राम के नाम पर गुंजाय मान हो उठा। पंकज डावर ने कहा कि मदनपुरी और आस-पास के सभी वरिष्ठ नागरिकों के सहयोग से बीते 49 वर्ष से यह रामलीला लगातार हो रही है। इस वर्ष सभी कमेटी पदाधिकारियों ने निर्णय लिया है कि 50वें वर्ष मदनपुरी की रामलीला बहुत बड़े स्तर पर की जाए। इस मौके पर कमेटी के प्रधान सतीश चावला, उप प्रधान राजेश वर्मा, जनरल सेक्रेटरी तरनजीत सिंह, सेक्रेटरी आशू आहूजा, कैशियर तरूण खुराना तथा कमेटी के अन्य पदाधिकारियों में शंकर खत्री, कपिल अरोड़ा, सुभाष सचदेवा, राजकुमार खुराना, अर्जुन देव, सदानन्द शर्मा समेत अन्य सदस्यगण मौजूद रहे।



# सनातन संस्कृति से जुड़े ग्रंथों का करें अध्ययन, मिलता है ज्ञान: मुकेश शर्मा पहलवान

जन एक्सप्रेस । गुरुग्राम

नवरात्र के उपलक्ष्य में धर्मप्रेमियों द्वारा अशोक विहार फेस 3 क्षेत्र स्थित छोटूराम चौक के निकट माता रानी का संकीर्तन आयोजित किया गया, जिसमें भाजपा के वरिष्ठ नेता व प्रमुख समाजसेवी मुकेश शर्मा पहलवान बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। वहां पहुंचने पर आयोजकों ने उनका जोरदार स्वागत किया।

मुकेश शर्मा ने माता रानी से आशीर्वाद प्राप्त किया और सभी के सुख-शांति की कामना की। भाजपा के वरिष्ठ नेता व प्रमुख समाजसेवी मुकेश शर्मा पहलवान ने कहा कि भारतीय संस्कृति में जितने पर्व हैं, वे न केवल भाईचारे का संदेश देते हैं, बल्कि सशक्तिकरण को बढ़ावा देने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि नवरात्र मां दुर्गा के 9 स्वरुपों को समर्पित हैं। ये 9 स्वरुप हमें 9 संदेश देने का काम करते हैं। मां दुर्गा ने राक्षसों का विनाश किया था। शिव पुराण में इन दुर्गाओं के उत्पन्न होने की कथा का वर्णन आता है कि किस प्रकार से हिमालय राज की पुत्री पार्वती ने अपने भक्तों को सुरक्षित रखने के लिए तथा धरती आकाश पाताल में सुख शान्ति स्थापित करने के लिए दानवों राक्षसों और आतंक फैलाने वाले तत्वों को नष्ट करने की प्रतीज्ञा की। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे धार्मिक कार्यक्रमों में अवश्य शामिल हों और सनातन धर्म से संबंधित ग्रंथों का अध्ययन करें। इनसे हमें अपनी संस्कृति का ज्ञान प्राप्त होता है और कठिनाईयों से लडने् का बल मिलता है।

